3 | राजधानी
दो साल बाद आई स्कूलों में रौनक

6 | अभिमत
रेल दुर्घटनाओं के मूल कारण

10 | विदेश
चीन ने यूक्रेन युद्ध के लिए अमेरिका पर ठीकरा फोड़ा

11 | प्रादेशिकी
आरेडिका ने फिर रचा कीर्तिमान

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 144
नई दिल्ली, शनिवार, 2 अप्रैल, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



नाओमी ओसाका मियामी ओपन के फाइनल में
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# मोदी ने किया यूक्रेन संकट हल करने का आह्वान

- रूसी विदेश मंत्री सर्गेई ने स्थिति के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से दी जानकारी
- एस जयशंकर के साथ बैठक में भारत के मध्यस्थता के प्रस्ताव का किया समर्थन
- रूसी मंत्री ने कहा भारत जो कुछ खरीदना चाहता है, वह देंगे, रुपया रूबल में होगा लेन-देन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और भारत दौरे पर आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच शुक्रवार शाम को मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने यूक्रेन के हालात पर विस्तार से बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि मोदी ने हिंसा को समाप्त करने का आह्वान किया, जबकि 40 मिनट तक चली बैठक में लावरोव ने उन्हें शांति वार्ता समेत यूक्रेन की स्थिति के बारे में विस्तार से बताया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और उनके भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के बीच रूस-यूक्रेन संघर्ष पर एक दिन पहले व्यापक चर्चा के बाद लावरोव की पीएम मोदी के साथ यह बैठक हुई है।

रूस के विदेश मंत्री के साथ मोदी की बैठक महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने पिछले दो हफ्तों के दौरान भारत दौरे पर आए ब्रिटेन, चीन, ऑस्ट्रिया, ग्रीस और मैक्सिको सहित किसी भी अन्य मंत्री से मुलाकात नहीं की है। प्रेस बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने हिंसा की जल्द समाप्ति के लिए अपने आह्वान को दोहराया और शांति प्रयासों में किसी भी तरह से योगदान करने के लिए भारत की तत्परता से अवगत कराया। इससे पहले, भारत ने यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करने के लिए निरंतर बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने का आह्वान किया, जबकि रूस ने एक स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करने के लिए भारत की प्रशंसा की और वादा किया कि रूस से भारत जो कुछ भी खरीदना चाहता है, उसकी आपूर्ति की जाएगी। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और उनके भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के बीच शुक्रवार को कई मुद्दों पर चर्चा हुई और दोनों देशों ने संबंध और मजबूत करने पर जोर दिया।

भारत अब तक यूक्रेन संकट के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में रूस के खिलाफ मतदान से दूर रहा है। वार्ता में अपनी शुरुआती टिप्पणी में जयशंकर ने कहा कि यह बैठक महामारी के अलावा अन्य अंतरराष्ट्रीय पर बने मुश्किल भरे माहौल में हो रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत हमेशा बातचीत और कूटनीति के माध्यम से मतभेदों और विवादों को हल करने के पक्ष में रहा है। रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने कहा कि अतीत में कठिन समय में भी भारत और रूस के संबंध बहुत टिकाऊ रहे हैं। अब भी उन्हें निरंतर आपसी सहयोग के बारे में तनिक भी संदेह नहीं है। भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना रूस की विदेश नीति की प्रमुख प्राथमिकता रही है। मास्को और कीव के बीच भारत के मध्यस्थ बनने की ( शेष पेज 8 )

## रूस में बढ़ी भारतीय उत्पादों की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रूस** एवं यूक्रेन के बीच जारी युद्ध और अनेक देशों द्वारा रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वहां भारतीय सामानों की मांग तेजी से बढ़ी है। रूस के बाजार में अपनी पैठ बनाने के लिए भारत के पास यह बेहतर अवसर है। वर्तमान हालात के बीच कंफेडरशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) से रूस के अनेक व्यापारिक संस्थानों ने भारतीय सामान के लिए संपर्क किया है, वहीं भारत के व्यापारी भी रूस को भारतीय उत्पादों का निर्यात करने के लिए बेहद इच्छुक है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया की रूस में भारतीय उत्पादों की मांग बहुत तेजी से बढ़ी है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में फ्रूट जैम एवं जैली, कॉर्नफ्लेक्स, मूसली, चाय, काफी पाउडर, चीनी, नमक एवं काली मिर्च के पाउच, मिल्क पाउडर, फल, सब्जी, चीज, पास्ता का सामान, मक्खन, फ्रूट ड्रिंक, सूप का सामान, मसाले, शहद, बिस्किट्स, अचार, फ्रोजन स्नेक्स, खाद्यान्न, केचप, ओट, रेडीमेड खाना, ब्रेड, चावल, बीन्स, कॉर्नफ्लोर पाउडर, सूप स्टिक्स, आलू के चिप्स आदि के सामान की विभिन्न पैकिंग में तुरंत आवश्यकता है। अप्रैल 2020 से मार्च 2021 में भारत एवं रूस के बीच कुल 8.1 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ जिसमें भारत से रूस को निर्यात 2.6 बिलियन डॉलर का था वहीं रूस से आयात 5.48 बिलियन डॉलर का था।

वर्तमान अवसर का सदुपयोग कर लेते हैं, तो भारत से रूस को निर्यात का आंकड़ा तेजी से बढ़ा सकते हैं। भरतिया एवं खंडेलवाल ने बताया कि रूस ने अपने कुछ गिने चुने बैंकों को रूस में आयात होने वाले सामान के भुगतान के लिए विशेष रूप से अधिकृत किया है तथा सभी सामान का भुगतान डॉलर के स्थान पर रूस की करेंसी रूबल से किया जाएगा। कैट इस मामले में भारतीय निर्माताओं ( शेष पेज 8 )

# कहीं नहीं जा रहे नीतीश कार्यकाल करेंगे पूरा

**भाषा।** पटना



**बिहार** के जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर विचार करने को अफवाह और शरारत भरी हरकत बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह सच्चाई से बहुत दूर है।मुख्यमंत्री के विश्वासपात्र माने जाने वाले संजय कुमार झा ने ट्वीट कर कहा, मैं इस अफवाह से हैरान हूं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा जाने पर विचार कर रहे हैं, यह शरारत और सच्चाई से बहुत दूर है।

उन्होंने कहा, श्री कुमार के पास बिहार की सेवा करने का जनादेश है, और मुख्यमंत्री के रूप में पूरे कार्यकाल तक वह सेवा करना जारी रखेंगे। वह कहीं नहीं जा रहे हैं। संजय ने कहा, नीतीश कुमार 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए का चेहरा थे और लोगों ने इस गठबंधन को सत्ता में बनाए रखने के लिए वोट किया। उन्होंने कहा, लोगों की सेवा करने की उनकी (नीतीश की) अटूट प्रतिबद्धता और बिहार को बदलने की क्षमता पुनीत है। मैं सभी से इस तरह के दुष्प्रचार से दूर रहने का आग्रह करता हूं, इससे कोई लाभ नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि कुछ पत्रकारों के साथ एक अनौपचारिक बातचीत के दौरान नीतीश ने कथित तौर पर राज्यसभा के संदर्भ में अपनी अधूरी इच्छा को लेकर टिप्पणी की थी। पत्रकारों ने उनसे हाल ही में अपने पुराने संसदीय क्षेत्र का दौरा किए जाने को लेकर पूछा था। पत्रकारों ने मजाकिया लहजे में पूछा था कि क्या नीतीश की फिर से संसदीय चुनाव लड़ने की योजना है?मीडिया का एक वर्ग द्वारा ऐसी खबरें चलाई जा रही थीं कि जदयू नेता एक शीर्ष संवैधानिक पद के लिए दिल्ली जा सकते हैं।

नीतीश कुमार 2005 से बिहार में सत्ता में हैं और सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री बने रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि वह राज्य में एक नए सत्ता हस्तानांतरण के फार्मूले के लिए सहमत हो सकते हैं, जहां भाजपा को अपना मुख्यमंत्री बनाने की अनुमति दी जा सकती है। भाजपा ने 2020 के विधानसभा चुनावों में जद(यू) से कहीं अधिक सीट जीती हैं। वेंकैया नायडू के कार्यकाल की समाप्ति के बाद उपराष्ट्रपति पद के लिए नीतीश कुमार के भाजपा की पसंद के रूप में उभरने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने बृहस्पतिवार को कहा था, अच्छा ही रहेगा ना।

## प्रथम शैलपुत्री



**वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।**
**वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम॥**

मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के वहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। यही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 59,276 | ↑ 708 | |
| निफ्टी | 17,670 | ↑ 205 | |
| सोना | 51,812 | ↑ 100 | /10g |
| चांदी | 67,047 | ↓ 252 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मुठभेड़, एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर में शोपियां जिले के तुर्कवांगम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर घेराबंदी की और फिर तलाश अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि जब तलाशी दल संदिग्ध ठिकाने की ओर बढ़ने लगा तब छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्वाई की व दोनों पक्षों में मुठभेड़ शुरू हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जिसका शव मौके से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि आतंकवादी की पहचान शोपिया के ताक मोहल्ला के निवासी मुनीब अहमद शेख के रूप में हुई है जिसका संबंध लश्कर-ए-तैयबा से था।

## निगम एकीकरण संघीय ढांचे की भावना के खिलाफ: गोयल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**लोकसभा** में दिल्ली के तीनों नगर निगमों के एकीकरण संबंधी विधेयक पारित किए जाने के कुछ ही दिनों बाद दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि स्थानीय निकायों के मामले में हस्तक्षेप भारतीय संविधान की मूल भावना और संघीय ढांचे के खिलाफ है। बजट के बाद हुए संवाददाता सम्मेलन में गोयल ने कहा कि पूर्ववर्ती दिल्ली नगर निगम को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बांटा गया था। विस अध्यक्ष होने के नाते उनका अपना प्रोटोकॉल है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि यह कदम (एकीकरण) चुनाव (स्थानीय निकाय की) में देरी करने के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि देश का इतिहास गवाह है कि जिस भी पार्टी ने चुनाव में देरी का प्रयास किया है उसे, उसके दुष्परिणाम भुगतने पड़े हैं।

# आम लोगों के लिए रमजान में पूरी तरह खुलेगा मरकज

- परिसर में कोई तबलीगी गतिविधि या तकरीर नहीं होगी, सिर्फ इबादत की जा सकेगी: हाईकोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को निजामुद्दीन मरकज के उन हिस्सों को दोबारा खोलने की अनुमति दे दी जहां कोविड-19 महामारी के बीच मार्च 2020 में तबलीगी जमात का समागम हुआ था और तब से यह बंद था। अदालत के इस फैसले के बाद रमजान के महीने में वहां इबादत की जा सकेगी।

रमजान के महीने में मरकज स्थित मस्जिद को खोलने के लिए दिल्ली वक्फ बोर्ड की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने स्पष्ट किया कि परिसर में कोई तबलीगी गतिविधि या तकरीर नहीं होगी और केवल इबादत की जा सकेगी। अदालत ने आदेश में कहा कि यह निर्देश दिया जाता है कि रमजान के दौरान मस्जिद बंगले वाली के भूतल और चौथी मंजिल पर नमाज तथा इबादत की अनुमति होगी। यह व्यवस्था केवल रमजान के एक महीने के लिए है जिसका समापन ईद उल फित्र के साथ होगा। इसने कहा, धार्मिक इबादत और नमाज की अनुमति है, लेकिन तबलीगी गतिविधि की नहीं।

इबादत की जा सकती है लेकिन तकरीर नहीं। अदालत ने कहा कि तात्कालिक अनुमति 16 मार्च के आदेश की निरंतरता में है जिसमें शब-ए-बरात के लिए मरकज को दोबारा खोलने के लिए कई शर्तें लगाई गई थीं। इसने इसके साथ ही परिसर के प्रवेश, निकास और प्रत्येक मंजिल की सीढ़ियों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का ( शेष पेज 8 )

## इमरान ने लगाए भारत का समर्थन करने वाले देश पर साजिश के आरोप

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर रविवार को होने वाले मतदान से पहले, शुक्रवार को कहा कि भारत का समर्थन करने वाला एक शक्तिशाली देश राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के लिए उनकी हाल की रूस यात्रा के कारण पाकिस्तान से नाराज है। इस्लामाबाद सुरक्षा संवाद (आईएसडी) को संबोधित करते हुए, खान ने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वतंत्र विदेश नीति देश के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपनी चरम क्षमता को नहीं छू सकता है, इसका कारण अन्य शक्तिशाली देशों पर निर्भरता सिंड्रोम है। उन्होंने कहा, एक स्वतंत्र विदेश नीति के बिना कोई भी देश अपने लोगों के हितों को सुरक्षित करने में असमर्थ रहता है। खान ने कहा कि विदेशी सहायता के बदले अन्य देशों की इच्छा के आगे झुकने से अधिक महत्वपूर्ण देश के हितों को ऊंचा रखते हुए स्वतंत्र निर्णय लेना ( शेष पेज 8 )

# पुराने संबंधों को मजबूत करने भारत पहुंचे देउबा



**भाषा।** नई दिल्ली

**नेपाल** के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने शुक्रवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय का दौरा कर पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा और अन्य नेताओं से मुलाकात की। देउबा तीन दिवसीय भारत दौरे पर हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है।

सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं ने अपनी पार्टियों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने दोनों पड़ोसियों के बीच ऐतिहासिक संबंधों पर भी चर्चा की। नड्डा और भाजपा के विदेशी मामलों के प्रकोष्ठ के प्रमुख विजय चौथाईवाले सहित अन्य लोगों ने देउबा का स्वागत किया। इस बीच शेर बहादुर देउबा के तीन दिवसीय दौरे पर भारत रवाना होने के बाद शुक्रवार को नेपाल के गृह मंत्री बाल कृष्ण खंड को कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी दी गई ।राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने प्रधानमंत्री देउबा की सिफारिश पर गृह मंत्री खंड को उनकी अनुपस्थिति में कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया। गृहमंत्री ( शेष पेज 8 )

## उप्र में सौ दिन में दस हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में पुलिस विभाग में 100 दिनों में कम से कम 10,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद गृह विभाग के बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश शासन ने पुलिस विभाग की विभिन्न इकाइयों-साइबर क्राइम, फॉरेंसिक साइंस, सोशल मीडिया, विशेष कार्यबल (एसटीएफ), आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) आदि के लिए लगभग 5381 सृजित पदों को भरने की मंजूरी प्रदान की गई है। योगी आदित्यनाथ सरकार की दूसरी पारी की शुरूआत के साथ ही विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक करके शासन को चुस्त दुरूस्त करने के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशानिर्देश दे रहे हैं। अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस बल में आवश्यकतानुसार जनशक्ति की उपलब्ध्ता सुनिश्चित करने तथा पुलिस प्रशासन को और अधिक बेहतर बनाने हेतु नए पदों को भी मंजूरी मिलनी प्रारम्भ हो गई है। उन्होंने कहा कि इसका असर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाए जाने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण में पड़ेगा। अवस्थी ने बताया कि उक्त 5381 पदों में राजपत्रित श्रेणी के 86 व अराजपत्रित श्रेणी के 5295 पद हैं। राजपत्रित श्रेणी में अपर पुलिस महानिदेशक के 3, पुलिस महानिरीक्षक के 3, पुलिस उपमहानिरीक्षक के 6, पुलिस अधीक्षक के 32, अपर पुलिस अधीक्षक के 7, संयुक्त निदेशक अभियोजन का। एवं पुलिस उपाधीक्षक के 35 पद शामिल हैं। गृह विभाग द्वारा जारी बयान के मुताबिक अपर पुलिस महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक के 3-3 पद पुलिस उपमहानिरीक्षक के 6 पद पुलिस कमिश्नरेट के जनपदों हेतु सृजित किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के 32 पदों मे से। पद एटीएस हेतु, 17 पद लखनऊ/गौतमबुद्धनगर ( शेष पेज 8 )

# बोर्ड परीक्षा को पर्व की तरह लें छात्र: प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों से तनाव छोड़ सफलता के लिए प्रयास करने को कहा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को छात्रों से संवाद करते हुए उन्होंने छात्रों को परीक्षा को त्योहारों के तौर पर लेने और तनाव छोड़कर सहज भाव से मेहनत कर सफलता के सूत्र दिए। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा देने वाले युवाओं से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें यह समझना चाहिए कि परीक्षा जीवन का एक सहज हिस्सा है, आप लोगों ने पहले भी परीक्षाओं में सफलता हासिल की है। मोदी ने अभिभावकों व शिक्षकों से अपने सपने व अपनी आकांक्षाएं बच्चों पर न थोपने की सलाह दी।

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में परीक्षा पे चर्चा के पांचवें संस्करण के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी कोई अभिशाप नहीं है बल्कि इसका प्रभावी तरीके से उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मेरा पसंदीदा कार्यक्रम है, लेकिन कोविड के कारण मैं आपसे नहीं मिल सका था। इससे मुझे काफी खुशी मिल रही है, क्योंकि मैं लंबे समय के बाद आपसे मिल रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा को एक अवसर के रूप में लेना चाहिए और इससे प्राप्त ज्ञान का क्रियान्वयन ऑफलाइन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऐसा तो नहीं है कि आप पहली बार परीक्षा दे रहे हैं। आप लोगों ने कई बार परीक्षाएं दी हैं। परीक्षा जीवन का एक सहज हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति




का देश के हर वर्ग ने तहे दिल से स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि 20वीं सदी की नीतियों को लेकर 21वीं सदी का निर्माण नहीं किया जा सकता। 21वीं सदी के अनुकूल सारी नीतियों को ढालना होगा। प्रधानमंत्री से एक छात्र ने पूछा कि बोर्ड परीक्षाओं और कॉलेज दाखिले में बदलावों के मद्देनजर उन्हें कैसे तैयारी करनी चाहिए, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा को जीवन के सबसे बड़े ( शेष पेज 8 )

## राज्यसभा में भाजपा ने लगाया शतक

- वर्ष 1990 के बाद उच्च सदन में सौ का आंकड़ा छूने वाली पहली पार्टी बनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** चुनावों में असम, त्रिपुरा और नागलैंड में एक-एक सीटों पर जीत हासिल करने के के साथ ही भाजपा ने उच्च सदन में सांसद सदस्यों का शतक लगा दिया है। वर्ष 1990 के बाद 100 के आंकड़े पार करने वाली भाजपा पहली पार्टी बन गई है। राज्यसभा चुनाव नतीजे अधिसूचित होने के बाद, भाजपा का आंकड़ा आधिकारिक रूप से इस ऐतहासिक 100 की संख्या पर पहुंच जाएगा। लेकिन इस आंकड़े पर भाजपा कुछ समय तक ही बने रहने की संभावना है। दरअसल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान और झारखंड में राज्यसभा की सीटों के लिए चुनाव होने के बाद उच्च सदन में भाजपा सदस्यों की संख्या में कमी आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश से भाजपा को मिलने वाला संभावित फायदा क्या इस नुकसान की भरपाई कर पाएगा, यह आने वाला समय पर निर्भर है। राज्य से राज्यसभा की 11 संभावित रिक्तियों में पार्टी कम से कम आठ पर जीत हासिल कर सकती है। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के ( शेष पेज 8 )

# पंचशील बिल्डर के प्रोजेक्ट से जुड़े 1300 फ्लैट खरीदारों को जल्द मिलेगा आवास



● प्राधिकरण को केंद्र सरकार ने भेजे 39.42 करोड़ रुपए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पंचशील बिल्डटेक के 1300 फ्लैट खरीदारों और प्राधिकरण के लिए राहत की खबर है। एसबीआई कैप ने पंचशील बिल्डटेक के लिए दूसरी किस्त भी जारी कर दी है। इससे प्रोजेक्ट को पूरा करने में और तेजी आएगी। साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को भी बकाया किस्त के 39.42 करोड़ रुपये मिले हैं।

पंचशील बिल्डटेक के लिए स्ट्रेस फंड से करीब 249 करोड़ रुपये स्वीकृति हुए थे, जिसमें अब दूसरी किस्त जारी की गई है। इसकी पहली किस्त सितंबर में ही जारी हो चुकी है। ग्रेटर नोएडा में स्ट्रेस फंड से वित्तीय सहायता पाने वाला यह दूसरा प्रोजेक्ट है। इससे पहले कैपिटल एथेना प्रोजेक्ट को वित्तीय सहायता करीब 165 करोड़ रुपये मिल रही हैं।

पैसों की कमी के चलते पंचशील बिल्डटेक अपने प्रोजेक्ट को पूरा नहीं कर पा रहा था। इसमें करीब 1300 फ्लैट खरीदारों ने अपनी गाढ़ी कमाई लगा रखी है। फ्लैट खरीदारों को उनका आशियाना दिलाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी कोशिश की और पंचशील बिल्डटेक को स्ट्रेस फंड से 249 करोड़ रुपये वित्तीय सहायता स्वीकृत हो गई। इस पैसे से बिल्डर अधूरी परियोजना को पूरा कर रहा है और प्राधिकरण को भी अपनी बकाया किस्त प्राप्त होने लगी है। प्राधिकरण के ओएसडी बिल्डर सेल संतोष कुमार ने बताया कि इस प्रोजेक्ट पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का करीब 135 करोड़ रुपये बकाया है। यह रकम चार किस्तों में मिलनी है। पहली किस्त सितंबर में आ चुकी है। अब दूसरी किस्त करीब 39.42 करोड़ रुपये भी प्राप्त हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले इंफ्रा होम के कैपिटल एथेना प्रोजेक्ट को भी स्ट्रेस फंड से 165 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मिल रही है, जिससे करीब 900 फ्लैटों का निर्माण पूरा किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने पंचशील बिल्डटेक के लिए स्ट्रेस फंड जारी होने पर खुशी जताते हुए कहा कि एसबीआई कैप से उन परियोजनाओं को ही स्ट्रेस फंड जारी होता है, जिनका निर्माण पूरा होने की स्थिति होती है। एसबीआई कैप पूरी छानबीन करने के बाद ही फंड जारी करता है। उन्होंने कहा कि स्ट्रेस फंड पाने के लिए और भी बिल्डरों को आगे आना चाहिए। वे इसकी मदद से प्रोजेक्ट को पूरा करने और प्राधिकरण की बकाया रकम चुकाने की पहल करें। प्राधिकरण भी उनका सहयोग करने को तैयार है। सीईओ ने कहा कि फ्लैट खरीदारों को पजेशन दिलाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अपने स्तर से प्रयास जारी रखेगा।

## डीएम सुहास एलवाई ने शासन को लिखा पत्र

**नोएडा।** बिल्डरों की आवासीय परियोजनाओं के पूरा नहीं होने से फ्लैट खरीदारों की परेशानी को लेकर जिलाधिकारी ने पहल की है। डीएम सुहास एलवाई ने शासन को पत्र लिखा है। बिल्डरों के दिवालिया होने के बाद एनसीएलटी के जरिये नियुक्त आईआरपी प्रोजेक्ट को पूरा कराते हैं। इसी तरह शासन को प्राधिकरण को भी कुछ छूट देनी चाहिए ताकि वह प्रोजेक्ट को अपने हाथ में लेकर पूरा कर सकें। इससे खरीदारों की समस्याओं का समाधान हो सकता है। एनसीआर में घर का सपना संजोने वालों ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा में फ्लैट खरीद लिए। खरीदारों ने अपने जीवन की कमाई बिल्डर प्रोजेक्ट में लगा दी, लेकिन उन्हें घर नहीं मिल पाया। बिल्डर प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हुए। बिल्डरों ने प्राधिकरण से जमीन आवंटित कराई और फ्लैट बेचने शुरू किए। फ्लैट बेचने से आया पैसा परियोजना में लगाने के बजाय दूसरे प्रोजेक्ट में लगाना शुरू कर दिया। इससे प्रोजेक्ट अधूरे रह गए। खरीदारों को फ्लैट नहीं मिल पाए। इसके बाद खरीदार रेरा और अन्य न्यायाधिकरणों में जाने लगे। जो केस एनसीएलटी में गए, उनमें दिवालिया प्रक्रिया शुरू हो गई।

## महिला पत्रकार कर बैठी नाइजीरियन से प्यार, शादी के नाम पर ठगे लाखों

**नोएडा।** साइबर क्राइम पुलिस ने शुक्रवार को उस नाइजीरियाई युवक को गिरफ्तार कर लिया, जिस पर खुद को एनआरआई बताकर एक अंग्रेजी अखबार की महिला पत्रकार को शादी का झांसा देने और उससे लाखों की ठगी करने का आरोप है।

साइबर क्राइम के एसपी डॉ. त्रिवेणी सिंह ने बताया कि युवती की जीवनसाथी डॉट कॉम पर एक युवक से उसकी दोस्ती हुई थी। युवक ने अपना नाम योगेंद्र जैन बताया था युवक ने उससे शादी करने का वादा किया। पीड़िता ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट से उसके पास एक फोन आया। खुद को कस्टम अधिकारी बताया और कहा कि भारत आ रहे योगेंद्र जैन के पास से 50 हजार पाउंड मिले हैं, जो तय सीमा से ज्यादा हैं। उसे छुड़ाने के लिए 10 लाख रुपए की कस्टम ड्यूटी लगेगी। फोन करने वाले की बात पर यकीन करके उसके बताए खाते में 1,07,500 रुपए स्थानांतरित कर दिए।

# अफसर-बाबू दबाकर बैठे थे 4500 फाइलें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने की औचक निरीक्षण




आम आदमी को परेशान करने के तरीके अफसर और बाबू निकाल ही लेते हैं। यमुना प्राधिकरण में ऐसा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अथॉरिटी से प्रॉपर्टी लेने वाले आवंटियों की 4500 फाइलें अफसर और बाबू दबाकर बैठे थे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने दफ्तरों का औचक निरीक्षण किया।

28 कर्मचारी नदारद मिले। इन सभी का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। सभी विभागों की फाइलों की जांच की गई। नियोजन विभाग में 4500 लीज प्लान मिले हैं। ये लीज प्लान आवंटियों को नहीं भेजे गए। अब इसकी जांच की जाएगी। जांच के बाद निलंबन और बर्खास्तगी की कार्रवाई होगी।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने गुरुवार को दफ्तर का औचक निरीक्षण किया। वह भूलेख विभाग, संपत्ति विभाग, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल, परियोजना विभाग में जाकर सभी पटल का निरीक्षण किया। यहां की फाइलों का अवलोकन किया। सीईओ अपने साथ करीब 30 फाइलें भी ले गए। इन फाइलों की जांच की जाएगी। यह देखा जाएगा कि कब से यहां पर फाइल अटकी पड़ी हैं। फाइलों को आगे क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा है, इस निरीक्षण में कई चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। नियोजन विभाग में करीब 4.5 हजार लीज प्लान मिले हैं।

ये लीज प्लान आवंटियों को नहीं भेजे गए। रजिस्ट्री कराने से पहले आवंटियों को लीज प्लान भेजा जाता है। ताकि, वह रजिस्ट्री करा सकें। उसके लिए समय भी तय होता है। अगर समय के बाद रजिस्ट्री कराई जाती है तो जुर्माना लगता है। अब ऐसे कर्मचारियों पर कार्यवाही की तलवार लटक गई है। रजिस्ट्री के लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन विभागों में फाइल दबी पड़ी हैं। इसके चलते उनकी रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। कई मामले तो 1 से 2 साल के पुराने हैं।

वारिसान के लिए 2016 और 2018 में आवेदन आए, लेकिन अब तक अपडेट नहीं किया गया। वारिसान के लिए 2021 में आए आवेदन को भी नहीं निपटाया गया। इसके चलते आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आच्छेपुर गांव के किसानों के आबादी के भूखंड देने हैं। इनकी अनुमति पिछले साल अप्रैल में मिल चुकी है। किसानों की अंतिम सूची दो बार प्रकाशित हो चुकी है, लेकिन फाइल को दबाए रखा गया।

# वेस्टर्न कॉरिडोर पर पहली बार रेल दौड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● एक घंटे में किया 40 किमी का सफर तय

गौतमबुद्ध नगर में वेस्टर्न कॉरिडोर का काम काफी तेजी से चल रहा है। जिसे देखते हुए डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन डीएफसीसी के वेस्टर्न कॉरिडोर पर पहली बार रेल इंजन दौड़ाया ट्रायल करा गया।

डीएफसीसी ने गुरुवार को फरीदाबाद के पृथला से सेक्टर-145 तक ट्रैक पर रेल इंजन चलाकर ट्रायल किया, जो कि सफल साबित हुआ।

अधिकारियों का बताना है कि जिले में बचे हुए ट्रक को जून तक पूरा कर लिया जाएगा। मुंबई से गौतम बुद्ध नगर के बोडाकी तक डीएफसीसी का वेस्टर्न कॉरिडोर बन रहा है। फिलहाल, जिले में इसका 17 किलोमीटर के हिस्से पर अभी कार्य चल रहा है।

फरीदाबाद बॉर्डर से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे तक रेल लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। जिसे देखते हुए बृहस्पतिवार को डीएफसीसी ने इस पर ट्रायल किया, जो कि सफल रहा।

डीएफसीसी के अधिकारियों ने बताया कि पलवल के पृथला में पूजा करने के बाद जिले के नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे तक करीब 40 किलोमीटर तक कॉरिडोर पर रेल इंजन को चलाकर ट्रायल किया गया।

जिसे यहां तक पहुंचने में करीब 1 घंटे का समय लगा। दोपहर 3 बजे रेल इंजन पृथला से रवाना किया गया, जो 1 घंटे बाद नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर पहुंचा। जिसे वापस पृथला रवाना कर दिया गया। डीएफ सीसी के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर राजेंद्र सिंह ने बताया कि पृथला से नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे तक वेस्टर्न कॉरिडोर पर रेल दौड़ाने का ट्रायल किया गया, जो कि सफल रहा।

ट्रायल के दौरान रेल ने 1 घंटे के अंदर 40 किलोमीटर का सफर पूरा किया। सभी तकनीकी पहलुओं पर भी परखा गया। साथ ही सुरक्षा का भी जायजा लिया गया।

## ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने वाले 6 भाजपा नेता गिरफ्तार

**नोएडा।** परथला गांव में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके कॉलोनी काटने वाले 6 भाजपा नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नोएडा प्राधिकरण की टीम कल अवैध निर्माण ध्वस्त करने पहुंची थी, वहीं पर भाजपा नेता आपस में झगड़ा करने लगे। उसके बाद पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी की है।

थाना अध्यक्ष शरद कांत ने बताया कि परथला गांव में करीब 45 बीघे जमीन है, जिसकी कीमत करोड़ों है। उस पर अवैध रूप से कब्जा करके कुछ लोग कॉलोनी काट रहे थे। यह जमीन ग्राम समाज की है। नोएडा प्राधिकरण-पुलिस की टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।


**IndoStar Capital Finance Limited**

INDOSTAR

**Registered Office** - One World Center, Tower 2A, 20th Floor, Jupiter Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Mumbai – 400013, India.
Phone:-022-43157000 Web:- www.Indostarcapital.com
**Auction Place/Branch Office At:** M.5-A, 4th Floor, Mythri House Middle Circle, Connaught Place, New Delhi-110001, India.

परिशिष्ट–4–क
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी–सह–बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्तियां ("अचल सम्पत्तियां"), जिनका भौतिक कब्जा इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार/इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, 1) रूद्रांश गुप्ता एन–19, लोअर ग्राउंड फ्लोर, ग्रेटर कैलाश–1, नई दिल्ली–110048, 2) श्रीमती मधु गुप्ता पत्नी श्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, एन–19, लोअर ग्राउंड फ्लोर, ग्रेटर कैलाश–1, नई दिल्ली–110048, 3) श्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, एन–19, लोअर ग्राउंड फ्लोर, ग्रेटर कैलाश–1, नई दिल्ली–110048, 4) दि विलेज शॉप, इसके स्वामी के माध्यम से, 10, हौज खास, नई दिल्ली–110016, 5) मैसर्स क्यूरियोसिटी, इसके स्वामी के माध्यम से, 10, हौज खास, नई दिल्ली–110016 की तरफ प्रत्याभूत लेनदार की बकाया राशि रू. 45,89,673/– (रूपए पैंतालीस लाख नवासी हजार छह सौ तिहत्तर मात्र) + संविदात्मक दरों पर लागू भावी ब्याज, अतिरिक्त ब्याज लागतों और प्रभारों इत्यादि की वसूली के लिए दिनांक 03–05–2022 को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य रू. 43,75,000/– (रूपए तेतालीस लाख पचहत्तर हजार मात्र) होगा।

अचल सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण, ज्ञात ऋणभार और बिक्री की कतिपय शर्तें :–

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | कर्जदार/सह–कर्जदार(रों) का नाम | मांग सूचना राशि एवं तिथि | सुरक्षित मूल्य (रू.) | ईएमडी (आरपी की 10 प्रतिशत) तथा अंतिम तिथि | निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय | ज्ञात ऋणभार, यदि कोई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) | (एच) |
| 1. | एलएसडीईएल 05117 180002017 | 1) रूद्रांश गुप्ता 2) मधु गुप्ता 3) कृष्ण मुरारी गुप्ता, 4) दि विलेज शॉप, 5) मैसर्स क्यूरियोसिटी | रू. 1,76,825,594/– 01–01–2019 | रू. 43,75,000/– (रूपए तेतालीस लाख पचहत्तर हजार मात्र) | रू. 4,37,500/– (रूपए चार लाख सैंतीस हजार पांच सौ मात्र) एवं 02–05–2022 | 28–04–2022 मध्या. 12.00 बजे से अप. 04.00 बजे के बीच | 03–05–2022 अप. 5.00 बजे तक | शून्य |
| अचल सम्पत्तियों का विवरण (I) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 158, ब्लॉक–एन, ग्रेटर कैलाश–1, नई दिल्ली–110048 स्थित सम्पूर्ण टेरेस जिसमें 2 कमरे, 1 पैसेज, मम्टी तथा एक टेम्प. टॉयलेट के साथ बरसाती पर एसीसी शीट्स/द्वितीय तल, कोई भूमि अधिकार नहीं। | | | | | | | |

सार्वजनिक नीलामी के नियम एवं शर्तें :–

1) बिक्री पूर्णतया यहां नीचे वर्णित और इच्छुक बिडर्स द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले ऑफर/निविदा दस्तावेज में वर्णित नियम एवं शर्तों के अधीन होगी।
2) अचल सम्पत्तियां "जैसी है जहां है", जो है जैसी है", जो है वहां है" तथा ऋणभारों, यदि कोई, सहित बेची जाएंगी। नीलामी अधीन सम्पत्तियों का निरीक्षण ऊपर विनिर्दिष्ट तिथि एवं समय 28–04–2022 मध्या. 12.00 बजे से अप. 04.00 बजे के बीच किया जा सकता है। बोली आवेदन प्रपत्र, धरोहर राशि जमा (ईएमडी) प्रस्तुत करने के संबंध मे किसी पूछताछ अथवा स्पष्टीकरण के लिए, कृपया इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी से (सम्पर्क विवरण क्लॉज (4) में वर्णित) सम्पर्क करें। नीलामी का संचालन शाखा स्तर पर भी किया जा सकता है, यदि नीलामी संचालन में कोई तकनीकी परेशानी या त्रुटि होगी।
3) हमने संभावित बोलीदाताओं/क्रेताओं की खोज अथवा मार्केटिंग के लिए स्थानीय मार्केटिंग एजेन्सी/सेवा प्रदाता भी अनुबंधित किए हैं, जो सरफासी ऐक्ट के प्रावधान के अनुसार नीलामी प्रक्रिया के समापन में सहायता करेंगे।
4) निविदादाता/ऑफरदाता/संभावित बोलीदात/क्रेता को अपनी ऑफर "अचल सम्पत्तियों/सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर" डिमांड ड्राफ्ट अथवा पे ऑर्डर द्वारा कालम (ई) में वर्णित धरोहर राशि जमा (ईएमडी) के साथ इस प्रकार भेजनी चाहिए कि प्राधिकृत अधिकारी/व्यक्ति श्री सुप्रीत सिंह, मोबाइल – 9873018111 के पास बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को अथवा पूर्व अर्थात 02–05–2022 को अप. 5.00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। सफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी की राशि बिक्री मूल्य में समायोजित की जाएगी।
5) अधूरी निविदाएं या ईएमडी संलग्न नहीं की गई निविदाएं या इसमें निर्धारित उपरोक्त तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी/अवैध मानी जाएंगी और तदनुसार अस्वीकृत कर दी जाएंगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
6) इच्छुक बोलीदाता को ऑफर दस्तावेज के साथ आय कर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड की प्रति (अथवा फार्म 60) तथा बोलीदाता के पहचान प्रमाण तथा निवास प्रमाण जैसेकि आधार कार्ड, पासपोर्ट, निर्वाचन आयोग कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स इत्यादि की प्रति भी संलग्न करनी होगी।
7) अचल सम्पत्तियां उच्चतम बोलीदाता/ऑफरदाता को बेची जाएगी, जो प्रतिभूत लेनदार/इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड की नीलामी बिक्री समिति द्वारा बोली की स्वीकृति के अधीन होगी। अचल सम्पत्तियों हेतु ऑनलाइन/परस्पर बोलीदान ऊपर कालम "जी" में वर्णित नियत तिथि एवं समय पर तथा हमारी इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड की वेबसाइट पर सम्पन्न होगा। तथापि, अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताए किसी भी ऑफर/निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का विवेकाधिकार होगा।
8) सभी बकाया तथा खर्चे जैसेकि म्युनिसिपल कर, अनुरक्षण/सोसायटी प्रभार, बिजली तथा जल कर अथवा कोई अन्य बकाया जिसमें उक्त सम्पत्तियों के संबंध में सभी प्रभार शामिल हैं, सफल बोलीदाता/खरीदार को वहन करने होंगे।
9) सफल बोलीदाता/खरीदार को क्रय मूल्य की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बिक्री के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर मंजूरी के तत्काल बाद जमा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
10) बिक्री मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल क्रेता को बिक्री की पुष्टि की सूचना के 15 दिन के भीतर अथवा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम–9 के अनुसार, एकमात्र प्राधिकृत अधिकारी के विवेकानुसार और लिखित रूप में सहमत विस्तारित अवधि के भीतर जमा करनी होगी। बिक्री मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि अथवा उसके अंश के, निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक की स्थिति में , जमा की जा चुकी राशि जब्त मान्य होगी तथा प्रतिभूत लेनदार सम्पत्ति को दोबारा बेचने हेतु स्वतंत्र होगा तथा चूककर्ता क्रेता के सम्पत्ति की बिक्री से प्राप्त राशि अथवा उसके अंश के संबंध में सभी दावे जब्त मान्य होंगे।
11) यहां ऊपर वर्णित सम्पत्ति अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से आग, चोरी या अन्य दुर्घटनाओं सहित सभी संदर्भों में एकमात्र रूप से सफल क्रेता की जोखिम एवं जिम्मेदारी पर होंगी। सफलक्रेता किसी भी प्रकार के आधार पर बिक्री रद्द करने का हकदार नहीं होगा।
12) यदि अंतिम बोली/आस्तियों का प्रतिफल रू. 50.00 लाख या अधिक है, तो सफल बोलीदाता कटौती के रूप में कर्जदारों के पैन नंबर, जो प्राधिकृत अधिकारी/बैंक से प्राप्त किया जा सकता है, के साथ बिक्री प्रतिफल से 1 प्रतिशत की दर पर टीडीएस काटेगा और बिक्री प्रतिफल की बाकी 99 प्रतिशत राशि बैंक को नियत समय के भीतर अदा करनी होगी। अतएव उच्चतम बोलीदाता को आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194–Iए के अनुसार कर्जदार के पैन पर पुनरअधिग्रहीत आस्तियों के क्रया पर 1 प्रतिशत की दर पर टीडीएस जमा करना होगा।
13) ऐसे मामलों में जहां नीलाम की जा रही आस्ति का बिक्री प्रतिफल रू. 50.00 लाख या अधिक है सफल बोलीदाता/क्रेता को उपरोक्तानुसार पूर्ण बिक्रीफल के भुगतान पर (टीडीएस का शुद्ध) और बिक्री औपचारिकताएं पूरी करने पर सरफासी ऐक्ट एवं नियमावली, 2002 के तहत निर्धारित प्रारूप के अनुसार अचल सम्पत्तियों हेतु प्रमाणपत्र केवल तब जारी किया जाएगा जब टीडीएस भेजे जा चुके होने के संबंध में फार्म नंबर 26क्यूबी में चालान–सह–विवरण प्राप्त हो जाएगा।
14) बिक्री प्रमाणपत्र पंजीकृत करवाना एक मात्र रूप से सफल बोलीदाता की जिम्मेदारी होगी। उपरिवर्णित अचल सम्पत्तियों के संबंध में स्टॉम्प ड्यूटी, पंजीकरण प्रभार, अंतरण प्रभार तथा सरफासी ऐक्ट एवं नियमावली, 2002 के तहत निर्धारित प्रारूप के अनुसार निर्धारित प्रारूप में जारी बिक्री प्रमाणपत्र पंजीकृत करवाने के संबंध में और कोई खर्चे तथा प्रभार सफल बोलीदाता/क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे। बिक्री प्रमाणपत्र का पंजीकरण राज्य विधि/नियमों के अनुसार यथाशीघ्र करवाना होगी अन्यथ क्रेता को पंजीकरण में विलम्ब का कारण बताते हुए प्रतिभूत लेनदार को अनुरोध पत्र प्रस्तुत करना होगा।
15) प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम या किसी भी या सभी ऑफर्स को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार, का बिना कोई कारण बताए, किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। यदि बोलियां अस्वीकृत होती हैं, तो प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी निविदादाता या इच्छुक बोलीदाताओं या अन्य पार्टियों से प्राइवेट ट्रीटी द्वारा सम्पत्ति की बिक्री के लिए बातचीत करने का अधिकार होगा। बिक्री प्रतिभूत लेनदार/इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड की नीलामी बिक्री समिति द्वारा बोली की स्वीकृति और संशोधित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अधीन होगी।
16) इच्छुक बोलीदाता/स्वयं ऑफरदाता अथवा अधिकृति प्रतिनिधि को छोड़कर कोई भी व्यक्ति नीलामी/बिक्री प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकता है। तथापि बिक्री प्रमाणपत्र केवल क्रेता के नाम पंजीकृत होगा, जिसके नाम से बोली आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत किया गया है।
17) प्राधिकृत अधिकारी का बिक्री की सूचना के नियम एवं शर्तों में अपने विवेकानुसार, बिना कोई पूर्व सूचना दिए, बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित है तथा वह उक्त पुनरअधिग्रहीत सम्पत्तियों को बेचने में शुल्क के भुगतान पर मार्केटिंग एजेन्ट या सेवा प्रदाता की सेवाएं भी प्राप्त कर सकता है, जिसकी वसूली कर्जदार से की जाएगी।
18) उपरोक्त नामक कर्जदार/सह–कर्जदार द्वारा यदि सभी बकाया राशियां, प्रतिभूत लेनदार द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों के साथ, सम्पत्ति की नीलामी की तिथि से एक कार्यदिवस पूर्व तक चुका दी जाती हैं तो सम्पत्ति बेची नहीं जाएगी तथा संभावित बिडर्स से प्राप्त सभी बोलियां मैसर्स मुथूट हाउसिंग फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के विरूद्ध किसी देयता/दावे के बगैर वापस कर दी जाएंगी।
19) यह प्रकाशन कर्जदार/बंधकदाता को 30 दिन का कानूनी नोटिस भी है, यदि पूर्ण बकाया राशि का भुगतान उपरिवर्णित तिथि तक नहीं किया जाता है।
20) बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, निविदा दस्तावेज इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड की स्थानीय शाखा से प्राप्त किए जा सकते हैं।
21) कर्जदार/बंधकदाता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड की अभिरक्षा के तहत उक्त बंधक सम्पत्तियों के भीतर घरेलू सामान/वस्तुएं, यदि कोई, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर, इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड को पूर्व सूचना देकर, हटा लें, जिसमें असफल रहने पर इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड उनके लिए जिम्मेदार/जवाबदेह नहीं होगी और उनका निपटान कर्जदार/बंधकदाता की जोखिम पर कर दिया जाएगा।
22) विशेष अनुदेश : बोलीदाताओं को अपने स्वयं के हित में अंतिम क्षणों में बोलीदान से बचना चाहिए क्योंकि इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड विफलता/गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार नहीं होगी और ऐसी आकस्मिकता से बचने के लिए बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/वैकल्पिक बैक–अप इत्यादि तैयार रखें, ताकि वे ऐसी हालत में नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। कालम नंबर जी में वर्णित अनुसार नीलामी बिक्री समय समाप्त होने पर स्वतः समाप्त हो जाएगी। प्राधिकृत अधिकारी अपने विवेकानुसार नीलामी बिक्री का समय 15 मिनट बढ़ा सकता है।

वास्ते इंडो स्टार कैपिटल फाइनैंस लिमिटेड
रजत शर्मा
प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 01–04–2022


# यमुना खादर के अवैध फार्म हाउसों पर चला बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● 5000 बीघा जमीन पर चल रहे फार्म हाउस

नोएडा में यमुना नदी के खादर क्षेत्र में अवैध फार्म हाउस तोड़े जा रहे हैं। माफिया की इस अवैध प्रॉपर्टी पर नोएडा का बुलडोजर चल रहा है।

यमुना नदी के खादर इलाके में करीब 5000 बीघा जमीन पर माफिया ने हजारों अवैध फार्म हाउस बनाकर बेच डाले हैं। जिससे यमुना नदी का इकोसिस्टम बर्बाद हो गया है।



पूरे इलाके के किसानों में माफिया की दहशत है। नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने संज्ञान लिया। जिसके बाद शुक्रवार को यह बड़ी कार्रवाई की गई है। नोएडा के विशेष कार्याधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि भूमि विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग ने यह कार्रवाई की है।

यमुना खादर क्षेत्र के सेक्टर.134 में बनाए गए अवैध फार्म हाउस तोड़े गए हैं। इस कार्रवाई के तहत अथॉरिटी ने कितनी जमीन खाली करवाई है, यह सूचना देर शाम तक मिलेगी। ओएसडी प्रसून द्विवेदी के नेतृत्व में वर्क सर्कल की टीम ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कर रही है। नोएडा में कालिंदी कुज से लेकर असदुल्लाहपुर गांव तक यमुना नदी का खादर पूरी तरह खत्म हो चुका है। करीब 6 किलोमीटर के इस दायरे में बड़े.बड़े फार्म हाउस बनाकर माफिया बेच रहा है।


JM FINANCIAL

**जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड**
(पूर्वतः जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
कार्पोरेट पहचान संख्या : U67190MH2007PLC174287
पंजी. कार्यालय : 7वां तल, सिनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई–400025
प्राधिकृत अधिकारी : वैभव शेट्टी ई–मेल : vaibhav.shetty@jmfl.com मोबाइल : +919820387460
फोन : +91 022 62241658/1674 ; वेबसाइट : www.jmfinancialarc.com

परिशिष्ट –IV–ए

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि जेएमएफएआरसी – केवीबी– मार्च, 2016 – ट्रस्ट ("प्रत्याभूत लेनदार") के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ("जेएमएफएआरसी") के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा करूर वैश्य बैंक (समनुदेशक बैंक, जिसके द्वारा खेमचंद ऐंड सन्स के साथ संबंधित वित्तीय आस्तियों जेएमएफएआरसी को समनुदेशित की गईं) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 22 दिसम्बर, 2015 को प्राप्त किया जा चुका है, खेमचन्द ऐंड सन्स (इसमें आगे "कर्जदार" कहा गया है) तथा 1) श्री सुशील कुमार शर्मा, 2) श्रीमती वंदना शर्मा, 3) श्रीमती रमा देवी, 4) श्री विजय कौशिक तथा 5) खेमचंद शर्मा (1, 2, 3, 4 एवं 5 सामूहिक रूप से "गारंटर" कहे गए हैं) की तरफ प्रत्याभूत लेनदार की 28–02–2022 तक बकाया राशि रू. 7,34,63,428.77/– (रूपए सात करोड़ चौंतीस लाख तिरेसठ हजार चार सौ अठ्ठाईस तथा पैसे सतहत्तर मात्र) की वसूली के लिए 05 मई, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सम्पत्ति का विस्तृत विवरण, इसका सुरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्नानुसार होगी :

| क्र. सं. | अचल सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) | धरोहर राशि जमा (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुशील कुमार शर्मा के नाम खाली आवासीय प्लॉट खसरा नंबर 1364 (0–15), 1365 (3–10), 1366 (1–10), 1367 (0–5), परिमाप 270 वर्ग गज, मौजा कल्याण एन्क्लेव–1, तहसील एवं जिला पलवल (हरियाणा) | रू. 48,00,000/– | रू. 4,80,000/– |

ज्ञात ऋणभार, यदि कोई : ज्ञात नहीं
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः https://www.jmfinancialarc.com/assets-for-sale तथा https://www.bankauctions.in पर उपलब्ध करवाया गया लिंक देखें।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
जेएमएफएआरसी–केवीबी–मार्च 2016–ट्रस्ट
ट्रस्टी के रूप में कार्यरत

तिथि : 02–04–2022
स्थान : दिल्ली


# संक्षिप्त समाचार

## झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से महिला की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से 29 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने सड़क पर महिला के शव को लेकर हंगामा किया। महिला के परिजनों ने जेवर–खुर्जा रोड पर महिला के शव को रखकर जाम लगा दिया। हालात को संभालने के लिए पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आरोपी डॉक्टर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। ग्रेटर नोएडा डीसीपी ने आरोपी डॉक्टर को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की हैं।

## गौतमबुद्ध नगर में 3 अप्रैल तक धारा 144 लागू

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने 30 अप्रैल 2022 तक धारा 144 लागू की है। यह आदेश जारी हो चुका है। पुलिस अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि जो भी व्यक्ति धारा 144 का उल्लंघन करेगा। उस व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोएडा पुलिस ने यह सभी जानकारी ट्वीट करके दी है। पुलिस ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि बिना सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की गतिविधि की अनुमति नहीं होगी। पुलिस ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि आगामी पर्वों, हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाओं व होने वाले सामान्य विधान परिषद निर्वाचन.2022 की तिथियां आदि को दृष्टिगत रखते हुए जनपद गौतमबुद्ध नगर में शांति.व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से धारा.144 सीआरपीसी दिनांक 01 अप्रैल 2022 से 30 अप्रैल 2022 तक प्रभावी रहेगी।

## लूट के मुख्य आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर



**गाजियाबाद।** तीन दिन पूर्व मसूरी थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप कर्मचारियों से हुई 25 लाख रुपए की लूट मामले में मुख्य आरोपी आसिफ ने स्थानीय अदालत में सरेंडर कर दिया। अदालत ने उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं गाजियाबाद की तीन टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई थी। उधर जब सरेंडर की खबर पुलिस को मिली तो वह कोर्ट पहुंची, लेकिन तब तक कोर्ट से उसको न्यायिक हिरासत में लेने का ऑर्डर जारी हो चुका था। मसूरी क्षेत्र स्थित डासना आरओबी के पास अरिहंत नाम से पेट्रोल पंप है। तीन दिन पूर्व 28 मार्च को पेट्रोल पंप के कर्मी पप्पू कामत और सन्नी शुक्ला बुलेट बाइक पर 25 लाख रुपए से भरे बैग को लेकर गोविंदपुरम स्थित एचडीएफसी बैंक में जमा करने के लिए जा रहे थे। रूपए अधिक होने पर पेट्रोल पंप मैनेजर रितेश कुमार और अन्य कर्मी ऋषभ भी दूसरी बाइक पर उन्हें कवर देने के लिए पीछे–पीछे आ रहे थे।

## ट्विन्स टावर के पास बनी सड़क हुई बंद



**नोएडा।** नोएडा सेक्टर–93ए स्थित सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट में अवैध रूप से बने टावर को ध्वस्त करने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। साथ ही ट्रायल ब्लास्ट करने की तारीख 10 भी नजदीक आ रही है। ऐसे में अब एडिफिस कंपनी ने गुरुवार को टावर के सामने वाली सड़क बंद कर दी है। इस सड़क को लोगों की सुरक्षा को देखते हुए बंद कर दिया है। वहीं, टावर के सामने चादर और बैरीगेट लगाकर दोनों तरफसे लगभग 500 मीटर की सड़क बंद कर दी गई है। यह सड़क लोगों की सावधानी को देखते हुए बंद करी गई है। यह सड़क गोझा रोड से इस मार्ग को जोड़ती थी अब गोझा गांव के लोगों को आने जाने के लिए दूसरे रास्ते का इस्तेमाल करना होगा। उन्हें करीब 1 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना होगा। यही नहीं एडिफिस कंपनी द्वारा ट्विन टावर के पास स्थित कार डायवर्जन एरिया की सड़क को भी तोड़ दिया गया है। ताकि वहां पर कोई वाहन ना आ सके। साथी ही टावरों के आस.पास के पूरे एरिया की बेरी गेटिंग कर दी गई है। इसी के साथ ट्विन टावर में 10 अप्रैल को ट्रायल ब्लास्ट की तैयारी भी तेजी से की जा रही है। वहीं, धूल उड़ने से लोग परेशान हैं। उन्होंने इस बारे में शिकायत भी की है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# 'पुलिस व डीडीए नहीं देते विधायकों के सवालों के जवाब'

● बजट सत्र के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष का छलका दर्द

संजय राय। नई दिल्ली



प्रेस वार्ता में विस स्पीकर रामनिवास गोयल व अन्य।

बजट सत्र के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष राम निवास का गोयल का दर्द छलक आया है। उन्होंने कहा उपराज्यपाल बनाम चुनी हुई सरकार के बीच खींचतान का नतीजा है कि केंद्र सरकार के अधीन आने वाले दिल्ली पुलिस, दिल्ली विकास प्राधिकरण और सर्विसेज विभाग विधायकों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब नहीं देते हैं।

इस बाबत वे विधानसभा की विशेषाधिकार समिति से राय-मशविरा करके अदालत का रूख करेंगे। बजट सत्र के बाद अपनी बात रखते हुए शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में राम निवास गोयल ने कहा कि इस सत्र में प्रश्नकाल के दौरान तारांकित 60 और 225 से अधिक अतारंकित प्रश्नों के लिए नोटिस प्राप्त हुए। कार्यविधि नियमों के अनुसार 4 नोटिसों को क्लब किया गया और 16 नोटिसों को अस्वीकार कर दिया गया। 9 सवालों का जवाब नहीं मिलने से विधायकों ने रोष व निराशा व्यक्त की।

सदस्यों ने खेदपूर्वक कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति उत्तरदायी हैं। वर्ष वर्ष 2018 के बाद से बार-बार सवालों के जवाब नहीं मिलना सार्वजनिक हितों के प्रतिकूल है। अध्यक्ष ने बताया कि विधायकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर प्राप्त न होने के मुद्दे को आवश्यक कार्रवाई के लिए विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री आवास के बाहर तोड़फोड़ असामाजिक तत्वों को करेगी प्रोत्साहित

राम निवास गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान की गई तोड़फोड़ असामाजिक तत्वों को प्रोत्साहित और युवाओं को गुमराह करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री से कड़े शब्दों में इसकी निंदा करने की अपील की। गोयल ने कहा वह उस दिन मुख्यमंत्री से मिले थे जिस दिन यह घटना हुई थी। सीसीटीवी और अवरोधक क्षतिग्रस्त हो गए थे, और दीवारों पर पीला रंग फेंका गया था। इसका नेतृत्व एक सांसद ने किया था, इससे ज्यादा निंदनीय कुछ नहीं हो सकता। मालूम हो कि भाजयुमो के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल के आवास के बाहर धरना दिया था और फिल्म द कश्मीर फाइल्स के मुद्दे पर उनसे माफी की मांग की थी।

## 6-7 माह में पेपर लेस हो जाएगी विधानसभा

6-7 माह में पेपर लेस हो जाएगी विधानसभा

विधानसभा अगले 6-7 महीनों में पूरी तरह से पेपरलेस हो जाएगी। विधानसभा को पेपर लैस करने के लिए अभी तक चार कंपनियां सामने आई हैं। इनमें से जिन का टेंडर रेट सबसे कम होगा, उसे टेंडर दिया जाएगा। उम्मीद है कि पेपरलेस हो जाने के बाद विधानसभा की सभी कार्रवाई पूरी तरह से पेपरलेस तरीके से ही चलेगी। इसके लिए 20 करोड़ रुपए की एक योजना हिमाचल विधानसभा के अध्ययन के बाद बनाई गई है।



## इंस्टाग्राम पर धमकाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर फर्जी खाते बनाकर कई लोगों को परेशान करने और उन्हें धमकाने के आरोप में 22 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान मिथुन तिवारी के रूप में की गई है, जो यहां आनंद पर्वत का निवासी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 17 मार्च को एक महिला ने पुलिस से शिकायत की थी कि सोशल मीडिया पर कई खाते बनाने वाला एक व्यक्ति उसको परेशान कर रहा है।

महिला ने कहा था कि उसने आरोपी का विवाह का प्रस्ताव ठुकरा दिया था, जिसके बाद से वह उसे अपहरण करने और तस्वीरें वायरल करने की धमकी दे रहा था।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) मनोज सी. ने बताया कि शिकायत पर कार्वाई करते हुए पुलिस ने आरोपी का इंस्टाग्राम खाता खंगाला और पाया कि वह किसी मिथुन तिवारी नामक व्यक्ति का है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह कई अन्य लोगों को भी सोशल मीडिया मंच पर पेरशान कर रहा था।

## डीएमआरसी के नए प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने कार्यभार संभाला

● 25 साल की सेवा देने वाले मंगू सिंह के स्थान पर हुई नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1988 बैच के अधिकारी विकास कुमार ने शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के नए प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाल लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार ने बुधवार को मंगू सिंह के स्थान पर कुमार की नियुक्ति की थी।

मंगू सिंह को 25 साल की सेवा के बाद भावभीनी विदाई दी गई। सिंह, एक जनवरी 2012 से डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक थे और गुरुवार को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया।

ई. श्रीधरन और मंगू सिंह के बाद कुमार डीएमआरसी के तीसरे प्रबंध निदेशक हैं। दिल्ली सरकार की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार वह पांच साल तक इस पद पर रहेंगे। डीएमआरसी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा, विकास कुमार ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक के तौर पर आज कार्यभार संभाला।

डीएमआरसी की ओर से गुरुवार को जारी बयान में कहा गया था कि डीएमआरसी में निदेशक (परिचालन) के पद पर काम कर चुके कुमार के पास रेल-आधारित शहरी परिवहन परियोजनाओं में काम करने का तीन दशक का अनुभव है। इससे पहले उन्होंने भारतीय रेल में कई पदों पर सेवाएं दी।

# दो साल बाद आई स्कूलों में रौनक




● नए सत्र के पहले दिन कक्षाओं में उत्साहित नजर आए बच्चे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड महामारी के साये से बाहर निकलते हुए व स्कूलों के दो के सन्नाटे को खत्म करते हुए शुक्रवार को एकबार फिर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में एक बार फिर से गुलजार हो गए। सत्र के पहले दिन स्कूल में बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति देखी गई। दो साल से ज्यादा समय के बाद ऑफलाइन कक्षाएं फिर से शुरू हुईं। एक बार फिर बच्चों को स्कूल भेजने से लेकर उनकी किताबों, ड्रेस और ट्रांसपोटेशन को लेकर अभिभावकों की व्यवस्तता देखने मिली। स्कूल खुलने पर स्कूल टीचरों और बच्चों के माता-पिता की मिलीजुली प्रतिक्रिया सामने आई।

दिल्ली के 120 से ज्यादा निजी स्कूलों की सदस्यता वाले संगठन नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल कॉन्फ्रेंस (एनपीएससी) की अध्यक्ष सुधा आचार्य ने कहा कि छात्र इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दो साल के बाद स्कूल पुन: खुल रहे हैं और छात्र स्कूल वापस जाने के लिए उत्साहित हैं। आचार्य, दिल्ली के द्वारका स्थित आईटीएल पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका हैं। उनके स्कूल में शिक्षकों ने बच्चों के लिए विशेष प्रार्थना आयोजित की। आचार्य ने कहा कि शिक्षकों ने छात्रों के लिए विशेष प्रदर्शन की तैयारी करवाई और आज लग रहा है जैसे कोई त्यौहार है। कल हमने 12वीं कक्षा के छात्रों का विदाई समारोह किया और वे बहुत खुश थे। पूर्वाह्न 11 बजे, हम प्रधानमंत्री के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में शामिल हुए।


स्कूल में फूल देकर स्टालिन का स्वागत करते बच्चे।

## स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक के मुरीद हुए स्टालिन

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन दिल्ली सरकार के स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक के मुरीद हो गए। वह जल्द ही चेन्नई में एक विश्व स्तरीय सरकारी मॉडल स्कूल बनाएंगे।

स्टालिन ने सभी से अनुरोध किया कि सब मिलकर देशभर में शिक्षा क्रांति लाएं। स्टालिन ने शुक्रवार को सरकारी स्कूलों व मोहल्ला क्लीनिक का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मौजूद रहे। स्टालिन ने पश्चिम विनोद नगर के राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत भी की। उन्होंने अरविंद केजरीवाल को तमिलनाडु आने का न्योता दिया है। दौरे के दौरान केजरीवाल व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने एम.के. स्टालिन और शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी को स्कूलों में हुए क्रांतिकारी बदलाव की पूरी कहानी बताई। कभी टेंट के स्कूल कहे जाने वाले ये सरकारी स्कूल, आज इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग और आधुनिक सुविधाओं के मामले में निजी स्कूलों को भी मात दे रहे हैं।

## स्टीफेंस- जीसस ने दाखिले पर की स्पष्टता की मांग

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा अनिवार्य किए जाने के बाद सेंट स्टीफेंस कॉलेज और जीसस एंड मेरी कॉलेज ने डीयू के कुलपति को पत्र लिखकर स्नातक पाठ्यक्रम दाखिला प्रक्रिया में स्पष्टता की मांग की है।

ये दोनों अल्पसंख्यक संस्थाएं हैं और इनमें 50 फीसदी सीटें ईसाई छात्रों के लिए सुरक्षित हैं। दोनों कॉलेज दाखिले के लिए अपना-अपना कटऑफ जारी करते थे और सेंट स्टीफेंस साक्षात्कार भी लिया करता था। दिविवि की वैधानिक संस्था ने कहा है कि इन दोनों कॉलेज की भांति सभी अल्पसंख्यक संस्थानों में भी दाखिला सीयूईटी के माध्यम से होगा।

# लेन से हटी बस तो लगेगा दस हजार का जुर्माना

● बस चालकों को लेन में रहने के लिए चलाया अभियान, कई जगह लगी वाहनों की कतारें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


यातायात व्यवस्था का जायजा लेते परिवहन मंत्री कैलास गहलोत।

दिल्ली परिवहन विभाग ने डीटीसी और क्लस्टर बस चालकों द्वारा लेन डिसिप्लिन का पालन सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार से अभियान चलाया, जिस कारण सुबह जगह-जगह वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं।

उच्चतम न्यायालय के आदेश पर हुए शुरू किए गए इस अभियान के तहत लेन डिसिप्लिन का उल्लंघन करने वालों पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उल्लंघन करने वालों को मोटर वाहन कानून के तहत सजा भी दी जाएगी जैसे ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन और वाहन परमिट रद्द किया जाना। विभाग द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, लोगों की सुरक्षित यात्रा के लिए पूरे शहर में डीटीसी और क्लस्टर बसें अपनी लेन में चलेंगी और तय बॉक्स में ही रूकेंगी। यह नियम एक अप्रैल से लागू होगा। अधिकारियों ने बताया कि 15 अप्रैल को पहले चरण के समापन के बाद इस अभियान का विस्तार किया जाएगा तथा उसमें और वाहन एवं सड़कों को शामिल किया जाएगा।

इस दौरान दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मौके पर जाकर बसों को जायजा लिया और चालकों को हिदायत दी।

## अमृत स्तंभ उत्सवः कलाकारों ने बिखेरी कला की छटा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) के संस्कृति हाट में पांच दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'आजादी के अमृत काल की शुभ वेला : कलाकरों-शिल्पकारों का मेला' का समापन हुआ। 'अमृत स्तंभ' उत्सव के दौरान 75 सीसीआरटी के छात्रवृत्ति धारक, पूर्व छात्र, देश भर के शोधकर्ताओं ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया।

केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया था। इस कार्यक्रम में पांच दिनों तक भारत के समृद्ध इतिहास और कला, विरासत, संस्कृति, व्यंजन और अन्य में विविधता पूर्ण कला को प्रदर्शित किया गया। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने इस अवसर पर संवाद सत्र में युवा प्रतिभागियों और दर्शकों के साथ स्वतंत्रता संग्राम, स्वतंत्रता दिवस और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के उत्साहजनक बयानों के संबंध में परिचर्चा की। समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदूरी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने वाले सीसीआरटी के प्रयासों की सराहना की।

## वासंती नवरात्र आज से, बाजारों में भीड़

● श्रद्धालु घरों में मां की पूजा अर्चना के लिए सामग्री की खरीदारी में जुटे रहे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



चैत्र मास के नवरात्र 2 अप्रैल शनिवार से शुरू हो रहे हैं। इसे लेकर भक्तों में उत्साह है और बाजारों में भी काफी रौनक है। हिन्दू संस्कृति के इस नवरात्र को लोग बड़े उत्सव के रूप में मनाते हैं। पिछले दो वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते बाजारों में रौनक नाममात्र ही थी, लेकिन इस बार माहौल कोरोना से उभर गया है और बाजारों में खूब चहल-पहल है।

शुक्रवार को श्रद्धालु घरों में मां की पूजा अर्चना के लिए सामग्री की खरीदारी में जुटे रहे हैं। दुकानदारों ने पहले से ही तैयारियां करते हुए दुकानों पर पूजन सामग्रियों को सजा लिया है। लाजपत नगर, सरोजनी नगर, मॉडल टॉउन, सदर बाजार, चांदनी चौक समेत अन्य इलाकों के प्रमुख बाजारों से लेकर स्थानीय दुकानों में माता की चुनरी पोशाक व अन्य सामान ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं।

### जामा मस्जिद की दुकानों में सेवइयों, शीरमाल और इत्र की भारी मांग

रमजान के पाक महीने की रविवार को शुरुआत होने जा रही है। जामा मस्जिद का बेहद बाजार पूरी तरीके से सज चुका है। रंग बिरंगे झालर दूर-दूर से आए लोगों में उत्साह बढ़ा रही है। जामा मस्जिद के इस खास बाजार में सेवइयों की दुकानें पिछले साल के मुकाबले खूब सजी हैं। जहां आपको अलग-अलग तरह की सेवाइयां की वैरायटी देखने को मिल जाएंगी। इसके साथ ही शीरमाल और जमजम इत्र भी बाजार में खूब बिक रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### राकांपा के अल्संख्यक विभाग का अधिवेशन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीयवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास में सभी धर्म के लोगों का योगदान है। इसलिए किसी एक धर्म के लोगों को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत दबाया नहीं जा सकता। अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष शब्बीर अहमद विद्रोही ने कहा कि देश में राजनीति मुद्दों की होनी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष योगानंद शास्त्री ने कहा कि बैंक के पैसे को लेकर देश से बाहर कई भारतीय उद्योगपतियों सरकार की सह पर देश छोड़कर फरार हो गए। राष्ट्रीय सचिव राजीव झा ने कहा कि देश में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमनदीप सिंह साहनी ने कहा कि अल्पसंख्यकों के हितों के आलावा पिछड़ी, अति पिछड़ी और दलितों को कुचला जा रहा है।

### निशा जैन के नाम पर निगम की सड़क का नामकरण



**नई दिल्ली।** शाहदरा स्थित मानसरोवर पार्क कॉलोनी के मुख्य मार्ग का नाम निश्चय निशा जैन फाउंडेशन की संस्थापिका निशा जैन के नाम से मार्ग का नामकरण पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. भोला सिंह, रोहताश नगर विधायक जितेंद्र महाजन, पूर्वी दिल्ली नगर निगम महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल, शाहदरा नॉर्थ जोन चेयरमैन प्रवेश शर्मा, एसीपी सीमापुरी अक्षय कुमार, मानसरोवर पार्क थानाध्यक्ष प्रशांत यादव, राष्ट्रीय कवि प्रवीण शुक्ल, सुप्रीम कोर्टअधिवक्ता सुरेंद्र काली रमन, राजीव बिरला, संजीव मित्तल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था संस्थापक डी.पी जैन, डॉ. अरविंद सिंह, अतुल मुद्गल ,विजय भान,इंजीनियर सौरभ जैन, सुरभि जैन, श्वेता जैन, अंशुल मल्होत्रा, बलजीत सिंह,रूपेश,अंशुल मल्होत्रा,संजय शर्मा ,परमजीत सिंह एवं संस्था की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा।



# हरियाणा को दुनिया से जोड़ने का सेतू है गुरुग्राम : मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में किया करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण

## गुरुग्राम को यातायात जाम से निजात दिलाएंगे, कई परियोजनाएं इसी साल होंगी पूरी

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में शुक्रवार को हुडा सिटी सेंटर मेट्रो के पास अंडरपास व फ्लाईओवर का एक मजदूर से लोकार्पण कराते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि गुरुग्राम हरियाणा का एक महत्वपूर्ण नगर है। हम गुरुग्राम को केवल शहर के तौर पर नहीं देखते, बल्कि गुरुग्राम ने विश्वभर में जो ख्याति प्राप्त की है, उससे यह शहर हरियाणा को दुनिया से जोड़ने का सेतु का काम कर रहा है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास अंडरपास, फ्लाईओवर, सिग्नेचर टावर व इफको चौक पर बने दो फुटओवर ब्रिज का लोकार्पण करते हुए कही। इनका गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा कराया गया है।

उन्होंने इसी स्थान पर गुरुग्राम के सेक्टर-111 से 115 के लिए जल आपूर्ति वितरण प्रणाली का उद्घाटन भी किया। इन दोनों परियोजनाओं पर लगभग 63 करोड़ रुपये की लागत आई है। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट लागू किया, लेकिन गुरुग्राम को स्मार्ट नहीं स्मार्टेस्ट सिटी बनाया जाएगा। हम सन् 2031 तक की गुरुग्राम की 42 लाख की अनुमानित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए व्यस्थाएं बना रहे हैं, ताकि लोगों को भविष्य में भी कठिनाई ना हो। उन्होंने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है, उनसे गुरुग्राम शहर में हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन क्षेत्र जाममुक्त हो जाएगा। इसी प्रकार गुरुग्राम को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इनमें से कई परियोजनाएं इसी साल पूरी हो जाएंगी।

उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक पर 47 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा फ्लाईओवर का कार्य आने वाली 30 जून तक पूरा होगा और लगभग 25.5 करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे राव महावीर चौक के सुधारीकरण का कायज़ भी जुलाई अंत तक पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार, लगभग 80 करोड़ रूपये की लागत से कैप्टन उमंग भारद्वाज चौक पर भी युद्धस्तर पर काम चल रहा है।

### गुरुग्राम का कोई हिस्सा विकास से अछूता नहीं : सुधीर सिंगला

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शिता की ही देन है कि आज गुरुग्राम का कोई भी हिस्सा विकास से अछूता नहीं है। राज्य सरकार अब गुरूग्राम की अगले 50 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर जाम लगा रहता था, लेकिन अब परियोजनाएं पूरी होने से लोगों को जाम से राहत मिलेगी और लोगों के कई घंटो की बचत होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ईमानदारी विपक्ष को खटकती है, लेकिन मुख्यमंत्री ईमानदारी से पूरे प्रदेश का समान विकास करवा रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया अप्रैल माह का पहला दिन

## नगर निगम में पहले दिन को अप्रैल फूल के बजाय अप्रैल कूल दिवस के रूप में मनाया

## निगम अधिकारियों ने कार्यालयों में पौधारोपण करके दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में पौधारोपण करतीं नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली वर्मा।

**अप्रैल** माह के पहले दिन को अमूमन अप्रैल फूल दिवस के रूप में मनाने की प्रथा है, लेकिन इस बार नगर निगम गुरुग्राम द्वारा इस दिन को अप्रैल कूल दिवस के रूप में मनाकर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निगम अधिकारियों ने अपने कार्यालय परिसरों में पौधारोपण किया तथा यह संदेश दिया कि सभी लोग पहली अप्रैल को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं तथा उसका पालन पोषण करें।

नगर निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा ने सेक्टर-42 स्थित निगम कार्यालय परिसर में अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पौधारोपण किया, जबकि एडीशनल म्यूनिसिपल कमिशनर रोहताश बिश्नोई ने पहली अप्रैल को सुबह सेक्टर-34 स्थित निगम कार्यालय पहुंचकर सबसे पहले कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। उनके साथ अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का प्रण लिया। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा के दिशा-निर्देश पर पहली अप्रैल को यह पौधारोपण अभियान चलाया गया।

## संक्षिप्त-समाचार

### टोल वसूली के विरोध में आज होगी सोहना में पंचायत

**सोहना।** एलीवेटेड टोल से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले ग्रामीणों से नकदी वसूली करने के विरोध में शनिवार को सोहना में पंचायत होगी। पंचायत में टोल वसूलने का विरोध करने की रणनीति तैयार की जाएगी। गुरुग्राम-सोहना के भोंडसी में एलीवेटेड मार्ग पर बने टोल पर शुक्रवार से वसूलने की प्रक्रिया शुरू हो गई। लेकिन टोल से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 20 से 25 गांवों के ग्रामीणों को छूट नहीं दी है। जिसका पोल वसूली के पहले दिन से विरोध शुरू हो गया है। टोल वसूलने के विरोध में गठित कमेटी के पदाधिकारी सतबीर पहलवान ने बताया कि शनिवार को शहर की अनाज मंडी में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में पंचायत बुलाई गई है। पंचायत में भोंडसी, घामडौज, अलीपुर, बेरका, धुनेला, खाईका, खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, गढ़ीबाजीदपुर, रिठौज, सहजावास, हरिहेड़ा, रायसीना समेत शहरी क्षेत्र से लोग भाग लेंगे। सतबीर पहलवान ने बताया कि टैल से लगते गांवों में रहने वाले ग्रामीणों से टोल नहीं वसूला जाए। जिसका पहले भी विरोध किया गया था। क्षेत्रवासी इस संबंध में पहले भी केन्द्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गड़करी से लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की गई थी। सभी ने ग्रामीणों को टोल फ्री करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद ग्रामीणों से टोल वसूल किया जा रहा है।

### 52 करोड़ 52 लाख रुपये में तैयार हुए हैं चार प्रोजेक्ट

**गुरुग्राम।** यहां हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के निकट नवनिर्मित अंडरपास, फ्लाईओवर तथा दो फुटओवरब्रिज के निर्माण पर 52 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत आई है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इनका लोकार्पण किया। इसके साथ ही यहां से वाहन फर्राटा भरने लगे और लोग आसानी से सुरक्षित फुटओवर ब्रिज से सड़क पार करने लगे। हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास बनाए गए अंडरपास की लंबाई 750 मीटर की है। यह चार लेन का है। इसी प्रकार फ्लाईओवर की लंबाई 245 मीटर है। इनके अलावा सिग्नेचर टॉवर व इफको चौक पर दो फुटओवर ब्रिज बनाए गए है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मुताबिक गुरुग्राम सेक्टर-111 से 115 के लिए शुरू की गई जल वितरण प्रणाली से 92 हजार आबादी को लाभ होगा। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री के पब्लिक सेफ्टी एडवाइजर अनिल कुमार राव, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, मेयर मधु आजाद, भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, मंडलायुक्त राजीव रंजन, पुलिस आयुक्त कला रामाचंद्रन, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहूजा सहित जीएमडीए के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### गुरुग्राम: वजीराबाद में बनेगा राव बिरेंद्र सिंह खेल परिसर

**गुरुग्राम।** जिला के वजीराबाद गांव में भव्य खेल परिसर बनाया जाएगा, जिसका नाम पूर्व केन्द्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राव बिरेन्द्र सिंह के नाम पर होगा। यह घोषणा शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन को यातायात जाम से मुक्त करने के लिए पूरी की गई विकास परियोजनाओं के लोकार्पण अवसर पर बोलते हुए की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वजीराबाद का यह खेल परिसर लगभग 11 एकड़ भूमि पर बनेगा और इस पर लगभग 212 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस परियोजना की रूपरेखा तैयार की जा रही है और जल्द ही इसकी आधारशिला रखकर निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस भव्य खेल परिसर में मल्टीपर्पज हॉल, इंडोर गेम्स के लिए भी व्यवस्था होगी। इसके अलावा 18 खेलों की फैकल्टी यहां पर उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वजीराबाद का यह खेल परिसर खिलाड़ियों के लिए आधुनिकतम स्थान बनेगा जहां पर खेलों की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल गांव वजीराबाद में चिह्नित राव बिरेन्द्र सिंह खेल परिसर स्थल को देखने भी गए। वहां पर उन्होंने नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मौके पर ही खेल परिसर का नक्शा देखा और वहां उपलब्ध करवाई जाने वाली खेल सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की।

# गुरुग्राम में 1000 एकड़ भूमि पर विकसित होगी ग्लोबल सिटी

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो हरियाणा का गुरुग्राम शहर विश्वभर के निवेशकों का आकर्षण का केन्द्र बन गया है, परंतु ग्लोबल सिटी विकसित होने के बाद यहां और भी ज्यादा निवेशक आएंगे। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां क्राउन प्लाजा होटल में पत्रकारों से बातचीत में कही। इससे पूर्व उन्होंने ग्लोबल सिटी विकसित करने के लिए कंसल्टेशन बैठक ली। बैठक में देशभर के प्रमुख डेवेलपर्स तथा रियल एस्टेट से संबंधित बड़ी कंपनियों से बातचीत की गई।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सभी ने खुले मन से चर्चा में हिस्सा लिया और इस चर्चा में बहुत से अच्छे सुझाव आए हैं। उन सुझावों के आधार पर ग्लोबल सिटी विकसित करने की प्लानिंग करेंगे। एक महीने के बाद फिर से बैठक होगी। तब सभी हितधारकों को बुलाकर उस काम को आगे बढ़ाएंगे और विश्व स्तर की अच्छी ग्लोबल सिटी यहां विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह ग्लोबल सिटी गुरुग्राम में एनपीआर और सीपीआर के बीच लगभग 1000 एकड़ भूमि पर विकसित करने की योजना है। उसमें बड़े व छोटे प्लाटों की सारी योजना बनाई जाएगी, ताकि बड़े बिजनेसमैन उसमें आएं।

# डेरा प्रेमियों ने जालान नेत्र अस्पताल में लगाया वाटर कूलर

## सीएमओ, पीएमओ ने किया लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



भिवानी के सेठ किशन लाल जालान नेत्र अस्पताल में डेरा सच्चा सौदा की साध संगत की ओर से लगाए गए वाटर कूलर का लोकार्पण करते सीएमओ डा. रघुवीर शांडिल्य व पीएमओ डा. एडविन रंगा।

**डेरा** सच्चा सौदा की साध-संगत की ओर से यहां महम गेट स्थित सेठ किशन लाल जालान नेत्र अस्पताल में वाटर कूलर लगाया गया है। शुक्रवार को इसका लोकार्पण सिविल सर्जन डा. रघुवीर शांडिल्य व पीएमओ डा. एडविन रंगा ने रिब्बन जोड़कर किया।

इस अवसर पर संगत की ओर से ब्लॉक भंगीदास सुभाष चुघ, जिम्मेवार घनश्याम इंसा, राजू इंसा, राजू मिस्त्री 15 मेंबर, प्रदीप, ललित, राजकुमार फौजी, बनीता इंसा, पुष्पा इंसा, उषा इंसा, सुनीता इंसा व कांता इंसा समेत कई सेवादार मौजूद रहे। इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. रघुवीर शांडिल्य ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के मार्ग पर चलते हुए डेरा के ये प्रेमी काम कर रहे हैं। इनकी सेवा भावना काबिले तारीफ है। बिना किसी लोभ, लालच के इंसानियत की सेवा ही सच्ची सेवा कही जा सकती है। उन्होंने कहा कि लगातार ये लोग सेवा में जुटे रहते हैं। सेवा की भावना डेरा के सेवादारों से सीखी जा सकती है।

पीएमओ डा. एडविन रंगा ने कहा कि डेरा के सेवादारों द्वारा जनहित में इस वाटर कूलर को लगाया गया है। जो भी इसका उपयोग करे, वह इसकी देखभाल भी करे। उन्होंने अस्पताल के स्टाफ से यहां की साफ-सफाई के लिए भी कहा, ताकि गंदगी ना फैले। उन्होंने कहा कि डेरा सच्चा सौदा की ओर से सेवादारों ने पहले भी बहुत समाजसेवा के काम किए हैं। डेरा सच्चा सौदा भिवानी के जिम्मेवारों की ओर से विश्वास दिलाया गया कि भविष्य में भी जहां भी जरूरत होगी, वे सेवा के लिए हाजिर रहेंगे।

# एलीवेटेड मार्ग पर टोल शुरू, ग्रामीणों का बनेगा पास

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



टोल पर स्थानीय ग्रामीण और कर्मचारी वाद-विवाद करते हुए।

**गुरुग्राम-सोहना** के बीच एलीवेटेड मार्ग पर भोंडसी में बना कुछ खामियों के साथ टोल शुरू हुआ। पहले दिन फास्ट टैग की स्पीड कम होने के कारण वाहनों को टोल पार करने में समय लगा। टोल से लगते आस-पास के दर्जनभर गांवों के ग्रामीण और टोल कर्मियों के बीच सवाल-जवाब हुए।

गुरुग्राम-सोहना बीच निर्माणाधीन एलीवेटेड मार्ग पर भोंडसी में बना टोल शुक्रवार को शुरू कर दिया। यहां से गुजरने वाले वाहनों से सुबह 8 बजे टोल वसूलने की प्रक्रिया शुरु की गई। टोल वसूलने के लिए कर्मचारियों को आधा घंटा पहले बूथों पर तैनात किया। पहले एक घंटा 8 से 9 बजे के बीच वाहनों की संख्यां कम रही, लेकिन 9 बजे के बाद वाहनों की संख्या अधिक बढ़ती चली गई। टोल पर पहले दिन 5 बूथों को बंद रखा। शेष सभी बूथों से वाहनों को निकाला गया। पहले दिन फ ास्टटैग कार्ड से टोल वसूली की प्रक्रिया धीमी रही। जिससे एक वाहन को टोल पार करने में एक से डेढ़ मिनट तक का समय लगा। नेटवर्क धीमा चलने से यह परेशानी हुई। इसके अलावा वाहन चालकों को टोल जमा कराने के लिए फोन-पे व पेटीएम की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

**स्थानीय ग्रामीणों से हुई नोंक-झोक :** टोल से लगते गांव घामडौज, अलीपुर, गढ़ीबाजीदपुर, धुनेला, रायसीना, हरियाहेड़ा, मौहम्मदपुर गुर्जर, भोंडसी, रिठौज, सहजावास, बहलपा, लोहटकी, सिरसका, खाईका और सोहना समेत अन्य गांवों में रहने वाले ग्रामीणों की टोल पार करने के दौरान कर्मचारियों के साथ मामूली कहा-सुनी पूरे दिन चलती रही। लेकिन ग्रामीणों को जब मासिक पास बनवाने की सुविधा की जानकारी देने पर टोल की वसूली की गई।

**टोल पर हैं ये सुविधाएं :** एलीवेटेड मार्ग के टोल पर आम नागरिकों के लिए एम्बुलेंस, पीने का पानी, शौचालय, हाईड्रा, मार्ग पर स्ट्रीट लाइट, टोल परिसर में हाई मास्क लाइट की सुविधा दी गई हैं। फास्ट टैग बनवाने के लिए बैंक कर्मियों की तरफ से टोल के दोनों तरफ एक-एक काउंटर स्थापित किया। फास्टटैग वसूली के लिए मौके पर ही कागजातों की फ ोटो स्टेट की सुविधा टोल वसूलने वाली एजेंसी द्वारा दी गई।

**मासिक पास की है सुविधा :** टोल से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में रहने वाले ग्रामीणों का टोल पार करने के लिए मासिक पास की सुविधा दी गई है। जिसके के लिए 315 रुपये का पास बनेगा। जिससे एक माह में 25 पार टोल फ्री की सुविधा मिलेगी। आम नागरिकों को मासिक पास के लिए 1555 रुपये का पास उपलब्ध होगा। चार पहिया वाले वाहनों को एक बार में 45 रुपये तथा 24 घंटा के अंदर वापसी करने पर 70 रुपये का टोल देना होगा। अन्य वाहनों के लिए 170, 250 और 350 रुपये का टोल वाहनों की अलग-अलग श्रेणी वाले वाहनों से एक बार में वसूली की जाएगी।

**पुलिस को किया जाएगा तैनात:** टोल वसूली के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद से निपटने के लिए पुलिस की क्यूआरटी को तैनात कर दिया।

# हंसराज ने धरने पर आकर किया अहीर रेजिमेंट का समर्थन

## गुरुग्राम के खेड़कीदौला में पिछले 57 दिन से जारी है आंदोलन

## पक्ष और विपक्ष सभी पार्टियों का संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा को मिल रहा समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में अहीर रेजिमेंट की मांग पर दिए जा रहे धरने पर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री हंसराज अहीर का स्वागत करते लोग।

**संयुक्त** अहीर रेजिमेंट मोर्चा की ओर से अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर जारी आंदोलन शुक्रवार को 57वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और भारत सरकार में पूर्व गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर अपना समर्थन देने पहुंचे। इस दौरान उनका मोर्चा की ओर से स्वागत किया गया।

हंसराज अहीर ने संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि अहीर रेजिमेंट का गठन जरूर होना चाहिए। वे इसके लिए व्यक्ति रूप से पार्टी के बड़े नेताओं से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि यादव समाज ने देश की रक्षा के लिए आजादी के आंदोलन से लेकर अब तक अपना भरपूर सहयोग दिया है। देश की सीमाओं से लेकर देश की आंतरिक सुरक्षा में यादव समाज के युवा तैनात हैं। यादव समाज के इतनी बड़ी संख्या में सेना में सैनिक, अधिकारी होने के बावजूद अहीर रेजिमेंट नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर नागरिक, हर क्षेत्र, हर समाज के लिए बहुत कुछ किया है। उन्हें उम्मीद है कि सरकार इस विषय पर जल्द ही सकारात्मक कदम उठाते हुए इस मांग को पूरा करेगी।

पूर्व गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर के साथ दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष सुनील यादव, अनिल यादव, हिमांशु यादव, रामखिलाड़ी, संजय यादव, जगदीप, संजीव यादव भी मोर्चा की मांग का समर्थन करने पहुंचे। धरने पर सामान्य दिनों की तरह शुक्रवार को भी गुरुग्राम के खेड़कीदौला समेत आसपास के गांवों के लोग, अन्य जिलों से लोगों ने आकर समर्थन दिया। साथ ही मोर्चा के इस निर्णय का भी समर्थन किया कि इस आंदोलन को अब अन्य प्रदेशों में भी शुरू किया जाना चाहिए। अहीर समाज देशभर में फैला है। समाज के युवा देश के हर कोने से देश की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं।

संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा की ओर से धरने पर पहुंचे नेताओं, आम नागरिकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आंदोलन को सभी के सहयोग से ही मजबूती मिली है। भविष्य में भी सभी आंदोलन के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे, यही उम्मीद मोर्चा को है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन की सबसे बड़ी बात यही है कि यहां पक्ष और विपक्ष दोनों का समर्थन मिल रहा है। यानी हर कोई अहीर रेजिमेंट के गठन के समर्थन में है। ऐसे में वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहीर रेजिमेंट के गठन की घोषणा करके अहीर समाज को बड़ा तोहफा देंगे।

# वेदांतु ने W.A.V.E 2.0 लॉन्च किया, एक इमर्सिव लाइव प्लेटफॉर्म जो भारत में ऑनलाइन लर्निंग को ले जाता है एक नया आयाम पर

**पायनियर समाचार सेवा।** दिल्ली

## पिछले वर्ष में 280 मिलियन छात्रों ने वेदांतु की वेबसाइट को विजिट किया और इसके यूट्यूब चैनलों को 500 मिलियन बार देखा गया

Vedantu WAVE 2.0

**लाइव** ऑनलाइन लर्निंग में अग्रणी वेदांतु ने आज दुनिया के सबसे इंटरैक्टिव और प्रभावी क्लासरूम W.A.V.E 2.0 को अपने इवेंट-वोटोपिया में लॉन्च किया। पेटेंट तकनीक, लर्निंग के अनुभव और प्रदर्शन की पहचान को एक नए स्तर पर फिर से परिभाषित करेगी। W.A.V.E (व्हाइटबोर्ड ऑडियो वीडियो एनवायरनमेंट) लर्निंग प्लेटफॉर्म का 2.0 संस्करण, हर बच्चे को प्रेरित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने और भारत में एजुकेशन को एक नए पैमाने पर ले जाने की कल्पना करता है। W.A.V.E की शक्ति छात्र जुड़ाव, शिक्षण प्रभावशीलता और लर्निंग के परिणामों को मापने के लिए I / ML उपयोग करके रियल टाइम में 100+ मापदंडों को मापने की अपनी अभूतपूर्व क्षमता में है। यह शानदार तकनीक चेहरे की पहचान, सामग्री, व्हाइटबोर्ड उपयोग विश्लेषण, वर्बल इंटरेक्शन विश्लेषण, संदेह विश्लेषण, स्वर और भावना विश्लेषण, और बहुत से अन्य तरीकों के माध्यम से सटीक अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। अकल्पनीय पैमाने पर प्रौद्योगिकी और पर्सनलाइजेशन के आगमन के साथ, छात्र आज अध्ययन विधियों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ते हैं जो मज़ेदार, इंटरैक्टिव और रेवार्डिंग हैं, W.A.V.E 2.0 प्रत्येक बच्चे के लिए सर्वश्रेष्ठ-व्यक्तिगत शिक्षण, लर्निंग और पहचान लाता है, यह 10 गुणा अधिक आकर्षक, प्रभावी, प्रेडिक्टेबल है और लाखों छात्रों के लिए एक बहुत छोटी सी कीमत पर कायापलट लर्निंग के लिए डिजाइन किया गया। उन्नत एआई/एमएल प्रौद्योगिकी के एकीकरण के साथ, वेदांतु ऑनलाइन शिक्षा के भविष्य के लिए मानक स्थापित कर रहा है। इस प्लेटफार्म के यूजर एक्सपीरियंस का उद्देश्य सभी छात्रों की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना है। भारत के लिए टू इनोवेशन - W.A.V.E 2.0 उच्चतम गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान करता है और अन्य प्लेटफार्मों की तुलना में 40% कम बैंडविड्थ का उपयोग करता है।

वेदांतु के सीईओ और सह-संस्थापक वामसी कृष्णा ने कहा, हम अपनी पेटेंट तकनीक के साथ छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपनी स्थापना के बाद से, W.A.V.E का उपयोग 4000+ शिक्षकों द्वारा 24 मिलियन छात्रों को 70 मिलियन घंटों तक पढ़ाने के लिए किया गया है। ये छात्र 7300+ शहरों और कस्बों से आए थे, जो कि भारत के कुल शहरों और कस्बों का लगभग 92% है। W.A.V.E 2.0 के साथ, हम एक ऐसा लर्निंग एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं जो जिज्ञासा जगाए और हर छात्र को पूरी लर्निंग की प्रक्रिया में और अधिक तल्लीन कर दे। हम एक ऐसी पेशकश का आविष्कार करने के लिए उत्साहित हैं जो शिक्षा की सीमाओं को आगे की ओर बढ़ा रही है और भारत में शिक्षा क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों का समाधान कर रही है।

# एमजी मोटर इंडिया की बिक्री में 2021 की चौथी तिमाही के मुकाबले 2022 की पहली तिमाही में 69 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

## मार्च 2022 में 4721 यूनिट की बिक्री

**एमजी** मोटर इंडिया की बिक्री में 2021 की चौथी तिमाही के मुकाबले 2022 की पहली तिमाही में 69 फीसदी का उछाल आया है। कार निर्माता कंपनी ने मार्च 2022 में कुल 4721 वाहनों की बिक्री की और इस दौरान उसे कोविड-19 के नए वैरिएंट और वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत जैसी समस्याओं की वजह से आपूर्ति के मोर्चे पर चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा।

एमजी मोटर इंडिया ने एस्टर, हेक्टर, ग्लॉस्टर और ऑल-न्यू जेडएस ईवी सहित अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को लेकर ग्राहक पूछताछ और बुकिंग में सकारात्मक गति दर्ज की है। दुनिया भर में मौजूदा आपूर्ति बाधाओं की अस्थिरता को ध्यान में रखते हुए कार निर्माता कंपनी अपने उत्पादन को स्थिति के मुताबिक समायोजित कर रहा है। हाल ही में लॉन्च किए गए ऑल-न्यू जेडएस ईवी को मार्च के भीतर ही 1500 से अधिक की बुकिंग्स मिली है, जो मजबूत ग्राहक प्रतिक्रिया को दर्शाता है। ऑल-न्यू जेडएस ईवी उन्नत तकनीक के साथ सबसे बड़ी इन-सेगमेंट 50.3 एमएएच बैटरी के साथ आता है, जो एक बार चार्ज करने पर 461 किमी की प्रमाणित रेंज पेश करता है। एमजी भारत में एक स्थायी भविष्य बनाने की दृष्टि से ईवी पारितंत्र को मजबूत करने और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने को बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाना जारी रखे हुए है।

# टियर-2 और टियर-3 श्रेणी के शहरों में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी तेजी से हो रहा है बदलाव : रोहित गजभिये, फाइनेंसपीयर

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ



**फाइनेंसपीयर** के संस्थापक एवं सीईओ, रोहित गजभिये के अनुसार, भारत में एडटेक इंडस्ट्री के विकसित होने की वजह से शिक्षा के क्षेत्र में, खास तौर पर टियर-2 और टियर-3 श्रेणी के शहरों की शिक्षा व्यवस्था में बड़ी तेजी से बदलाव देखा जा रहा है।

आम लोगों द्वारा ऑनलाइन शिक्षा को अपनाने तथा एडटेक के विकास के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए, श्री गजभिये ने कहा कुछ समय पहले तक अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा सिर्फ दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित थी। हालांकि, सरकार की ओर से लगातार किए जा रहे प्रयासों और डिजिटल शिक्षा का दायरा बढ़ने की वजह से अब हम टियर-2 और टियर-3 श्रेणी के शहरों में भी अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने के बारे में सोच सकते हैं। इस बदलाव में एडटेक इंडस्ट्री की भूमिका बेहद अहम रही है, क्योंकि बहुत से निजी संस्थानों ने टेक्नोलॉजी में काफी निवेश किया है ताकि ऑनलाइन शिक्षा को महानगरों से बाहर सभी के लिए सुलभ बनाया जा सके।

गौरतलब है कि, वर्ष 2020 में भारत में एडटेक इंडस्ट्री में लगभग 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश हुआ। यह निवेश विशेष रूप से एडटेक क्षेत्र में नई तकनीक लाने और कुछ नया कर दिखाने वाले स्टार्ट-अप्स में किया गया है। इस तरह के स्टार्ट-अप्स की भूमिका पर जोर देते हुए श्री गजभिये ने कहा कि, ऐसे कई स्टार्ट-अप्स हैं जिन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के अलावा फीस के भुगतान की समस्या को भी दूर करने की कोशिश की है, जो सही मायने में स्कूलों के साथ-साथ अभिभावकों की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। उन्होंने आगे कहा, टियर-2 और टियर-3 श्रेणी के शहरों के लिए सिर्फ टेक्नोलॉजी ही एकमात्र समस्या नहीं है, बल्कि महामारी की वजह से उन शहरों में रहने वाले लोगों को आर्थिक रूप से भी काफी नुकसान उठाना पड़ा है। पढ़ाई की फीस के लिए फाइनेंसिंग की सुविधा उपलब्ध कराने वाले स्टार्ट-अप्स की वजह से उनका हौसला काफी बढ़ा है। फाइनेंसपीयर के संस्थापक ने बताया कि आज पढ़ाई की फीस के लिए फाइनेंसिंग की सुविधा समय की मांग बन गई है। उन्होंने कहा, पढ़ाई की फीस के लिए फाइनेंसिंग की सुविधा, वाकई शिक्षा के क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स द्वारा बड़ा बदलाव लाने के लिए शुरू की गई पहलों में से एक है। ऐसे स्टार्ट-अप्स, स्कूल को छात्र के पूरे सेमेस्टर की फीस का पहले ही भुगतान कर देते हैं। फिर माता-पिता कंपनी को आसान किस्तों में धीरे-धीरे राशि चुका सकते हैं, जिन पर अक्सर ब्याज नहीं लिया जाता है। यह व्यवस्था स्कूलों के साथ-साथ छात्रों के परिवारों, दोनों के लिए बेहद फायदेमंद है।

# सूरजकुंड मेला : 14 दिनों में सभी उम्मीदों पर फिर गया पानी

## वजह ये है कि पिछले 14 दिनों से यहां दर्शक आ रहे हैं कम

कविता। फरीदाबाद



जामदानी साड़ी दिखाते हुए प्रताप आदित्या खां।

**सूरजकुंड** मेले में पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के शांतिपुर से पहली बार आए नेशनल आवार्डी प्रताप अदित्या खां की पूरी उम्मीदों पर पानी फिर गया। कुछ ऐसा ही कहना था सूरजकुंड मेले में शुक्रवार को लगे स्टॉल नम्बर 623 पर बैठे प्रताप अदित्या खां का। पश्चिम बंगाल से पहली बार स्टॉल लगाने वाले प्रतापादित्या खां को तो यहां आकर एक सीख मिली।

**टूट गई उम्मीद:** पश्चिम बंगाल से आए प्रताप आदित्या खां ने कहा कि वह मेले में पहली बार आए हैं। उनके घर में माता अंजू रानी, पिता देवनाथ खां, पत्नी शताब्दी, बेटी देवांजन और भैया-भाभी हैं। उन्होंने बताया कि वह हैंडलूम की साड़ी और दुपटटे व स्टॉल मेले में लेकर आए हैं। उन्हें फिलहाल छोटी चौपाल के निकट ही स्टॉल मिला है। लेकिन उनका कहना है कि जो उम्मीद लेकर वे 35वें अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प सूरजकुंड मेले में आए थे, वह सब टूट गया है। क्योंकि पिछले 14 दिनों से यहां दर्शक कम आ रहे है और जिस तरह की बिक्री यहां होनी चाहिए थी। वह नहीं हुई है। मेले से उन्हें एक सीख मिली कि अक्सर उम्मीद टूट ही जाती है।

उन्होंने बताया वह मेले में हैंडलूम की डबल क्लॉथ साड़ी, जिसकी कीमत चार से साढ़े चार हजार है। जामदानी साड़ी 1600 से आठ हजार रुपये की, कथावार्ड साड़ी 1200 से तीन हजार रुपये तक और स्टॉल व दुपट्टे 500 से 1500 रुपये तक के लेकर यहां आए हैं। यह सभी खड्डी और जैकेटवाड के जरिये तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि वह छठीं कक्षा से इस काम में अपने पिता देवनाथ खान के साथ सहयोग करना शुरू किया था। नौवीं कक्षा तक पढ़ाई के बाद से उन्होंने इस काम को संभालना शुरू कर दिया।

वर्ष 2009 में उन्होंने डब्ल्यूसी से ट्रेनिंग ली और रिपलेशन कोर्स किया। जिसके जरिये वह मास्टर ट्रेनर बन गए और अब तक 20 से 25 हजार लोगों मास्टर ट्रेनर के रूप में ट्रेनिंग दी है। इस काम को डेढ़ हजार लोगों को सिखाया है। यह काम उन्होंने घर के हालात ठीक न होने पर शुरू किया था। मां अंजू रानी और पिता को दो वक्त का खाना समय पर बनाने के लिए तरसना पड़ता था। उन्होंने बताया कि उनके नाना हराधोन प्रोरामानिक को 1968 में इस कार्य के लिए नेशनल आवार्ड मिला था। वहीं 2011 में उन्हें हैंडलूम में नेशनल आवार्ड मिला था।

## जिले के 117 प्ले स्कूलों में दाखिला शुरू

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में आंगनवाडी से अपग्रेड हुए 117 प्ले स्कूलों में शुक्रवार से दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई। इसका उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, प्रह्लादपुर के आंगनवाडी से विधिवत शुभारंभ किया।

इस मौके पर डीसी ने जिला के सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे निजी स्कूलों की बजाय सरकार द्वारा शुरू किए गए इन प्ले स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करवाएं। यहां पर उनके खाने-पीने की व्यवस्था सहित तमाम सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। इन प्ले स्कूल में खेल-खेल में बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा दी जाएगी। प्ले स्कूल के शुभारंभ अवसर पर उपायुक्त ने सभी आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अध्यापकों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# फरीदाबाद, दिल्ली और पलवल पुलिस मिलकर लगाएगी अपराधों पर लगाम

## रणनीति तैयार करने के लिए तीनों शहरों के पुलिस अधिकारियों की हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सेक्टर 21 सी स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

**शातिर** अपराधियों पर हरियाणा व दिल्ली पुलिस संयुक्त अभियान चलाकर करेगी कार्रवाई। इसके लिए फरीदाबाद के दिल्ली के साथ सटे एरिया में तैनात पुलिस अधिकारियों की एक बैठक पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस आयुक्त व विकास कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें फरीदाबाद से डीसीपी हेडक्वार्टर नीतीश अग्रवाल, जयवीर राठी डीसीपी बल्लभगढ़, नरेन्द्र कादियान डीसीपी क्राइम, सुरेन्द्र कुमार डीसीपी ट्रैफिक, नंहू जिले के एसपी वरण सिंगला, एसीपी हेड क्वार्टर विष्णु दत्त, देवेन्द्र कुमार एसीपी सराय, महेन्द्र वर्मा एसीपी ओल्ड, सत्यपाल एसीपी सेन्ट्रल, सुखबीर सिंह एसीपी बड़खल, दलबीर सिंह एसीपी मुजेसर,मुनिष सहगल एसीपी बल्लभगढ़, सुरेन्द्र कुमार एसीपी तिगांव, विनोद कुमार एसीपी आदर्श नगर, भगत राम एसीपी ट्रैफिक, पलवल जिले के डीएसपी शिवचरण, एसएचओ सुरजकुण्ड, एसएचओ धौज, एसएचओ सराय, एसएचओ पल्ला, एसएचओ ट्रैफिक, एसएचओ मैट्रो मौजूद रहे।

बैठक में दिल्ली पुलिस के साउथ रेंज की ज्वाइंट सीपी मीनू चौधरी, एडिशनल सीपी ट्रैफिक शिबेश सिंह, डीसीपी साउथ बेनिता जयकर, डीसीपी साउथ ईस्ट ईशा पांडे, एडिशनल डीसीपी साउथ ईस्ट सुरेंद्र चौधरी सहित बॉर्डर एरिया के एसीपी व थानों के एसएचओ मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में बॉर्डर क्रॉस अपराध को लेकर सहयोग में मजबूती कार्य करने पर मीटिंग में निम्न मुद्दों पर बात हुई। जिसमें मोस्ट वांटेड अपराधियों, गैंगस्टरों, पीओ, बेल जंपर्स आदि के संबंध में सूचना साझा करना और सीमा पार क्षेत्रों में उनकी गिरफ्तारी में मजबूती से सहयोग किया जाएगा। सीमा पार से प्रभाव वाले स्थानीय सूचना को साझा किया जाएगा। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में किरायेदार/सेवक सत्यापन का अभियानों को मजबूती से तेज किया जाएगा। अंतरराज्यीय आपराधिक गिरोहों पर सहयोग/समन्वित कार्रवाई और निगरानी और मजबूती लाई जाएगी। दिल्ली और हरियाणा के बीच सीमापार छापेमारी में सहयोग करने मजबूती से कार्य किया जाएगा। जेल से रिहा किए गए हार्ड कोर अपराधियों और सीमा पार क्षेत्रों में उनकी निगरानी के आंकड़ों का साझा करने में सहयोग किया जाएगा ताकि अपराध में कमी लाई जा सके। अंतरराज्यीय नाकों पर संयुक्त गश्त/जांच में सहयोग किया जाएगा।

सीमा पार से अवैध शराब, नशीले पदार्थों और आग्नेयास्त्रों की तस्करी के खिलाफ कार्यवाही में मजबूती से सहयोग किया जाएगा। दिल्ली की ओर नहरों के माध्यम से यूआईडीबी से संबंधित मुद्दे और उनका पोस्टमार्टम करने में सहयोग किया जाएगा। जिप नेट पोर्टल पर तारीख का अद्यतनीकरण आपस में एक दूसरे का सहयोग किया जाएगा। रैलियों, प्रदर्शनों और आंदोलनों के बारे में सूचना का वास्तविक समय साझा करना, सीमा पार प्रभाव वाली किसी भी कानून और व्यवस्था की स्थिति आपस में साझा किया जाएगे। सीमा पार क्षेत्रों में वीवीआईपी आंदोलनों में सुरक्षा को लेकर सहयोग में मजबूती से कार्य किया जाएगा।

# खेड़ी गुजरान कॉलेज में सात करोड़ से बनेगा ऑडिटोरियम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


विधायक नीरज शर्मा का स्वागत करतीं राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान की प्रिंसिपल कृष्णा श्योरॉन।

**एनआईटी** विधानसभा के राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान को पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित शिव चरण लाल शर्मा के द्वारा अपने कार्यकाल में बनवाया गया था, क्योंकि फरीदाबाद में सिर्फ एक ही सरकारी महाविद्यालय था। जिसके कारण एनआईटी विधानसभा के छात्रों को काफी दूर जाना पड़ता था। लोगों की काफी अरसे से मांग थी मांग को देखते हुए पूर्व मंत्री पंडित शिवचरण लाल शर्मा ने हुड्डा सरकार में मुख्यमंत्री जी से मांग करके इस कॉलेज का निर्माण कार्य करवाया था।

विधायक नीरज शर्मा ने बनते ही दिसंबर माह के विधानसभा सत्र में मांग रखी थी कि इस कॉलेज में ऑडिटोरियम बनवाया जाए वह लैपटॉप उपलब्ध करवाए थे क्योंकि यह मांग कॉलेज प्रबंधन द्वारा विधायक नीरज शर्मा से की गई थी इसी को देखते हुए अब सरकार द्वारा खेड़ी कॉलेज में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को 6 करोड़ पचास लाख की अनुमति जारी कर दी है। जल्द ही लोक निर्माण विभाग इसका कार्य शुरू करवाएगा, इस ऑडिटोरियम के बनने से हजारों छात्रों को इसका फायदा होगा। क्योंकि इस कॉलेज में एनआईटी विधानसभा के नहीं फरीदाबाद के अन्य विधानसभाओं के बच्चे भी पढ़ते हैं। इसके साथ ही कॉलेज प्रबंधन ने अपनी कुछ मांगे विधायक नीरज शर्मा के सामने रखी। इसमें एमकॉम का नया कोर्स शुरू करवाने के लिए, प्लेग्राउंड जर्जर हालत में पड़ा है उसको डेवलप करवाने, महिला छात्रों के लिए बस की सुविधा शुरू कराने के लिए अनुरोध गया जिस पर विधायक नीरज शर्मा द्वारा मौके पर ही सचिव ट्रांसपोर्ट विभाग से बात कर जल्द से जल्द बस सुविधा शुरू कराने बारे निर्देश दिए गए हैं नए टीचिंग ब्लॉक की अनुमति आ गई है लेकिन पैसा अभी तक नहीं आया। उसको जल्द से जल्द जारी करवाने बारे अनुरोध किया गया।

# ओपन आई मेडिटेशन पद्धति दूर करती है तनाव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**आधुनिक युक** की भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारे अंदर एकाग्रता व ध्यान की समस्या बढ़ रही है। तनाव की वजह से मन भी शांत नहीं रह पाता। इसी समस्या का समाधान अंर्तराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले की स्टाल नम्बर 910 पर मिलेगा।

मेले में स्टाल नम्बर 910 पर उत्तरप्रदेश के प्रदीप रंजन ने ओपन आई मेडिटेशन पर आधारित वैज्ञानिक पद्धति के माध्यम से जादूई पेंटिंग तैयार की हैं जिससे आप अपनी एकाग्रता को बढ़ा सकते हैं। प्रदीप रंजन ने बताया कि इस पेंटिंग में छिपे हुए डिजाईन के फ्रे म में अपनी परछाई को लगभग आधा से एक मिनट तक लगातार देखने पर आपको एक आकृति नजर आनी शुरू हो जाएगी और आपकी ध्यान शक्ति का विकास होगा। पेंटिंग को देखने से तनाव से भी मुक्ति मिलती है। इसके साथ-साथ नेत्र ज्योति एवं अंत: दृष्टि दोनों का विकास भी करती है। यह पेंटिंग ऐसी तकनीक से तैयार की गई है जिससे आपके मन को शांति मिलती है और तनाव भी कम होता है। उन्होंने बताया कि पेंटिग का प्रतिदिन 15 मिनट प्रयोग करने से आंखों की रोशनी बढ़ती है और रक्त संचालन में भी सुधार होता है। प्रदीप रंजन ने कहा कि ओपन आई मेडिटेशन पर आधारित इस पेंटिंग को उचित दूरी पर पकड़कर अपनी आंखों को तनाव मुक्त करते हुए ठीक सामने टकटकी बांधकर देखें।

# जेसी बोस के इंजीनियर्स ने बनाया ऑल टरेन व्हीकल

## विश्वविद्यालय की टीम एसएई इंडिया बाहा सीरिज के 15वें संस्करण में लेगी हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


जेसी बोस विश्व विद्यालय में मैकनैक्स्ट रेसिंग कार टीम के साथ कुलपति प्रो. एसके तोमर।

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विद्यार्थियों द्वारा डिजाइन एवं विकसित ऑल टरेन व्हीकल (सभी तरह के मैदानों पर चलने में सक्षम वाहन) को विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया गया। यह वाहन एसएई इंडिया 2022 इवेंट के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के 20 छात्रों की मैकनैक्सट रेसिंग टीम द्वारा तैयार किया गया है।

एसएई इंडिया बाहा सीरिज के 15वें संस्करण का तीसरे चरण 6 अप्रैल से नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (नैट्रैक्स), पीथमपुर में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति प्रो. एसके तोमर ने इस ऑल टेरन वाहन का अनावरण किया। कुलपति प्रो. तोमर ने वाहन के सफल निर्माण के लिए टीम के सदस्यों को बधाई दी और संकाय सदस्यों तथा छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

कुलपति प्रो. तोमर ने टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रोजेक्ट विद्यार्थियों को सही मायने में इंजीनियरिंग के कौशल सीखने का अवसर प्रदान करते है तथा यह विद्यार्थियों की इनोवेशन का एक अनूठा उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से वाहन से संबंधित तकनीकी जानकारी भी हासिल की।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार तथा कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। प्रो. राज कुमार ने कुलपति को विद्यार्थियों के विभिन्न उपलब्धियों से भी अवगत करवाया।

## आंगनबाड़ी : हड़ताल को आगे बढ़ाने को दिया नोटिस

**फरीदाबाद।** आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं की संयुक्त तालमेल कमेटी ने हड़ताल को आगे बढ़ाने का नोटिस दिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ों आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय के सामने पहुंची। यहां पर जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए।

आंदोलनकारी बर्खास्त आंगनबाडी वर्कर हेल्पर को बहाल करो, टर्मिनेट करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने के नारे लगा रहे थे।इसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास परियोजना फरीदाबाद के नाम जारी पत्र में हड़ताल को 15 अप्रैल तक बढ़ाने का नोटिस जिला उपायुक्त कार्यालय में सीटीएम फरीदाबाद को सौंपा गया। यह जानकारी सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। आज के प्रदर्शन का नेतृत्व जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र री कर रही थी। जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव माल वाती ने किया।

# IOM ने निति आयोग की के साथ मिलकर, सुरक्षित प्रवास ( सेफ माइग्रेशन ) के विषय पर एक राष्ट्रीय पैनल चर्चा का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**इंटरनेशनल** ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (IOM), N माइग्रेशन ने माइग्रेशन के मुख्य क्षेत्रों, उनके योगदान और एक सम्पूर्ण एनालिसिस का सहयोग करने के लिए, भारत सरकार के थिंक-टैंक, निति आयोग के साथ मिलकर, 29 मार्च, 2022 को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी के होटल ताज पैलेस में एक नेशनल कॉन्क्लेव का आयोजन किया। जैसे-जैसे माइग्रेशन की प्रवृत्ति विकसित हो रही है, अभूतपूर्व चुनौतियों के साथ,हमें हर स्थिति में माइग्रेशन के एक स्थायी, सुरक्षित, और व्यवस्थित मॉडल की दिशा में सहयोग और प्रयासों को समेकित करने की क्षमता को पहचानने की आवश्यकता है।

पूरा कॉन्क्लेव मुख्य तौर से इन बातों पर केंद्रित था

- कोविड -19 महामारी में महत्वपूर्ण चरणों के दौरान विभिन्न राज्यों द्वारा सीखी गई अच्छी प्रथाओं और सबक की पहचान करना और उन्हें सबसे साझा करना।
- प्रवासी श्रमिकों की जिम्मेदार भर्ती के लिए प्राइवेट सेक्टर के साथ साझेदारी करने, जैसे बहु-हितधारक पार्टनरशिप अप्रोच की अमूल्य प्रकृति की समझ विकसित करना।
- नीति आयोग के मसौदे प्रवासी श्रम पर राष्ट्रीय नीति ढांचे द्वारा प्रदान किए गए संदर्भ से उत्साहित प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा के लिए मूल राज्यों (जिस राज्य में श्रमिक रहते हैं ) और गंतव्य राज्यों (जिस राज्य में श्रमिक जा रहे हो ) द्वारा संयुक्त कार्रवाई की दिशा में काम करना; तथा,
- गारमेंट इंडस्ट्री की सप्लाई चैन में महिला माइग्रेंट्स की जरूरतों, चुनौतियों की बेहतर समझ और प्रतिक्रिया को बढ़ावा देना।

कॉन्क्लेव के उद्घाटन समारोह की शुरुआत आईओएम मिशन इन इंडिया के, कार्यालय प्रमुख, संजय अवस्थी जी के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद श्रीलंका और मालदीव के मिशन प्रमुख शरत दास और भारत और भूटान में आईओएम के महानिदेशक के विशेष दूत ने विशेष संबोधन किया। नीति आयोग के उप सलाहकार डॉ. मुनिराजू एसबी ने, एविडेंस-बेस्ड पालिसी फार्मूलेशन और जेंडर सेंसिटिव तरीके से मुआवजे के पैकेजों के डिजाइन और वितरण के साथ-साथ साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण की आवश्यकता के बारे में बात की। उद्घाटन भाषणों ने कॉन्क्लेव के इरादे को लोगो तक पहुंचाया है, जहां प्रतीत होता है कि भिन्न समूह, संवाद, विचार-विमर्श और निर्णय लेने में संलग्न होने के लिए प्राइमरी स्टेकहोल्डर्स के रूप में इकठ्ठा हुए थे, जो माइग्रेशन मैनेजमेंट एफर्ट्स का प्रतीक बन गया है। इसके अलावा पूरे समाज के दृष्टिकोण की पहचान होने के नाते, संजय अवस्थी ने भारत के भीतर और बाहर माइग्रेशन डेटा मैनेजमेंट में भारत सरकार की कठोरता को स्पष्ट किया।

महामारी के कारण हुई आर्थिक उथल-पुथल पर विचार करते हुए, जिसके परिणामस्वरूप 2020 में वैश्विक प्रेषण में 2.2 प्रतिशत की गिरावट आई, शरत दास , उनके योगदान पर गर्व है ने माइग्रेंट श्रमिकों के लचीलेपन के बारे में बात की, अपनी सामाजिक आर्थिक स्थिति के कारण कमजोरियों, पात्रता या स्वास्थ्य सेवाओं जैसी सेवाओं तक पहुंच, उनके सांस्कृतिक या भाषाई बाधाओं के कारण, माइग्रेंट श्रमिकों ने 2019 में 718 बिलियन अमरीकी डालर की तुलना में अभी भी 702 बिलियन अमरीकी डालर का योगदान दिया।

# जयहिंद पार्क में अप्रैल फूल के बजाय मनाया अप्रैल कूल

## भाजपा अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी के नेतृत्व में रोटरी क्लब एनआईटी व रोटरी क्लब नेक्सट व स्थानीय लोगों ने किया पौधारोपण

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 में जय हिंद पार्क में आज भाजपा अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी के नेतृत्व में रोटरी क्लब एनआईटी व रोटरी क्लब नेक्स्ट व स्थानीय लोगों के साथ मिलकर अप्रैल के प्रथम दिन नव विक्रमी संवत पर पौधारोपण कर अप्रैल फूल को अप्रैल कूल बनाने का संदेश दिया। इस मौके पर गणमान्य जनों ने पौधे लगाए तथा शपथ ली कि पौधों के पेड़ बनने तक उनकी देखभाल की जाएगी।

इस मौके पर भाजपा अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी ने कहा कि आज के समय में जिस तरह से पर्यावरण असंतुलन बढ़ रहा है, ऐसे में पौधारोपण करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक प्रयास किया है ताकि अप्रैल फूल की बजाय अप्रैल कूल मनाकर पर्यावरण को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है। पेड़ों द्वारा दी गई ऑक्सीजन से हम जीवित रहते हैं। इसलिए पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। वहीं रोटरी क्लब एनआईटी के वीरेंद्र मेहता ने कहा कि एक व्यक्ति पूरे वर्ष जितना प्रदूषण फैलाता है, उसकी पूर्ति 300 पेड़ लगाने पर होती है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में अवश्य ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए।

वहीं रोटरी क्लब नेक्सट के प्रधान नवीन पसरीचा ने कहा कि फरीदाबाद प्रदूषित शहरों में हमेशा शुमार रहता है। हर साल प्रदूषण के चलते उद्योगों को बंद करने की नौबत आती है। ऐसे में यदि अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाए जाएंगे तो पर्यावरण संतुलन बना रहेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग में किया पुरस्कार वितरण



**फरीदाबाद।** भारतीय मानक ब्यूरो फरीदाबाद शाखा द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्टैंडर्ड क्लब के अंतर्गत आयोजित निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारी अजय कुमार सोनी व गौरव कुमार और स्कूल के प्रधानाचार्य परेश गुप्ता के सहयोग से किया गया। बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम छात्रों के साथ सुना और उनकी राय जानी।

## कब्बाली और नुक्कड़ नाटक के जरिये कानूनी जागरूकता

**फरीदाबाद।** जिला सत्र न्यायधीश एवं जिला विधिक प्राधिकरण के चेयरमेन वाईएस राठौर के दिशानिर्देशन में 35वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेंले में हरियाणा राज्य सेवा प्राधिकरण का स्टॉल लगाया गया है। स्टॉल नम्बर 826 और 827 में न्याय बेटियों की थीम पर कूननी जानकारी दी जा रही है। यह स्टॉल जिला विधिक प्राधिकरण फरीदाबाद के सीजीएम मंगलेश कुमार चौबे, पलवल के सीजीएम पियुष शर्मा और नूंह के सीजीएम प्रतीक जैन की देखरेख में चल रही है। इस बारे में जानकारी देते हुए वरिष्ठ एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस स्टॉल पर अब तक 3000 लोग विजिट करके गए है। वहीं उन्होंने बताया कि स्टॉल पर करीब 60 हजार लोगों को जागरूक किया गया है। जागरूकता के लिए पैनल एडवोकेट और मानव रचना और बीएस अनंगपुरिया कॉलेज के स्टुडेंट जागरूक कर रहे है। वह मेले में आ रहे लोगों को कानूनी जानकारी दे रहे है। उन्होंने बताया कि स्टॉल पर मनोरंजन के साथ कानूनी जानकारी दी जा रही है। जिसके लिए लोगों को बुकलेट और कानून की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नुक्कड़ नाटक और डांस के जरिये न्याय बेटियों की थीम पर दर्शकों को कानूनों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने विस्तार से बताया कि तीन बातों पर महिलाओं को न्याय मिलता है। पहला पीड़िता को न्याय मिले। आरोपी को सजा मिले और तीसरी मुख्य बात यह है कि सजा ऐसी हो, कि लोगों को सबक मिले। इस दौरान लोगों को एसिड अटैक वाली पीड़िताओं के न्याय के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत उन्हें बताया जा रहा है कि पीड़िता को मुआवजे और फ्री ऑपरेशन तक करवाया जाता है।

## मूक-बधिर बच्चों का हुनर देख चकित हो रहे पर्यटक


सूरज कुंड मेला परिसर में मूक बधिर बच्चो द्वारा बनाए गया समान पर्यटको के लिए आर्कषण का केन्द्र बना।


**फरीदाबाद।** कहते हैं प्रत्येक दिव्यांगजन को भगवान ने कोई ना कोई एक हुनर से नवाजा होता है और वही गुण उसे विशेष बनाता है। ऐसा ही हुनर है श्रवण तथा वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र के बच्चों में है। ये मूक बधिर बच्चे भले ही सुनने व बोलने की क्षमता नहीं रखते लेकिन इनके द्वारा कपड़ों से बनाए गए उत्पाद तथा उन पर की गई गजब की कढाई इनके हुनर की गवाही दे रही है। हम बात कर रहे हैं सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में श्रवण तथा वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र की ओर से लगाए गए स्टाल की। हरियाणा वेलफेयर सोसायटी फॉर पर्सन विद स्पीच एंड हियरिंग इंपेयरमेंट की तरफ से इस मेले में स्टाल नंबर 903 पर मूक बधिर बच्चों द्वारा बनाए गए उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। इन बच्चों द्वारा तैयार किए गए सूट, दुपट्टे, बेडशीट, कुर्ता, मास्क बैग तथा थालपोस आदि बेहद आकर्षक हैं। इस स्टॉल पर बैठी मूक बधिर कोमल जब भी कोई खरीददार उसके स्टाल पर आता है तो वह इशारों में ही खुश होकर अपने उत्पाद की खासियत बताने की कोशिश करती है। इसके साथ ही केंद्र की छात्रा तमन्ना भी लोगों को उत्पाद की खासियत बताने में मशगूल रहती है। स्किल कंसल्टेंट फॉर टैक्सटाइल्स एंड डिजाइनिंग सुप्रिया अरोड़ा तंवर ने बताया कि श्रवण तथा वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र ऐसे बच्चों को शुरू से ही शिक्षा के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट करने का काम करता है। हरियाणा में गुरुग्राम, हिसार, सिरसा, करनाल, नूह, सोनीपत तथा पंचकूला में केंद्र चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा पंचकूला मुख्यालय पर अलग से एक केंद्र चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोसायटी की स्टेट चेयरमैन शरणजीत कौर की अगवानी ने केंद्र के बच्चों ने कई राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त किए हैं। केंद्र की ओर से अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डिजीटल साइन लैब भी चलाई जा रही है।

## काजल ने जीता बेस्ट स्वयं सेविका का खिताब


स्वयं सेविका बेस्ट सेविका का खिताब दिखाती विजेता।

**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16 ए फरीदाबाद की एनएसएस इकाई की स्वंय सेविका काजल ने विश्वविद्यालय स्तर पर सर्व श्रेष्ठ एनएसएस स्वंय सेवक का खिताब जीता है। महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने 30 मार्च को एक विश्वविद्यालय में आयोजित एक सम्मान समारोह में स्वंय सेविका को 5000 रूपये एवं मैडल देकर सम्मानित किया। वहीं एनएसएस अधिकारी डा. रचना सैनी को भी कुलपति द्वारा 8000 रूपय एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। छात्रा की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी का महौल है। प्राचार्या डा. सुनिधि ने स्वंय सेविका काजल एवं एनएसएस अधिकारी डा. रचना सैनी को इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को भी हर क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा से आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम एवं लगन का होना जरूरी है। महाविद्यालय के सभी स्टॉफ सदस्यों ने भी छात्रा एवं एनएसएस अधिकारी को बधाई दी। एनएसएस अधिकारी डा. रचना सैनी ने बताया कि काजल ने गत वर्ष अनाथालय में बच्चों को पढाने तथा पौधा रोपण अभियानों का आयोजन किया। इसके अलवा रक्तदान, डिजिटल एजुकेशन, महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2021 में काजल को जिला स्तर पर सर्व श्रेष्ठ स्वयं सेविका के खिताब से नवाजा गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय स्तर पर भी महाविद्यालय की इस छात्रा ने आठ जिलों के 65 यूनिट के स्वंय सेवकों को पछाड़कर प्रथम स्थान हासिल किया है।

## मेला : दर्शकों को आकर्षित कर रही हर खादी


सूरज कुंड क्राफ्ट मेला परिसर में आर्कषण का केन्द्र बने खादी के उत्पाद।

**फरीदाबाद।** जिस खादी ने देश के स्वाधीनता संग्राम के उस दौर में आमजन मे स्वावलम्बी होने की लौ जलाई थी, वही खादी आज आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव में आम जन के बीच स्टेटस सिंबल बन चुकी है। 35 वे सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्त शिल्प मेले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के सहयोग से खादी ग्रामोद्योग द्वारा लगाई गई स्टाल नंबर 809 पर जमा भीड़ इस बात की तस्दीक करती है की आधुनिकता की इस दौड़ में खादी का आज भी कोई सानी नहीं है। खादी उत्पादों की विशेष डिमांड: खादी बोर्ड की देखरेख में चल रही स्टाल पर हरियाणा के जिला जींद और पानीपत की अलग-अलग यूनिटों द्वारातैयार प्रोडक्ट रखे गए हैं, जिन पर हर पर्यटक की नजर पड़ रही है।

## भारत का महत्व

### नेताओं का आकर्षण

**नई** दिल्ली विश्व नेताओं के आकर्षण का केन्द्र बन गया है। भारत से हजारों किलोमीटर दूर यूक्रेन में लड़ाई चल रही है, पर आक्रामक रूस पर लगाम लगाने के लिए दुनिया भर के नेताओं के लिए नई दिल्ली आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। शायद इसका कारण यह हो कि वे व्लादीमिर पुतिन के आक्रमण के बाद एशिया के कुछ हिस्सों जैसे हिंद-प्रशांत में अपनी विदेश नीतियों का भारत द्वारा समर्थन चाहते हों। इन यात्राओं की संख्या बहुत है। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा नई दिल्ली यह घोषणा करने के लिए आए भारत उनके अधिक निवेश का लक्ष्य है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब दुनिया 'यूक्रेन पर हमले से व्यथित' है तब दोनों देशों के बीच मुक्त व खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए बेहतर संबंध जरूरी हैं। उनके आस्ट्रेलियाई समकक्ष स्काट मोरिसन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वर्चुअल बैठक के बाद टिप्पणी की कि भले ही क्वाड यूक्रेन पर चिन्तित हो, पर 'हमारा फोकस पूरी तरह हिंद-प्रशांत पर है।' इसके बाद चीन के विदेश मंत्री वांग यी आए। कश्मीर पर अवांछित टिप्पणी के बावजूद भारत ने उनका स्वागत किया। इसका उद्देश्य शायद यह संदेश देना था कि यूक्रेन मुद्दे पर दबाव के बावजूद उसकी प्राथमिकता चीन की सीमा पर गतिरोध से निपटना है। इसके बाद रूसी विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव की भारत यात्रा हुई। उनको शायद भारत द्वारा पश्चिमी प्रतिबंधों को देखते हुए भारत द्वारा रुपया-रूबल आधार पर सस्ता रूसी तेल खरीदने की ज्यादा चिन्ता है। जर्मनी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेन्स प्लाटनर बुधवार को भारत आए। उन्होंने कहा कि जर्मनी को भारत की चुनौतियां समझनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यूरोप को नई



दिल्ली को यूक्रेन मुद्दे पर 'उपदेश और शिक्षा देने' का कोई कारण नहीं है।

वे रूस के प्रति भारत के राजनयिक दृष्टिकोण की अनदेखी नहीं कर सकते हैं क्योंकि जर्मनी के साथ भी रूसी गैस आयात की व्यवस्था जारी है, हालांकि वह भी इसे कम करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने पुतिन का यह दृष्टिकोण बता कर भी नब्ज पर हाथ रखने का प्रयास किया कि ऐतिहासिक रूप से यूक्रेन सोवियत संघ का हिस्सा था और वे एशिया में रूस जैसे आकार वाले देश को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं। जैसे इन सारी चीजों से संकेत लेते हुए अमेरिका के विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात की। उनके ट्वीट के अनुसार, यह बातचीत 'हिंद-प्रशांत, यूक्रेन व विश्व अर्थव्यवस्था' पर केन्द्रित थी। अमेरिका और भारत के साथ क्वाड के सदस्यों जापान और आस्ट्रेलिया ने मार्च की शुरुआत में भी ऐसे ही एजेंडे पर बात की थी। अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह इस बातचीत को आगे बढ़ाएंगे जो वाशिंगटन में अगले महीने होने वाली 'दो प्लस दो' बैठक की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन इस मोड़ पर भारत में उनकी उपस्थिति का एक अर्थ है। राजनीतिक मामलों में अमेरिका के उप विदेश सचिव विक्टोरिया नुलैंड की भारत यात्रा के बाद वे दुनिया के इस हिस्से में आने वाले दूसरे अमेरिकी अधिकारी हैं। पिछले सप्ताह आस्ट्रिया व यूनान के विदेश मंत्री भी भारत आए थे। यह भी महत्वपूर्ण है कि ब्रिटिश विदेश सचिव एलिजाबेथ ट्रस नई दिल्ली को यूक्रेन पर पश्चिमी देशों के समर्थन का संदेश लेकर आए थे। इन राजनयिक यात्राओं को देखते हुए रूस पर भारत का तटस्थ दृष्टिकोण तथा यूक्रेन के प्रति खुली संवेदना ने नई दिल्ली का महत्व उजागर किया है जिसका संबंध खासकर हिंद-प्रशांत पर पश्चिम के दृष्टिकोण से है।

# रेल दुर्घटनाओं के मूल कारण

हताहतों की संख्या सीमित करने के लिए सुरक्षित कोचों के साथ ही दुर्घटनाओं के कारणों की जांच व सुधारात्मक कदमों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।



**सुधांशु मणि**
(लेखक रेलवे के पूर्व महप्रबंधक हैं)




पाठकों को याद होगा कि पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुरी क्षेत्र में दामोहानी में 13 जनवरी को बीकानेर-गोहाटी एक्सप्रेस के कुछ कोचों के पटरी से उतरने के कारण 9 यात्रियों की मौत हो गई थी तथा लगभग 40 घायल हुए थे। इस तरह 12 कोचों के पटरी से उतरने के कारण कोच टूट गए थे या दूसरे कोचों पर चढ़ गए थे। इस दुर्घटना ने एक बार फिर दुर्घटना में हताहतों की संख्या पर ध्यान आकर्षित हुआ जिनको सभी तेज सेवाओं में सुरक्षित कोचों के प्रयोग से रोका जा सकता है। यदि सारी सावधानियों व उपायों के बावजूद कोच पटरी से उतर जाते हैं तो भी प्रभावित कोचों को नुकसान इतना नियंत्रित होगा कि हताहतों की संख्या न्यूनतम होगी। भारतीय रेलवे-आईआर प्रमुखत: दो प्रकार के कोचों का प्रयोग करती है-पुराने आईसीएफ व नए एलएचबी किस्म के। बाद वाले कोचों की डिजाइन एक कपलर के साथ की गई है जो निकटवर्ती कोच के कपलर से मजबूती से जुड़े रहते हैं। इसके कारण कोचों का अगल-बगल या ऊपर-नीचे खिसकना संभव नहीं होता है और पटरी से उतरने के बावजूद कोच टूटते या एक दूसरे पर चढ़ते नहीं हैं। आईसीएफ कोचों में ऐसी कोई रोकने वाली व्यवस्था नहीं होती है, इससे वे एक दूसरे पर चढ़ जाते हैं या पटरी से उतरने पर झटके के कारण टूट जाते हैं। इसके साथ ही अभी हाल में आए वंदे भारत ट्रेन 18 के कोच और ज्यादा सुरक्षित हैं क्योंकि उनमें अर्ध स्थाई कपलर, एंटी-क्लाइंबिंग तत्व तथा सुरक्षित ढांचागत डिजाइने हैं। मैंने पहले भी इस स्तंभ में पैरवी की है कि बहुत तेजी से आईसीएफ टाइप कोचों को समाप्त कर उनका स्थान लेने के लिए एलएचबी व ट्रेन 18 टाइप कोचों का निर्माण तेज होना चाहिए। रेलवे उत्पादन इकाइयों, खासकर इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा 2016 द्वारा उठाए गए कुछ कदमों के परिणामस्वरूप आईआर हर साल 9,000 कोच बनाने की स्थिति में आ गया है। तीन-चार साल में तेज सेवाओं में आईसीएफ कोचों के प्रयोग के बाद खराब सेवाओं को ठीक करने पर ध्यान देना चाहिए जो यात्रियों के जीवन को बिना किसी खास खतरे में डाले या दुर्घटना के मामले में हताहतों की संख्या बढ़ाए अपना पूरा लाभदायक जीवन जी सकते हैं।

आईआर द्वारा जारी कोच उत्पादन कार्यक्रम के अनुसार उसकी योजना 8,429 कोच बनाना है, इससे उसे संभवत: 9,000 कोच की कमी होगी। हालांकि, खासतौर से नहीं कहा गया है, पर इससे आईसीएफ कोच तेजी से बदलने को गति मिलेगी जो सुरक्षा में सुधार का कदम है। लेकिन इस योजना में 1200 वंदे भारत ट्रेन सेट, 52 कार्गो लाइनर तथा माल ढोने वाले ईएमयू कोचों को भी शामिल किया गया है, जबकि इनकी वास्तविक उपलब्धि कम होगी। यदि आईआर 1252 की तुलना में 500 का निर्माण करने में सफल होता है तो यह भी कम उपलब्धि नहीं होगी क्योंकि तीन साल से भी पहले अक्टूबर 2018 में पहली बार आने से पहले वंदे भारत का एक भी कोच नहीं बना था। उम्मीद की जाती है कि अधिक एलएचबी कोच निर्माण से साल के मध्य में 700 से अधिक कोच की कमी दूर की जा सकेगी। इससे सुनिश्चित होगा कि आईसीएफ कोचों को बदलने की प्रक्रिया सुचारु बन जाएगी।

हालिया वर्षों में आईआर का रिकार्ड सुधरा है तथा हताहतों की संख्या बहुत कम हुई है। पटरियों तथा उससे जुड़ी ढांचागत संरचनाओं के रखरखाव ने निश्चित रूप से इसमें सहायता की है। इसके कारण ज्यादा से ज्यादा ध्यान सुरक्षित कोचों की संख्या बढ़ाने पर केन्द्रित है। इससे पटरी से उतरने पर हताहतों की संख्या कम होती है। इसके साथ ही दुर्घटनाओं के कारणों की गहरी जांच तथा सुधारात्मक उपायों का समुचित क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जाना चहिए तथा किसी लापरवाही से इनकी अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

उपरोक्त मामले में दुर्घटना का कारण लोकोमोटिव की एक ट्रैक्शन मोटर का नीचे गिरना तथा लोकोमोटिव के पहियों का ऊपर उठना था जिससे 12 कोच पटरी से उतर गए। ऐसी घटना बहुत विरल है और किसी खास एलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के खास मोटर किस्म तक सीमित है। ट्रैक्शन मोटर बोगी से मजबूती से जुड़ी होती है और इस दुर्घटना से गंभीर विनिर्माण कमी का पता चलता है। इसके साथ ही बोगी रखरखाव के समय ट्रैक्शन मोटर की फिटनेस जांच की कमी भी सामने आती है। बाद में डेटा की जांच से पता चला कि दुर्घटना का दोषी मोट का नोज़ स्टे लग था और इसकी वेल्डिंग में गड़बड़ी से हालिया वर्षों में मोटर अलग होने के दस मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही सैकड़ों मामलों में जांच की कमियां सामने आई हैं। देखना होगा कि इस प्रमुख आयाम का संबंध अकेले विनिर्माण अथवा डिजाइन व विनिर्माण, दोनों से है। उम्मीद की जाती है कि रेल सुरक्षा आयुक्त-सीआरएस की जांच से यह मामला सामने आएगा जिनको इस मामले की जांच सौंपी गई थी। लेकिन दुर्घटना के बाद फालोअप के कुछ कदम चिन्ताजनक हैं।


इस बात के संकेत हैं कि कुछ अधिकारी इस मामले का लाभ उठा कर मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहते हैं। पहला, त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए रेलवे बोर्ड के एक सर्वोच्च कार्यकारी अधिकारी दुर्घटना के बाद फौरन निर्देश दे कर लोको पाइलटों से चार्ज लेते समय तथा ट्रेन संचालन के मध्य में भी ट्रैक्शन मोटरों की स्थिति जांचने के लिए कहा जबकि लोको पायलेट की रूटीन जांच से फैब्रीकेशन या वेल्ड की विफलता का पता लगाना लगभग असंभव है।

इसके साथ ही वर्तमान निर्देश से उस पर अनावश्यक दबाव पड़ेगा। इस स्थिति में इस सीरीज़ के सभी लोकोमोटिव की जांच करना उचित होगा। इसके साथ ही रखरखाव पर गौर करना होगा, हालांकि यह कमी लोको पायलेट द्वारा तलाशना आसान नहीं है, खासकर इसलिए कि किसी खड़े हुए लोकोमोटिव की जांच उसके दायरे से बाहर है। ट्रेन का इन्चार्ज बनने पर सैकड़ों लोगों के जीवन की जिम्मेदारी लेने वाले लोको पाइलेट को ऐसी अव्यावहारिक व परेशान करने वाली जिम्मेदारियों से अलग रखा जाना चाहिए। इसके बाद सीआरएस द्वारा रेलवे की विफलता पर खिंचाई की रिपोर्ट सामने आई क्योंकि इस दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन की अनिवार्य सुरक्षा जांच ठीक से नहीं हुई थी। उसने कहा कि यह लोकोमोटिव इंस्पेक्टर की अंतिम जांच के बाद लगातार 18,000 किलोमीटर चल चुका था, जबकि हर 4,500 किलोमीटर के बाद इसकी जांच अनिवार्य है। हालांकि, आईआर द्वारा 4,500 किलोमीटर पर जांच का प्राविधान रेलवे ने सर्वोच्च सावधानी के रूप में किया है। यह कदम दो दशक से पहले उठाया गया था, लेकिन आज लोकोमोटिव तीस से चालीस हजार किलोमीटर के पहले जांच नहीं होती है। वास्तव में आईआर के लोकोमोटिव इतनी दूरी आसानी से तय कर लेते हैं, पर यदि यात्री लोकोमोटिव की और गंभीर जांच की आवश्यकता मान ली जाए तो भी हर 4,500 किलोमीटर पर ट्रैक्शन मोटर की जांच करना असंभव है। विशेषज्ञों का कहना है कि लोकोमोटिव ऐसी दुर्घटना का कारण नहीं हो सकते हैं, हालांकि अक्सर बहुत लंबी व बिना जांच की यात्रा से बचा जा सकता है।

निश्चित रूप से इस मामले का प्रयोग व्यवस्थागत सुधार के लिए होना चाहिए, लेकिन इसे ट्रेन के पटरी से उतरने से जोड़ने का अर्थ इस दुर्घटना के असली कारण से ध्यान मोड़ना होगा। जटिल समस्याओं का भी सरल समाधान संभव है, जबकि यहां एक सरल समस्या का सरल समाधान खोजना है। लेकिन अनावश्यक व अस्पष्ट निर्देशों से समस्या और जटिल हो सकती है। आईआर ने अपना रिकार्ड दुर्घटना-मुक्त बनाने का प्रयास किया है और वह इसमें काफी सीमा तक सफल रही है, लेकिन ऐसे कुछ कार्यकारी इस उपलब्धि को बेकार बना सकते हैं। ऐसा नहीं होने देना चाहिए।

# महत्वपूर्ण है बिम्सटेक समूह की भूमिका

"भारत एक मुश्किल स्थिति का सामना कर रहा है क्योंकि यह समूह की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।"



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

बिम्सटेक दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के 7 देशों के बीच बंगाल की खाड़ी बहु क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए एक जटिल संक्षिप्त रूप है। संक्षेप की लंबाई के अलावा, बिम्सटेक का गठन करने वाले सात देशों के अतीत में एक बिना पतवार के नेतृत्व ने यह सुनिश्चित किया है कि इसे कभी भी आसियान जैसे क्षेत्रीय प्लेटफार्मों का दबदबा न मिले। बिम्सटेक ने इस सप्ताह श्रीलंका में अपना पांचवां शिखर सम्मेलन आयोजित किया। यह क्षेत्र के लिए आर्थिक विकास, समृद्धि और व्यापार के लिए एक मंच के रूप में सार्क और आसियान से बाहर निकलने के लिए कल्पना की गई थी, आशंकाओं को देखते हुए, कई भाग लेने वाले देशों के पास दो ब्लॉक हैं। सार्क के पांच सदस्य और आसियान के दो सदस्य सात देशों का निर्माण करते हैं जो वर्तमान में बिम्सटेक का गठन करते हैं। अस्तित्व के 25 वर्षों में, श्रीलंका में शिखर सम्मेलन ने पहली बार बिम्सटेक के लिए एक वास्तुशिल्प ढांचा प्रदान करने का प्रयास किया। इसने पहली बार भविष्य के रोडमैप को संस्थागत रूप दिया है, हर दो साल में वार्षिक विदेश मंत्री की बैठक और शिखर सम्मेलन के लिए सहमत होकर।

सदस्य-देश मानव आबादी के लगभग एक चौथाई के लिए घर हैं और लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर का संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद है। उनके पास विकास और बड़ी बाजार क्षमता के लिए एक बड़ी क्षमता है, जैसा कि बिम्सटेक की अवधि के दौरान बांग्लादेश और नेपाल के सकल घरेलू उत्पाद के लगभग दोगुना होने का प्रमाण है। अफसोस की बात है कि इस विकास की कहानी में बिम्सटेक की कोई भूमिका नहीं थी क्योंकि आसियान के विपरीत, इसके सदस्यों के बीच मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। कोलंबो में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें से एक मुक्त व्यापार समझौते का त्वरित निष्कर्ष था, ताकि नागरिकों की समृद्धि में वृद्धि हो सके। हालांकि, बिम्सटेक भागीदारों के बीच अविश्वास की विरासत की चुनौतियां और राष्ट्रीय राजनीति (म्यांमार) में गैर-लोकतांत्रिक ताकतों का उदय इस प्रक्रिया को रोक सकता है। बिम्सटेक सहयोग को संबोधित करने वाले राजनीतिक नेतृत्व को यह महसूस करना होगा कि एक मुक्त व्यापार समझौते को आगे बढ़ाना एक घरेलू अभ्यास होने जा रहा है, जहां उनके अपने राजनीतिक विरोधी बाधाएं पैदा करेंगे। यह भारत के लिए एक मुश्किल स्थिति है क्योंकि यह समूह में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और भागीदारों के बीच (चीन या पाकिस्तान की उपस्थिति के बिना) आवाज का एक अनूठा हिस्सा है। भारत क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) जैसे किसी क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग ढांचे का भी हिस्सा नहीं है। यह भारत को क्षेत्रीय खिलाड़ियों के साथ कई द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग समझौते करने का एकमात्र विकल्प छोड़ देता है, जिससे बड़े निर्बाध मुक्त व्यापार बाजार तक संभावित पहुंच समाप्त हो जाती है। इस संबंध में भारत को इस क्षेत्र में पहुंच और प्रभाव बढ़ाने के लिए एक उपकरण के रूप में वर्तमान में राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व वाली अमेरिकी सरकार द्वारा तैयार की जा रही इंडो-पैसिफिक आर्थिक रणनीति का अनुकरण करने की आवश्यकता है। अमेरिकी रणनीति की बारीक रूपरेखा अभी भी विकास के अधीन है, हालांकि उद्देश्य, दृष्टि, लक्ष्यों और स्पष्ट खतरों के एक व्यापक बयान की पहचान की गई है।




भारत ने हमेशा अपनी विदेश नीति के प्रति एक द्विदलीय, रणनीतिक रूप से गुटनिरपेक्ष दृष्टिकोण बनाए रखा है। हालांकि, विजन, मिशन और इंडो पैसिफिक क्षेत्र के प्रति इसके प्रस्तावित दृष्टिकोण को परिभाषित करने से लक्ष्यों को प्राप्त करने और क्षेत्रीय सहयोग के लिए नए रास्ते खोलने में मदद मिल सकती है। 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने के अपने लक्ष्य के लिए भारत को बिम्सटेक और आसियान जैसे क्षेत्रीय भागीदारों की जरूरत है। ये देश भारत की समग्र इंडो-पैसिफिक रणनीति, क्वाड फ्रेमवर्क और वर्तमान सरकार के पड़ोस पहले नीति पर ध्यान केंद्रित करते हैं और प्रभावशाली धुरी भी बनाते हैं। चीन दक्षिण एशिया में लोकतांत्रिक संप्रभु देशों के लिए एक निरंतर खतरा है।

इसने एशिया के इंडो पैसिफिक बेल्ट में कई देशों की संप्रभु स्थिति को कमजोर करने के लिए आर्थिक और सैन्य दबाव का इस्तेमाल किया है। इन छोटे देशों में से कई के लिए चीन के खिलाफ एकमात्र मजबूत आर्थिक रूप से शक्तिशाली, लोकतांत्रिक भारत है, जो एक नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की पुष्टि करता है। भारत को खुले तौर पर मुखर हुए बिना बिम्सटेक में बड़ी बहन होने का पद संभालना होगा।

## आप की बात

### सदन में मारपीट

**महोदय**, पश्चिम बंगाल विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं के बीच जमकर हाथापाई हुई। पिछले दिनों वहां के रामपुरहाट में हुई हिंसा में आठ लोग जल कर मर गए। उसी के विरोध में विपक्षी दलों ने सदन में जवाब मांगा, तो सत्तापक्ष के नेता हिंसक हो उठे। दिन-ब-दिन हमारी प्रजातांत्रिक संस्थाएं गंभीरता से दूर और विवेक शून्य होती जा रही है। पश्चिम बंगाल के बाद दिल्ली में भी विधानसभा विरोध करने वालों को सुरक्षाकर्मियों द्वारा उठाकर बाहर फेंक दिया गया। जाहिर है आम जनता अपने जनप्रतिनिधियों को सदन में कुश्ती लड़ने के लिए नहीं भेजती है। उन्हें इसलिए भेजा जाता है कि वह उनकी समस्याओं के निदान के लिए एक स्वस्थ बहस करें जनक्षण आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए सरकारी पक्ष और विपक्ष मिलकर नई योजनाएं बनाएं और उनके क्रियान्वयन पर विचार विमर्श करें। मगर यहां तो सदनों का पूरा समय धींगा मस्ती करने हाथापाई करने और अंतत: सदन स्थगित करने में ही चला जाता है। बड़े प्रजातांत्रिक देशों में एकमात्र भारतीय ऐसा देश है जहां साल भर में सबसे न्यूनतम बैठ के होती है और उनमें भी कोई सकारात्मक कार्य नहीं हो पाता है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### संकट में इमरान की कुर्सी

**पाकिस्तान** में क्रिकेटर से राजनीतिज्ञ बने प्रधानमंत्री इमरान खान की कुर्सी पर संकट गहरा रहा हैं। भले ही वे विश्व चैंपियन क्रिकेटर रहे हो, यह अतीत हो चुका हैं। आज इमरान की सियासत कमज़ोर विकेट पर हैं, कभी भी आउट हो सकते हैं। वे प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दें या अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उन्हें बाहर जाना पड़े या कोई भी मजबुरी हो, इमरान का जाना लगभग तय हैं। चुनाव के वक्त किसी को अंदाजा नहीं होगा कि इमरान पाकिस्तान का बेडा गर्ग हि कर डालेंगे। इमरान की करतूतो का फल निर्दोष जनता भुगत रही है। अपने पूरे साशन काल में इमरान ने मजहबी कट्टरता और जेहादी त्यार करने के अलावा कुछ नहीं किया हैं। आर्थिक बदहाली से बुरी तरह ग्रस्त होने के बाद भी पाकिस्तान न तो तालिबान की पैरवी करने से बाज आ रहा है और न ही आतंकी संगठनों को पालने-पोसने से। पाक चीन के भरोसे बैठ कर अमेरिका, सऊदी अरब सब से पंगे ले चुका हैं। वहा के आंतरिक, आर्थिक और विदेशी हालात बेहद खराब हो चुके हैं। पाकिस्तान में सत्ता में कोई भी रहे, उसे सेना के हिसाब से चलना होता है। जो ऐसा नहीं करता हैं उसका हाल आसिफ जरदारी, नवाज शरीफ जैसा हो जाता है।

– **विभुक्ति बुपक्या,** आष्टा, मप्र


### जबरन धर्मांतरण विरोधी कानून

**जबरन** मतांतरण को लेकर राज्य सरकारों का सजग होना प्रासंगिक है। देश में इस तरह की घटनाओं में लगातार वृद्धि के चलते कड़े कानूनों की दरकार है। अब हरियाणा में इस मामले में कानून बनाया गया है जिसमें दोषी पाए जाने पर उसे 10 साल की सजा होगी। ऐसे विधेयक देश भर की समस्त विधानसभाओं में लाये जाना चाहिए ताकि भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वाले दंडित हो सके। जबरन या लालच देकर मतांतरण के मामले देश के विभिन्न राज्यों में सुर्खियां बनते हैं। कई बार मतांतरण न करने वाले को मौत के घाट उतार दिया जाता है।इस तरह की घटनाओं से देश में सांप्रदायिक सद्भाव और सहयोग की भावना को ठेस पहुंचती है। चुंकि देश के हर नागरिक को अपना धर्म मानने की स्वतंत्रता है ऐसे में जबरिया धर्म थोपा जाना उसके अधिकारों पर सीधा डाका है। नागरिकों को स्वतंत्र मनोविचार और आस्था और धर्म पालन की स्वतंत्रता का अधिकार है और उसके विरुद्ध कृत्य करने वालों के लिए विभिन्न राज्य सरकारों ने विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन निवारण विधेयक लागू किए हैं।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



हमारी नीति है कि कतार के अंतिम व्यक्ति को भी सरकारी नीतियों का लाभ मिले।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**नाटो** संगठन पहले कभी इतना मजबूत नहीं था जितना आज है।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**बहुत** कम समय में असम और मेघालय के बीच दस लंबित मामलों का समाधान हो गया है।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

# अस्पतालों में जल्द करें रिक्त पदों पर भर्तियां: मुख्यमंत्री

● सीएम योगी ने जर्जर एम्बुलेंस को रिप्लेस कर नए वाहनों को खरीदने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बेहतर** चिकित्सा सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में तेजी से सुविधाओं का विस्तार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आला अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन अस्पतालों में जहां मानव संसाधन की कमी है वहां जल्द से जल्द सभी रिक्त पदों को भरा जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश की जर्जर एम्बुलेंस की गाड़ियों को रिप्लेस कर नए वाहनों को खरीदने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों को उच्चस्तरीय बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में इलेक्ट्रिक सेफ्टी, फायर सेफ्टी और स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करें। अस्पतालों में इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को सभी सुविधा मुहैया हो, इसको सुनिश्चित करने के आदेश भी सीएम ने अधिकारियों को दिए।

प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के हर नागरिक को टीका लग चुका है। 83 प्रतिशत से अधिक पात्र वयस्क टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। 15.17 आयु वर्ग के लगभग 93.20 प्रतिशत किशोरों ने टीका कवर ले लिया है। 24 लाख से अधिक पात्र लोगों को प्री.कॉशन डोज भी दी जा चुकी है। 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों में से 10 लाख से ज्यादा बच्चों को टीकाकवर मिल चुका है। बीते 24 घंटों में 01 लाख 20 हजार 835 कोरोना टेस्ट किए गएए जिसमें 50 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इस बीच 20 लोगों ने संक्रमण को मात दी।

बता दें कि यूपी पहला ऐसा राज्य है जहां टेस्ट और टीकाकरण तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेश में तेजी से कोरोना संक्रमण पर लगाम लगी। उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। अब तक यूपी में 30 करोड़ से अधिक कोविड टीके की डोज और 10 करोड़ 81 लाख से अधिक सैम्पल की जांच की जा चुकी है।

# पुलिस महकमे में राजपत्रित श्रेणी के 86 व अराजपत्रित श्रेणी के 5295 नए पदों को मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस बल मे आवश्यकतानुसार जनशक्ति की उपलब्ध्ता सुनिश्चित करने तथा पुलिस प्रशासन को और अधिक बेहतर बनाने के लिए नए पदो को भी मंजूरी मिलनी प्रारम्भ हो गई है। इसका असर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाए जाने तथा अपराधो पर प्रभावी नियंत्रण में पड़ेगा।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि इसी कड़ी में पुलिस विभाग की विभिन्न इकाइयों यथा साइबर क्राइम, फ ॉरेंसिक साइंस, सोशल मीडिया, एसटीएफ , एटीएस आदि के लिए लगभग 5381 नए पदों को शासन द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। अवस्थी ने बताया कि उक्त 5381 पदो में राजपत्रित श्रेणी के 86 व अराजपत्रित श्रेणी के 5295 पद है। राजपत्रित श्रेणी में अपर पुलिस महानिदेशक के 3, पुलिस महानिरीक्षक के 3, पुलिस उपमहानिरीक्षक के 6, पुलिस अधीक्षक के 32, अपर पुलिस अधीक्षक के 7, संयुक्त निदेशक अभियोजन का1 एवं पुलिस उपाधीक्षक के 35 पद शामिल है।

उल्लेखनीय है कि अपर पुलिस महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक के 3-3 पद पुलिस उपमहानिरीक्षक के 6 पद पुलिस कमिश्नरेट के जनपदों के लिए सृजित किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के 32 पदों मे से एक पद एटीएस के लिए, 17 पद लखनऊ-गौतमबुद्वनगर में पुलिस आयुक्त प्रणाली के लिए, 11 पद कानपुर-वाराणसी नगर में पुलिस आयुक्त प्रणाली के लिए, एक पद साइबर क्राइम थाना के लिए तथा 2 पद एटीएस के सुदृढ़ीकरण के लिए दिए गए हैं। इसके साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक के 7 पदों में से एटीएस 2, साइबर क्राइम थाना 3, बिजनौर, गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा के लिए एक पद तथा संयुक्त निदेशक अभियोजन का एक पद, एटीएस के लिए सृजित किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक के 34 पदो में एटीएस 4, एसटीएफ अयोध्या एक, रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम 8, जनपद चन्दौली में अतिरिक्त सर्किल एक, जनपद ललितपुर में अतिरिक्त सर्किल एक, जनपद सम्भल में नया सर्किल बहजोई एक, जनपद गोण्डा में सर्किल एक, साइबर क्राइम थाने के संचालन के लिए 16, गोरखनाथ मन्दिर की सुरक्षा के लिए एक पद का सृजन किया गया है। इसी क्रम में 5295 अराजपत्रित कर्मियों के लिए एटीएस, एसटीएफ , साइबर क्रइम थाना, फिंगर प्रिंट ब्यूरो, पुलिस थाना आदि अन्य इकाईयों के लिए पदों का सृजन किया गया है। अराजपत्रित कर्मियों की श्रेणी में निरीक्षक के 179, उप निरीक्षक (पुरुष) के 408, उप निरीक्षक (महिला) के 79, सशस्त्र पुलिस के निरीक्षक के 45, सहायक उपनिरीक्षक के 2999, निरीक्षक बिगुलर के 2, उपनिरीक्षक बिगुलर के 18, रेडियो निरीक्षक का एक, रेडियो उप निरीक्षक के 2, हेड ऑपरेटर के 9, ऑपरेटर के 12, सहायक परिचालक के 14, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड.ए के 41, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड.बी के 695, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड.सी के 286, प्रोग्रामर ग्रेड-2 के 103, निरीक्षक एमटी का एक, उपनिरीक्षक गोपनीय के 29, उपनिरीक्षक एम के 17, सहायक उपनिरीक्ष्क एम के 44, निरीक्षक लेखा के एक, उपनिरीक्षक लेखा के 18, सहायक उपनिरीक्षक लेखा के 18, चतुर्थ श्रेणी के 264 व ट्रेडमैन के 10 पदो की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने नवरात्र पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत 2079 से प्रारम्भ भारतीय नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख.समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारतीय काल गणना के अनुसार प्रतिपदा नवसंवत्सर के दिन ही सृष्टि की रचना हुई थी। उन्होंने कहा कि नये वर्ष में हम सभी को संकल्प लेना चाहिये कि हम अपनी सामाजिक कुरीतियों को त्यागकर देश एवं प्रदेश के विकास में भागीदार बनें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि चैत्र नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपासना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्रि से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में परिवर्तन भी होता है। इसलिए धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए नवरात्रि के धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न करने की अपील की है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी चैत्र नवरात्रि के आगमन पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की है।

## भाजपाराज में जनता को रौंदने में लग गया है बुलडोजर: अखिलेश

● सपा अध्यक्ष ने कहा, लोकतंत्र में सत्तादल का जनता से ऐसा क्रूर व्यवहार अमानवीय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में बुलडोजर जनता को रौंदने में लग गया है। दिन पर दिन बढ़ रही महंगाई की मार। किसान आत्महत्या कर रहे है। सरकार इस सबसे बेफि क्र व संवेदनहीन होकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है। लोकतंत्र में सत्ता दल का जनता से ऐसा क्रूर व्यवहार अमानवीय है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में ऐसे 'अच्छे दिन' आ रहे हैं कि लोग पुराने दिनों की वापसी के लिए तड़पने लगे हैं। पेट्रोल-डीजल की रोज बढ़ रही कीमतों से लोग परेशान हो रहे थे कि आज से टोल-टैक्स भी महंगा हो गया है। राजमार्गों पर सफर में 10 से 15 फ ीसदी तक वृद्धि होने जा रही है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर मुफ्त सफर खत्म हो गया है। सीएनजी-पीएनजी गैस के दाम आठ साल में सबसे ज्यादा दोगुने से अधिक बढ़ा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के दामों में हो रही बेतहाशा वृद्धि से घरेलू अर्थव्यवस्था बिगड़ रही है। अब कामर्शियल एलपीजी गैस सिलेण्डर एक झटके में 250 रुपए महंगा हो गया है। बाजार में इसकी कीमत 2253 रुपए हो गई है। महंगाई कम करने के दावों का हश्र यह है कि हर रोज इसमें बढ़ोत्तरी हो रही है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि किसानो की आत्महत्या जारी है और सरकार किसानों के कल्याण के झूठे दावे कर रही है। एटा में कर्ज के बोझ तले दबकर एक और किसान की खुदकुशी भाजपा सरकार की झूठ की पोल खोलती है। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा सरकार के किसान की आय दोगुनी करने का क्या हुआ? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने अपनी नीति और नीयत से जाहिर कर दिया है।

## डीआईजी एलआर कुमार को अग्रिम आदेश तक सौंपा गया गाजियाबाद का प्रभार

**लखनऊ।** शासन ने अगले आदेशों तक डीआईजी सतर्कता एलआर कुमार को अस्थायी रूप से गाजियाबाद के एसएसपी का पदभार संभालने के आदेश दिए हैं। आईजी कानून एवं व्यवस्था डॉ. संजीव कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि गाजियाबाद में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अस्थायी रूप से डीआईजी सतर्कत एलआर कुमार को अस्थाई रूप से तत्कालिक प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक गाजियाबाद में तैनात किया जा रहा है। डीआईजी एलआर कुमार को तत्काल गाजियाबाद पहुंचकर डीजीपी मुख्यालय को सूचित करने और वहां मौजूद रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अपराध नियंत्रित न कर पाने के आरोप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बीते बृहस्पतिवार को गाजियाबाद के एसएसपी पवन कुमार को निलंबित कर दिया गया था।

## बिल्डारों के दिवालिया होने की हकीकत जानेगी सरकार

● जांच के लिये बनेगी उच्चस्तरीय कमेटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रियल** एस्टेट सेक्टर के कई नामीचीन बड़े बिल्डरों के दिवालिया होने को योगी सरकार ने गंभीरता से लिया है। अचानक इन बड़े बिल्डरों के दिवालिया होने की बात सरकार और उसके अफसरों के गले नहीं उतर रही है। बिल्डारों के इस तरह दीवालियां होने से हजारों ऐसे परिवारों की रकम और सपने टूट रहे है, जिन्होने इनकी योजनाओं में मकान या भूखंड बुक करा रखे है।

अपनी कमाई का बडा हिस्सा गंवा चुके ऐसे परिवार इधर उधर भटक रहे है। इन परिवारों को न्याय दिलाने के लिये सरकार ने बिल्डारों के दिवालिया होने का सच सामने लाने का निर्णय लिया है। सरकार ने तय किया है कि एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जाए ताकि फ़्लैट खरीददारों के हितों की रक्षा की जा सके। गौरतलब है कि देश में रियल एस्टेट सेक्टर के कई प्रमुख बिल्डर दिवालिया होने की कगार पर खड़े हुए हैं। उत्तर प्रदेश में भी दिवालिया हो रहे बड़े बिल्डरों की लिस्ट लंबी होती जा रही है। इसकी शुरुआत आम्रपाली समूह के दिवालिया होने से हुई थी। कुछ वर्षों के दौरान नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के एक दर्जन से अधिक बड़े छोटे बिल्डरों को दिवालिया घोषित करने का आदेश जारी किया है। यूनिटेक, सहारा, जेपी जैसे बड़े बिल्डर देखते ही देखते दिवालिया घोषित हो गए। इसी क्रम में बीते एक हफ्ते में एनसीएलटी ने सुपरटेक बिल्डर और लॉजिक्स सिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आदेश जारी करते हुए दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। राज्य में एक के बाद एक इन बड़े बिल्डरों के दिवालिया होने फ़्लैट खरीददारों को फ़्लैट पाने का सपना तो अधर में लटका ही उनकी मेहनत से कमाई धनराशि भी फंस गई। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने फ़्लैट खरीददरों के हितों को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों के साथ इस मसले पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने यह जानना चाहा कि जब घर खरीदने वालों के हितों को ध्यान के लिए रियल एस्टेट रेग्युलेशंस एक्ट जैसी व्यवस्था है तो फिर बड़े बिल्डर क्यों और कैसे दिवालिया हो रहे हैं। रेरा 1 मई 2017 से देशभर में लागू है। इस व्यवस्था के होते हुए भी बिल्डरों के दिवालिया होने को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया है। जिसके चलते उन्होंने इस मामले में अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह यह पता लगाएं कि बड़े बिल्डर क्यों दिवालिया हो रहे हैं ताकि घर खरीदने वाले खरीदारों के हितों की रक्षा करते हुए रियल एस्टेट सेक्टर को मजबूत किया जा सके और बिल्डर्स की मनमानी पर लगाम भी लगाई जा सके।

## शराब की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी का दूसरा चरण संपन्न

**लखनऊ।** यूपी में आबकारी विभाग ने शराब की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी का दूसरा चरण सफलतापूर्वक संपन्न करा दिया है। दूसरे चरण में देशी शराब की 104, विदेशी शराब की 46, बीयर की 76, भांग की 44 दुकानों तथा 7 माडल शॉप का व्यवस्थापन हुआ। अपर मुख्य सचिव आबाकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि देशी मदिरा की 550, विदेशी मदिरा की 301, बीयर की 188, भांग की 199 दुकानों तथा 56 मॉडल शॉप के व्यवस्थापन के लिए दूसरे चरण की ई-लाटरी पहली अप्रैल को प्रदेश के 61 जिलों में सम्पादित की गई। दुकानों के व्यवस्थापन से लगभग 27.27 करोड़ की लाइसेंस फ ीस राज्य सरकार को प्राप्त होगी। देशी मदिरा की व्यवस्थित हुई 104 दुकानों में लगभग 41.29 लाख बल्क लीटर कोटा व्यवस्थित हुआ। ई-लॉटरी के द्वितीय चरण में विज्ञापित दुकानों पर कुल 577 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। जिससे राज्य सरकार को प्रोसेसिंग फीस के रूप में लगभग 1.39 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। शेष 1017 दुकानों का व्यवस्थापन ई-टेण्डर द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।

## भाजपा सरकार को यूपी में पेपर लीक पर चर्चा करनी चाहिए: प्रियंका गांधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को उत्तर प्रदेश में 'पेपर लीक' पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश में कुछ परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने का हवाला दिया।

प्रियंका ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि पिछले साल 28 नवंबर को यूपी टीईटी पेपर लीक से लाखों युवाओं को आघात लगा था। कार्रवाई के नाम पर दिखावटी कदमों के अलावा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि उप्र के युवा आजतक नहीं जान पाए कि यूपी सरकार के किस भ्रष्ट तंत्र ने पेपर लीक को अंजाम दिया, नतीजतन एक और पेपर लीक हुआ। प्रियंका गांधी ने कहा कि इस बार भी सरकार दिखावटी कदमों के अलावा कुछ और नहीं कर रही है। पेपर लीक की खबर लिखने वाले पत्रकार को जेल भेजा जा रहा है लेकिन पेपर लीक करने वाला तंत्र सरकार में पैठ जमाए बैठा है। उस पर न कोई बुलडोजर चलता है, न कोई बदलाव आता है।

## मोदी सरकार ने पूंजीपतियों की तिजोरी भरने का खेल शुरू कर दिया: प्रमोद तिवारी

● डीजल-पेट्रोल के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता व पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने डीजल-पेट्रोल की लगतार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस दिनों में पेट्रोल और डीजल के दामों में नौ बार बढ़ोत्तरी की गई है। यह खुली लूट है। हम दो-हमारे दो के रास्ते पर चलते हुए मोदी सरकार ने अडानी और अम्बानी जैसे पूंजीपतियों की तिजोरी को भरने का खेल शुरू कर दिया है और आम आदमी की जेब पर डाका डाला जा रहा है।

प्रमोद तिवारी ने कहा कि डीजल का प्रयोग ट्रकों, ट्रैक्टर और ट्यूबवेल आदि में किया जाता है। अत: डीजल के दामों में बेतहासा वृद्धि होने से माल भाड़ा बढ़ने से कीमतों में वृद्धि हो रही है, लोगों की यात्रा महंगी हो रही है, किसानों की सिंचाई और गेहूं की मंड़ाई महंगी हो रही है । किसानों और आम आदमी के सामने गम्भीर समस्या उत्पन्न हो रही है। तिवारी ने कहा है कि एक तरफ किसानों की फसलों को जानवर नष्ट कर दे रहे है, वहीं महंगी सिंचाई करके जब किसान खून पसीने की मेहनत से फसलों को तैयार करता है तो महंगी मंड़ाई की मार उसे झेलनी पड़ती है। किसानों की आय दो गुनी करने का दावा करने वाली मोदी सरकार में किसानों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है । किसान और आम आदमी के सामने गम्भीर स्थिति उत्पन्न हो गयी है। तिवारी ने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि गर्मी शुरू हो गयी है, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली में बेतहाशा कटौती की जा रही है। किसानों के गेहूं के फसल की मड़ाई कार्य और छात्रों की बोर्ड की परीक्षाएं भी शुरू हो गयी हैं, अत: 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से रात्रि के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न की जाय क्योंकि ज्यादातर मड़ाई का कार्य रात में ही होता है . ऐसी स्थिति में रात में शत प्रतिशत बिजली की आपूर्ति की जानी चाहिए।

## हत्या की घटना में दो साल से फरार 50 हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार



**लखनऊ।** एसटीएफ ने साल 2019 में गोरखपुर में हुई हत्या की घटना में वांछित चल रहे पचास हजार रुपए के ईनामी अपराधी जयप्रकाश यादव को सहजनवा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ को सूचना मिली कि गोखपुर में हुई हत्या की घटना में वांछित जयप्रकाश यादव एनसीआर क्षेत्र में सुपरवाइजर (मकान बनवाने) का काम करता है। इस सूचना एसटीएफ की टीम द्वारा एनसीआर क्षेत्र के ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद आदि में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। इस दौरान पता चला कि जयप्रकाश यादव अपने मुकदमे की पैरवी के सम्बन्ध में वकील से मिलने जनपद गोरखपुर गया है। एसटीएफ की टीम गोरखपुर पहुंची तो जानकारी मिली कि वह अपने वकील से मिलकर दिल्ली भागने के लिए भीटी रावत चौराहे से बस पकड़ने के फि राक में है। एसटीएफ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जयप्रकाश यादव को गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वर्ष-2019 में खेत में जानवर चरने को लेकर गांव के कुछ लोगों से आपस में मारपीट हुई थी। इसी घटना में एक व्यक्ति को फ ावड़े से मारा गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना हरपुर बुदहट, गोरखपुर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। इस घटना में वांछित होने के कारण मैं गोरखपुर से भागकर एनसीआर क्षेत्र में छिपकर रहने लगा तथा वहीं पर सुपरवाइजरी का काम करके अपना जीवन यापन करता था।

## सपा मुख्यालय पर मनाई गई पूर्व मंत्री अनंतराम जायसवाल की 98वीं जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाराबंकी** के वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व मंत्री अनन्तराम जायसवाल की 98वीं जयंती आज समाजवादी पार्टी मुख्यालय, लखनऊ में सादगी से मनाई गई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वर्गीय जायसवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। अखिलेश यादव ने कहा कि स्वर्गीय जायसवाल ने सांसद, विधायक तथा मंत्री के पदों पर रहते हुए गरीबों, किसानों और पिछड़ों की आवाज उठाई तथा उनके लिए संघर्ष किया। वे संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के पुराने नेताओं की कतार में थे। समाजवादी आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका रहती थी। इस अवसर पर स्वर्गीय जायसवाल के प्रपौत्र दर्श जायसवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी तथा अरविन्द कुमार सिंह एमएलसी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## बेसिक शिक्षकों के शुरू होंगे अंर्तजनपदीय तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** काल के बाद दूसरी बार सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की राह देख रहे बेसिक शिक्षकों की मुराद पूरी होने वाली है। राज्य सरकार के निर्देश पर ऑनलाइन स्थानांतरण की प्रक्रिया को लेकर अधिकारी जुट गए हैं। इस प्रक्रिया के जरिये शिक्षकों को मनचाही तैनाती मिल सकती है। पिछले दो वर्ष से बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक तबादले की बांट जाह रहे हैं।

पिछली सरकार में तत्कालीन बेसिक शिक्षा मंत्री ने स्थानान्तरण शुरू करने का एलान किया था मगर अपरिहार्य कारणों वश मामला फाइलों तक सीमित रह गया। ऐसे में सरकार के दोबारा सत्ता में लौटने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग सरकार की तबादला नीति का इंतजार कर रहा है। परिषदीय शिक्षकों का आनलाइन तबादला इधर दो वर्ष से नहीं हो सका है। हाईकोर्ट का आदेश है कि बच्चों का पठन.पाठन प्रभावित न हो इसलिए तबादला आदि छुट्टियों में किए जाएं। ऐसे में इस बार ग्रीष्मावकाश में शिक्षकों को मनचाहे जिले में भेजने की योजना बन रही है। इसी के साथ सहायक अध्यापकों के परस्पर तबादले भी किए जाएंगे। शिक्षक पिछले वर्ष से अंतर जिला व परस्पर तबादले की मांग करते आ रहे हैं। इस बावत अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर से निर्देश मिलते ही आनलाइन आवेदन आदि की समय सारिणी जारी की जाएगी।

# एडीजी, आईजी व डीआईजी भी अपने कार्यक्षेत्र के जिलों में करें फुट पेट्रोलिंग: अवनीश अवस्थी

### गृह विभाग ने महिला सशक्तीकरण व अपराधियों के खिलाफ अभियान के लिए पुलिस अफसरों को जारी किए निर्देश

● डीजीपी मुख्यालय स्तर पर विकसित किया जाए फुट पेट्रोलिंग का पोर्टल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की नसीहत के बाद गृह विभाग सक्रिय हो गया है। गृह विभाग की ओर से महिला सशक्तीकरण और अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाने को लेकर सभी जिलों के पुलिस कप्तानों, एडीजी जोन, आईजी और डीआईजी रेंज को निर्देश जारी किए हैं। अपर मुख्य सचिव गृह की ओर से जारी परिपत्र में सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि महिला सशक्तीकरण एवं अपराधियों के प्रति कठोर अभियान चलाया जाना शासन की प्राथमिकता में है।

प्रथम चरण में तात्कालिक रूप से दो अप्रैल 2022 से मिशन शक्ति अभियान के अर्न्तगत विशेष दल गठित कर प्रदेश के स्कूलों, कालेजों, बाजारों शापिंग माल व भीड़ भरे स्थानों पर छेड़छाड व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए। जिसे 100 दिन की कार्ययोजना के रूप में क्रियान्वित किया जाए। प्रत्येक जनपद में सांयकाल के समय बाजारों व भीड़ भरे स्थानों में पुलिस की फु ट पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी, उप निरीक्षक इसमें प्रतिभाग करें व कम से कम प्रतिदिन एक घंटा फुट पेट्रोलिंग करते हुये आम जनता के साथ संवाद एवं समन्वय स्थापित कर जनता में मित्र पुलिस का संदेश सुनिश्चित करें। जिससे कि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े एवं आम लोग अपनी जान-माल की सुरक्षा के लिए पुलिस से सहज रूप से बिना किसी भय अथवा डर के अपनी समस्यायें एवं शिकायत दर्ज करा सकें।

अपर पुलिस महानिदेशक जोन, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र स्वयं भी बारी-बारी से अपने कार्यक्षेत्रों के जनपदों में फुट पेट्रोलिंग सुनिश्चित करेंगें। पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय स्तर पर फुट पेट्रोलिंग का एक पोर्टल विकसित कराएं जिस पर प्रतिदिन की फुट पेट्रोलिंग की सूचना कार्यवाही व फोटो सम्बन्धित अधिकारी द्वारा अपलोड किया जाए।

प्रत्येक दिन की फुट पेट्रोलिंग की कार्यवाही की सूचना फ ोटो सहित सम्बन्धित जनपद की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाए एवं उसका सोशल मीडिया पर भी प्रचार-प्रसार किया जाए। चैत्र माह में बासंतिक नवरात्र को देखते हुए देवस्थलों व मन्दिरों में सुरक्षा ए सफ ाई व पेयजल आदि की व्यवस्था प्रभावी रूप में सुनिश्चित की जाए एवं बड़े मन्दिरों व देवालयों का वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर से निरीक्षण भी किया जाए।

## बलिया के डीएम-एसपी को तुरंत बर्खास्त करें सीएम योगी: संजय सिंह

● आप नेता ने पेपर लीक होने को बताया सरकार की विफलता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**आम** आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रदेश के बलिया जिले में अंग्रेजी प्रश्नपत्र लीक हो जाने और पत्रकारों पर की गई कारवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पेपरलीक होने को उन्होंने सरकार की विफ लता बताया है। नकल माफि याओं पर करवाई के बजाय पत्रकारों पर कारवाई को उन्होंने शर्मनाक करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की विफ्लता पर पत्रकारों को खबर लिखने से सरकार रोक रही है। ये सरासर गलत है।

संजय सिंह ने शुक्रवार को ट्वीट करते हुए कहा है कि यूपी का शासन वीक है, इसलिए यूपी में पेपर लीक है। उन्होंने यह भी लिखा है कि सीएम आदित्यनाथ बलिया के डीएम और एसपी को तुरंत बर्खास्त करें। योगी सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस सरकार की नियत ही लीक हो गई हो वो देश क्या चलाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्ण बहुमत पाने वाली सरकार के आते ही शिक्षा के साथ खिलवाड़ भी प्रदेश भर में शुरू हो गया है। कहीं हिन्दी की परीक्षा में अंग्रेजी का प्रश्नपत्र भेजा जा रहा है। तो 800 स्कूलों में जुगाड़ से परीक्षा कराई जाने की खबरे प्रकाशित हो रही हैं। इतना ही नहीं प्रश्नपत्र नहीं पहुंचने पर कई स्कूलों में परीक्षा टाल दी जा रही है। नकल माफिया पेपर लीक करवाने में जुट गये हैं। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का दावा करने वाली योगी आदित्यनाथ सरकार चुपचाप बैठी है। कार्रवाई के नाम पर अभी तक कुछ नहीं किया गया है। आप सांसद ने सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा व्यवस्था के साथ हो रहे मजाक को तत्काल खत्म करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी की है।

## होली मिलन समारोह आयोजित

**लखनऊ।** भगवान चित्रगुप्त धाम झूलेलाल वाटिका लखनऊ में कायस्थ फांडेशन ट्रष्ट द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम फूलों की होली व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व महापौर संयुक्ता भाटिया की गौरवमयी उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भगवान श्री चित्रगुप्त धाम में कायस्थ फाउंडेशन ट्रष्ट के पदाधिकारियों ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का भव्य स्वगत किया गया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में मथुरा से आये कलाकारी ने राधा कृष्ण का नृत्य प्रस्तुत किया । छोटे छोटे बच्चों ने भी नाट्य प्रस्तुत किया ।न्याय के देवताएब्रह्मा जी के पुत्र भगवान श्री चित्रगुप्त जी पर भक्ति के गीत प्रस्तुत किये गए। लखनऊ की जीवनदायिनी माँ गोमती की भव्य आरती भगवान श्री चित्रगुप्त घाट पर हुई। कार्यक्रम में कायस्थ फाउंडेशन ट्रष्ट के अध्यक्ष दिनेश चंद श्रीवास्तव, महामंत्री मनोज डिंगर, उपाध्यक्ष कीर्ति चौधरी, संजय श्रीवास्तव, राजा श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव आदि रहे।

# कांग्रेस नेताओं ने विपक्षी एकता के लिए ममता की पहल का स्वागत किया

**भाषा।** कोलकाता

**भाजपा** के विरुद्ध एकजुट होने के लिए सभी विपक्षी दलों को तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी के निमंत्रण का स्वागत करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संकेत दिया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की विपक्षी एकता के लिए कांग्रेस को केंद्रीय भूमिका निभानी होगी। कांग्रेस नेताओं का यह भी मानना है कि अन्य विपक्षी दलों और 137 साल पुरानी पार्टी के बीच छोटे-मोटे मतभेदों को भुला देना चाहिए क्योंकि गैर-भाजपा नेता, भाजपा जैसी शक्ति को हराने के लिए एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा ने कहा, यह (विपक्षी एकता) कांग्रेस की घोषित स्थिति है। कांग्रेस अध्यक्ष और कार्यकारी समिति ने बार-बार इस पर जोर दिया है। अतीत में कांग्रेस ने सभी को एक मंच पर एकत्र करने की पहल की है। शर्मा ने कहा, बात यह है कि जब हम राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में बात करेंगे तो कांग्रेस केंद्रीय भूमिका में आएगी। पूर्व वाणिज्य मंत्री ने कहा, (विपक्षी एकता के लिए) हमें पूरी गंभीरता से साथ मिलकर काम करना होगा।

आम चुनाव में कांग्रेस भाजपा से हार गई थी लेकिन 2019 के चुनाव में उसका मत प्रतिशत 19.55 प्रतिशत था जो कि क्षेत्रीय दलों के मुकाबले कहीं ज्यादा था। इस चुनाव में किसी भी क्षेत्रीय दल को राष्ट्रीय स्तर पर पांच प्रतिशत वोट भी नहीं मिले थे। कांग्रेस का मत प्रतिशत 2014 में 19.31 था जिसमें 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान वृद्धि हुई। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में है जबकि झारखंड, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में वह गठबंधन सरकार में शामिल है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले समेत विपक्ष के कई नेताओं ने कई बार कांग्रेस को आगे आकर विपक्षी एकता का नेतृत्व करने की जरूरत को रेखांकित किया है। बनर्जी ने 27 मार्च को सभी गैर-भाजपाई मुख्यमंत्रियों और कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को पत्र लिखकर प्रगतिशील ताकतों के साथ आने तथा दमनकारी भाजपा शासन के विरुद्ध लड़ने का आह्वान किया था।

बनर्जी ने पिछले साल यह भी कहा था कि संप्रग क्या है? हालांकि विश्लेषकों का मानना है कि चूंकि संयुक्त विपक्ष में कांग्रेस की महती भूमिका है इसलिए बनर्जी अपने पिछले रुख के विपरीत आचरण कर कांग्रेस को साधने का प्रयास कर सकती हैं। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा, यह (विपक्षी एकता के लिए बनर्जी का पत्र लिखना) अच्छी पहल है। मैंने पत्र देखा नहीं है फिर भी मैं कहूंगा कि यह स्वागतयोग्य कदम है। सभी प्रगतिशील, राष्ट्रवादी और पंथनिरपेक्ष ताकतों को साथ आकर धार्मिक और चरमपंथी शक्तियों से लड़ने की जरूरत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि बनर्जी विपक्ष का एक मजबूत स्तंभ हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए हर राज्य में मतविभाजन को रोकने के वास्ते विपक्ष को संयुक्त होना चाहिए। बनर्जी द्वारा अतीत में कांग्रेस की आलोचना करने के बाबत पूछे जाने पर तिवारी ने कहा कि जब देश को बचाने की चुनौती हो तब ऐसे छोटे-मोटे मतभेदों को भुला देना चाहिए।

## मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस कर्नाटक विस चुनाव जीतेगी: राहुल

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक में पार्टी नेताओं से एकजुट होकर काम करने और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में 150 सीट जीतने का लक्ष्य रखने का शुक्रवार को आह्वान किया। गांधी ने यहां पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक में हमेशा पार्टी के समर्थन की भावना रही है और यह कांग्रेस की स्वाभाविक स्थिति है। हमें कम से कम 150 सीटों (224 सदस्ईय कर्नाटक विधानसभा में) के साथ जीतना चाहिए। हमें एकजुट होकर और सही मुद्दों पर लड़ना चाहिए। पार्टी नेताओं सिद्धारमैया, डी. के. शिवकुमार, और मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी एकजुट होकर लड़ना और 150 सीटों पर जीत हासिल करना है। गांधी ने कहा, हमें इस चुनाव में युवाओं और महिलाओं पर ध्यान देना चाहिए चाहे वह टिकट देने के मामले में हो या संगठन में। मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से जीतेगी और गरीबों, छोटे व्यापारियों और सभी वर्गों के लिए काम करने वाली सरकार देगी। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह रोजगार का सृजन करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि उन्होंने छोटे और मध्यम उद्योगों को नष्ट कर दिया है। गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के बारे में बोलते थे, लेकिन अगर वह कर्नाटक में इसके बारे में बोलते हैं, तो लोग हंसेंगे क्योंकि यह (कर्नाटक में भाजपा सरकार) 40 प्रतिशत (कमीशन) के साथ सबसे भ्रष्ट राज्य है।



तुमाकुरू में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सीर शिवकुमार स्वामी की 115वीं जन्मदिवस के अवसर पर पूजा करते हुए।

## बालीगंज उपचुनावः माकपा प्रत्याशी को कड़े मुकाबले की उम्मीद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बालीगंज विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की उम्मीदवार सायरा शाह हलीम को लगता है कि उनके लिए मुकाबला चुनौतीपूर्ण है, लेकिन वह इसे जीत लेंगी। माकपा ने आखिरी बार 2001 में दक्षिण कोलकाता की इस प्रतिष्ठित सीट से जीत हासिल की थी और 2021 के चुनावों में तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बाद तीसरे स्थान पर रही थी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में इस सीट से उनके पति फवाद हलीम मैदान में थे। माकपा उम्मीदवार बनाए जाने से हैरान सायरा हलीम ने कहा, हमें कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। मैं जनसभाएं करने के अलावा रोजाना आठ घंटे घर-घर जाकर प्रचार कर रही हूं। खुद को एक साहित्यकार बताने वाली हलीम को अपने नाम की घोषणा के बाद असम यात्रा की योजना रद्द करनी पड़ी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि मुझे प्रत्याशी बनाया जाएगा। मैं असम जाने की योजना बना रहा थी ...फिर पार्टी नेतृत्व ने मुझसे बात कर उम्मीदवार बनाए जाने के बारे में बताया तो मुझे अपनी टिकट रद्द करने पड़ी। हलीम ने कहा कि वह और माकपा कार्यकर्ता हवा का रुख मोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। टीएमसी उम्मीदवार बाबुल सुप्रियो को अपना मुख्य प्रतिद्वंद्वी बताते हुए उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन क्षेत्र के लोग सुप्रियो को भाजपा से टीएमसी में लाने और टिकट देने से खुश नहीं है।

## असम से रास की दो सीटों पर राजग उम्मीदवारों ने जीत हासिल की

**गुवाहाटी।** सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दो उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के पबित्र मार्गरीटा और यूपीपीएल के रंग्रा नरजारी असम से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए जबकि कांग्रेस प्रत्याशी और निर्वतमान सांसद रिपुन बोरा विपक्षी सदस्यों द्वारा दूसरे उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने के कारण चुनाव हार गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मार्गरीटा को 46 मत मिले जबकि नरजारी को 44 और बोरा को 35 वोट मिले। मार्गरीटा की जीत तय मानी जा रही थी। असम विधानसभा के सभी 126 विधायकों ने मतदान किया और एक मत अमान्य पाया गया। विधानसभा में सत्तारूढ़ राजग के पास 79 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा के पास 63, एजीपी के पास नौ और यूपीपीएल के पास सात सीटें हैं। सदन में विपक्षी सदस्यों की संख्या 47 है, जिनमें से कांग्रेस के 27, एआईयूडीएफ के 15, बीपीएफ के तीन और माकपा का एक सदस्य है जबकि तीन विधायक निर्दलीय हैं। कांग्रेस के दो विधायकों शशिकांत दास और शर्मन अली अहमद को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। दास ने पहले ऐलान किया था कि वह राजग उम्मीदवारों के लिए मतदान करेंगे जबकि बीपीएफ ने राज्य सरकार को समर्थन दे दिया था लेकिन उसका अभी तक औपचारिक रूप से राजनीतिक गठबंधन नहीं हुआ है। विपक्षी दलों ने पहले घोषणा की थी कि वे सर्वसम्मति से कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करेंगे लेकिन बोरा को 35 मत मिलने से संकेत मिलता है कि विपक्ष के सात विधायकों ने दूसरे उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को करीमगंज (दक्षिण) से विधायक सिद्दीकी अहमद को पार्टी के मुख्य सचेतक वाजिद अली चौधरी द्वारा जारी तीन लाइन के व्हिप की जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया। पार्टी ने कहा कि अहमद ने वोट करते वक्त जानबूझकर अंक के बजाय शब्द में लिखा जिससे उनका वोट अमान्य घोषित कर दिया गया।

राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान बृहस्पतिवार को हुआ और मतगणना शाम पांच बजे शुरू हो गई थी लेकिन पांच विधायकों के खिलाफ कांग्रेस की शिकायतों के कारण इसमें देरी हुई। मतगणना आखिरकार रात साढ़े 10 बजे शुरू हुई और देर रात तक चलती रही। मतगणना के दौरान सभी प्रत्याशी और उनके एजेंट मौजूद रहे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि विजई उम्मीदवारों को विपक्ष के विवेकपूर्ण मत मिले हैं। एआईयूडीएफ को छोड़कर विपक्षी दलों से सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए वोट देने की अपील की थी। असम ने राजग के दो उम्मीदवारों को निर्वाचित कर एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया है। विजेताओं को मेरी शुभकामनाएं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनावों में विपक्षी प्रत्याशियों के साथ विश्वासघात करने के बाद एआईयूडीएफ के पांच विधायक शुक्रवार को सुबह मुख्यमंत्री के आवास पर गए। पार्टी के प्रवक्ता मंजीत महंत ने पीटीआई-भाषा से कहा, सोनई से विधायक करीमुद्दीन बरभुइया, बदरपुर से अब्दुल अजीत, चेंगा से अशरफुल हुसैन, जानिया से हाफिज रफीकुल इस्लाम और धींग से अमीनुल इस्माल को सुबह छह बजे सरमा के आवास में प्रवेश करते हुए देखा गया और वे सुबह करीब साढ़े आठ बजे वहां से बाहर आए। राज्यसभा की ए दो सीटें पहले कांग्रेस सदस्य रिपुल बोरा और रनी नारा के पास थी। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नितिन खाडे ने चुनाव प्रक्रिया पूरी करने में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्हें राज्यसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था।

## स्मृति ईरानी ने आश्चर्य जताया..एक महिला सांसद को क्यों महिला संबोधित नहीं किया जा सकता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को लोकसभा में इस बात पर आश्चर्य जताया कि एक महिला सांसद को क्यों महिला संबोधित नहीं किया जा सकता है ? स्मृति ईरानी ने यह टिप्पणी तब की जब कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी तथा तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने प्रश्नकाल के दौरान उन्हें (ईरानी को) वाईएसआरसीपी सदस्य गीता विश्वनाथ को महिला सदस्य संबोधित करने पर आपत्ति व्यक्त की। चौधरी और राय ने कहा कि मंत्री को महिला सदस्य की बजाए माननीय सदस्य या संसद सदस्य के रूप में संबोधित करना चाहिए। इस पर ईरानी ने कहा कि जो उन्होंने कहा, वह असंसदीय नहीं है और एक महिला सदस्य को महिला कहना गलत नहीं है। लेकिन विडंबना यह है कि दो पुरूष खड़े होते हैं और यह बताते है कि मुझे एक महिला सदस्य को किस प्रकार से संबोधित करना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### तृणमूल की शांता छेत्री ने मेघालय में हिन्दुओं को अल्पसंख्यक दर्जा देने की राज्यसभा में उठाई मांग

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की सदस्य शांता छेत्री ने शुक्रवार को मेघालय में हिन्दुओं को अल्पसंख्यक दर्जा दिए जाने की मांग की। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान उठाई गई अपनी इस मांग के समर्थन में उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय में दाखिल उस हलफनामे का हवाला दिया, जिसमें केंद्र सरकार ने कहा है कि राज्य आबादी के आधार पर हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा भी दे सकते हैं। छेत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में कहा है कि यदि किसी राज्य में हिन्दू बहुसंख्यक नही है तो वहां की राज्य सरकार हिन्दुओं को अल्पसंख्यक घोषित कर सकती है। उन्होंने कहा कि किसी राज्य विशेष में हिन्दू अल्पसंख्यक है तो वह संविधान में मिले अल्पसंख्यकों के अधिकारों के तहत अपनी पसंद के शिक्षण संस्थान खोल सकते है। उन्होंने कहा, मै गृह मंत्री से आग्रह करती हूं कि संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 के तहत एक अधिसूचना के जरिए हिन्दुओं का अल्पसंख्यक दर्जा देने के लिए मेघालय सरकार को निर्देशित करें।

### प्रधानमंत्री मोदी परेशानी पे चर्चा कब करेंगे : राकांपा

**मुंबई।** राकांपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा करने के कदम का स्वागत किया, लेकिन साथ ही उनसे छात्रों के माता-पिता और आम लोगों की चिंता के बारे में बात करने के लिए परेशानी पे चर्चा का आयोजन करने का भी आग्रह किया। राकांपा के प्रवक्ता क्लाईड क्रास्टो ने कहा कि कुछ हस्तियों ने लोगों से परीक्षाओं को लेकर छात्रों के साथ मोदी की परीक्षा पे चर्चा देखने का आग्रह किया है, लेकिन वे लोगों की पीड़ा पर बातचीत करने के लिए प्रधानमंत्री से कब सवाल करेंगे। परीक्षा के समय छात्र तनाव में रहते है। तनाव से मुक्ति दिलाने के लिए उनसे बातचीत करने के लिए हम प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते है, लेकिन वह छात्रों के माता-पिता और आम लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए परशानी पे चर्चा कब आयोजित करने जा रहे हैं? पेट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस के दाम हर रोज बढ़ रहे है और बेरोजगारी चिंता का विषय बन गई है। क्रास्टो ने पूछा कि क्या इन हस्तियों ने कभी कीमत वृद्धि के कारण आम लोगों को होने वाली परेशानियों के बारे में सोचा है? परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री छात्रों तथा उनके माता-पिता के साथ परीक्षा के तनाव तथा संबंधित प्रश्नों के बारे में बात करते है। यह आयोजन पिछले चार साल से किया जा रहा है।

### जम्मू-कश्मीर ने 12 रोहिंग्या मुसलमानों को हिरासत में लिया

**बनिहाल/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रामबन जिले से 12 रोहिंग्या मुसलमानो को हिरासत में लिया है। वे लोग तब्लीगी समूह के साथ गूल तहसील के डार गांव आए थे। 12 सदस्यों को कठुआ जिले के हीरानगर इलाके की जेल भेज दिया गया है, जहां ज्यादातर उन रोहिंग्या मुसलमान को रखा गया है, जिन्होंने अवैध रूप से केंद्र शासित प्रदेश मे प्रवेश किया था। उनकी पहचान अमीर हकम, जफर आलम, मोहम्मद नूर, अबुल हसन, मोहम्मद आलम, नूर अमीन, नूर हुसैन, सईद हुसैन, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद इस्माइल, कमाल हुसैन और मुस्तफा हुसैन के तौर पर की गई है। वे आठ साल से जम्मू के भटिंडी और नरवाल में शरणार्थी के रूप में रह रहे थे।

### पुलवामा में आतंकवादियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान जंदवाल निवासी ओवैस अल्ताफ, गुडुरा निवासी आकिब मंजूर और दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के करीमाबाद इलाके के निवासी वसीम अहमद पंडित के रूप में की है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रारंभिक जांच मे पता चला है कि गिरफ्तार तीनों जिले में आतंकवादियों को रसद और परिवहन मुहैया कराने में शामिल थे। उनके द्वारा बताए जाने के बाद हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए जिसमें एक एके राइफल, तीन मैगजीन, एके की 69 गोलियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### इंदौर के चिड़ियाघर में रैबीज फैला, छह भेड़ियों की मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में तीन दिन के भीतर रैबीज से छह भेड़ियों की मौत हो गई है। चिड़ियाघर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चिड़ियाघर के प्रभारी उत्तम यादव ने बताया कि अलग पिंजरे में रखे गए आठ में से छह भेड़ियों ने पिछले तीन दिन में रैबीज से दम तोड़ दिया, इनमें दो मादाएं शामिल है। पिंजरे के दो अन्य भेड़ियों को पशु चिकित्सकों की निगरानी मे रखा गया है। उनमे अब तक रैबीज के लक्षण दिखाई नही दिए हैं। चिड़ियाघर प्रभारी ने बताया कि अभी पता नही चल सका है कि भेड़ियों के पिंजरे में रैबीज कैसे फैला। एहतियात के तौर पर चिड़यािघर मे जानवरों के अन्य पिंजरों में रैबीज-रोधी दवा का छिड़काव किया जा रहा है।



नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा साथ में नेपाल के पीएम शेर बहादुर देऊबा अपनी पत्नी अरजू राना देऊबा व अन्य के साथ मुलाकात करते हुए।

## देशभक्ति के भाव को समाज के आचरण में शामिल करने का साधन बनें स्वयंसेवक : भैयाजी जोशी

**उदयपुर।** आरएसएस के पूर्व सरकार्यवाह एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी भैयाजी ने शुक्रवार को कहा, देशभक्ति सिर्फ विचार-विमर्श और बुद्धि के विलास का विषय नहीं है। यह आचरण का विषय है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के आचरण में जब देशहित का भाव निहित होगा, तब देशभक्ति के आचरण से ओतप्रोत समाज का निर्माण होगा और आज समाज में इसी बदलाव की जरूरत है। उदयपुर के हिरण मगरी स्थित विद्या निकेतन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भैयाजी जोशी ने कहा, स्वयंसेवक अपने जीवन की ऊर्जा को इस बदलाव का साधन बनाएं। देशभक्ति के आचरण से प्रतिबद्ध शक्ति ही देश के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है।

धर्म को सुनना-समझना आसान है, लेकिन उसे स्वीकार कर जीवन में उतारना आसान नहीं है। सुनने-समझने वाले भी कह देते हैं कि यह हमारे लिए नहीं है। भैयाजी जोशी ने कहा कि ऐसे लोगों को धर्म-देश की रक्षा के लिए छत्रपति शिवाजी तो चाहिए, लेकिन वे यह नहीं चाहते कि शिवाजी उन्हीं के घर में तैयार हों। संघ की ओर से जारी एक बयान में उन्होंने स्वयंसेवकों से नवसंत्वसर पर राष्ट्र के प्रति अपने धर्म को सुनने, समझने और उसे स्वीकार कर आचरण का हिस्सा बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रधर्म को आचरण में धारण करने वाला समाज ही हमारी संस्कृति को सुरक्षित और समृद्ध रखने में सक्षम होगा। भैयाजी जोशी ने कहा, हिंदू चिंतन में अधिकार शब्द का कोई स्थान नहीं है। हिंदू चिंतन संस्कार, आचरण, करणीय कार्य और कर्तव्यों की बात करता है। उन्होंने कहा, यह चिंतन हमें मैं से निकालकर हम की ओर ले जाता है। मैं से हम होते ही सभी की पीड़ा हमारी पीड़ा बन जाती है।

## राजस्थान में विस्फोटकों के साथ पकड़े गए लोगों से जुड़े तीन संदिग्ध रतलाम से गिरफ्तार

**भोपाल।** राजस्थान में दो दिन पहले विस्फोटकों के साथ पकड़े गए तीन लोगों के साथ कथित रूप से जुड़े हुए तीन संदिग्धों को मध्य प्रदेश के रतलाम से गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राजस्थान में गिरफ्तार संदिग्ध कथित तौर पर आतंकी हमलों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। रतलाम जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि राजस्थान पुलिस ने बुधवार को चित्तौड़गढ़ जिले से रतलाम के तीन युवकों-सरफुद्दीन उर्फ सैफुल्ला, जुबेर और अल्तमस को 12 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया था।

मप्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते और स्थानीय पुलिस ने रतलाम में इन युवकों से कथित तौर पर जुड़े हुए तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया। चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार तीनों युवक रतलाम में वर्ष 2014 और वर्ष 2017 में हुई हत्याओं में शामिल थे। चित्तौड़गढ़ में रतलाम के तीन युवकों की गिफ्तारी के बाद हमने लगभग 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया था। हालांकि, पूछताछ के बाद हमने इनमें से कई को छोड़ दिया, जबकि तीन को गिरफ्तार कर लिया।

तिवारी ने रतलाम में गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्तियों के नाम नहीं बताए। मप्र सरकार गिरफ्तार किए गए इन छह लोगों के रतलाम स्थित अवैध निर्माणों को ढहाने की योजना बना रही है। मध्य प्रदेश सरकार पिछले कुछ दिनों से राज्य के भू-माफियाओं, गुडों, बदमाशों एवं गंभीर अपराधों में शामिल अपराधियों के अवैध निर्माण बुलडोजर चलाकर तोड़ रही है, ताकि उनमें भय पैदा कर अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। राजस्थान पुलिस ने बताया था कि उसने चित्तौड़गढ़ जिले में बुधवार रात गश्त के दौरान तीन आरोपियों के पास से 12 किलोग्राम विस्फोटक, तीन घड़ी, तीन कनेक्टर वायर, छह बल्ब और एक जीप बरामद की है। तीनों युवक रतलाम के चरमपंथी अल सूफा संगठन से जुड़े हुए हैं।

## महाराष्ट्र के देहू में मांस मछली की बिक्री पर रोक

**पुणे।** महराष्ट्र के पुणे जिले में संत तुकाराम की जन्मस्थली देहू में नगर निकाय ने मांस एवं मछलियों की बिक्री पर पाबंदी लगा दी है। कच्चे एवं पके हुए मांस एवं मछलियों पर यह पाबंदी शुक्रवार को प्रभाव में आई। प्रसिद्ध संतों में एक तुकाराम का जन्म 17 वीं सदी के प्रारंभ में इसी शहर में हुआ था और प्रतिदिन उनके हजारों श्रद्धालु यहां उनके मंदिर में पहुंचते हैं। देहू नगर पंचायत के मुख्य अधिकारी प्रशांत जाधव ने कहा, 25 फरवरी को नगर पंचायत की पहली आमसभा बैठक में वरकारियों (भगवान विट्ठल के श्रद्धालुओं) एवं स्थानीय निवासियों की भावना पर गौर करते हुए देहू शहर में मछलियों एवं मांस की बिक्री पर पाबंदी लगाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। मंदिर नगर होने के कारण यहां महज चंद दुकानों पर ही पहले मांसाहारी चीजें बिकती थीं लेकिन वे भी अब बंद हैं। तुकाराम मंदिर न्यास के न्यासियों में एक संजय मोरे ने कहा कि शहर में मछलियों एवं मांस की बिक्री पर पाबंदी लगाने की सभी पक्षों की मांग थी।

## गोवा में संगठनात्मक परिवर्तन पीढ़ीगत बदलाव के संकेत देते है : चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस द्वारा अपनी गोवा इकाई में महत्वपूर्ण बदलाव किए जाने के एक दिन बाद, पार्टी के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि संगठनात्मक परिवर्तन पीढ़ीगत बदलाव के संकेत देते हैं और विश्वास व्यक्त किया कि युवा टीम को लोगों का समर्थन मिलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बृहस्पतिवार को युवा नेता अमित पाटकर को गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया था। वहीं, यूरी अलेमाओ को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) में शामिल किया गया है। माइकल लोबो को विधायक दल का नेता, संकल्प अमोनकर को उपनेता और कार्लोस फरेरा को मुख्य सचेतक बनाया गया है।

चिदंबरम ने एक ट्वीट में कहा, गोवा पीसीसी के नए अध्यक्ष और पदाधिकारियों को मेरी हार्दिक बधाई। गोवा के नए सीएलपी नेता और नई टीम को मेरी हार्दिक बधाई। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा, मैं सीडब्ल्यूसी में श्री दिगंबर कामत का हार्दिक स्वागत करता हूं। वह अपनी समर्पित सेवा एवं समृद्ध अनुभव के कारण सम्मान के पात्र हैं।

चिदंबरम ने कहा कि गोवा में संगठनात्मक परिवर्तन पीढ़ीगत बदलाव का संकेत देते हैं और युवा टीम पर एक बड़ी जिम्मेदारी डाली गई है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि वे इस मौके का फायदा उठाएंगे और गोवा के लोगों का समर्थन हासिल करेंगें। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि गोवा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक चिदंबरम और राज्य के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने बुधवार को पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की थी और संगठन के पुनर्गठन पर चर्चा की थी।

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, पंजाब और गोवा में विधानसभा चुनाव में हार के बाद सोनिया गांधी ने इन राज्यों के पार्टी प्रमुखों से इस्तीफा देने को कहा था।

## देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की एसआईटी जांच संबंधी याचिका शीर्ष अदालत में खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने संबंधी राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी। इससे पहले बंबई उच्च न्यायालय भी एसआईटी जांच से संबंधित प्रदेश सरकार की याचिका को खारिज कर चुका है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने उच्च न्यायालय के 15 दिसंबर, 2021 के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी।

पीठ ने कहा, यह पूरी तरह से गुमराह करने वाली है... मैंने सोचा कि राज्य कुछ समझ दिखाएगा। लेकिन, ए अलग तरह की लड़ाई है। क्षमा करें, याचिका खारिज। सुनवाई की शुरुआत में महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीए सुंदरम ने कहा कि सीबीआई के वर्तमान निदेशक महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी और पुलिस स्थापना बोर्ड का हिस्सा थे, जो स्थानांतरण और तैनाती के मामलों को देखता था। उन्होंने कहा कि सीबीआई अपने ही आचरण की जांच कैसे कर सकती है।

उन्होंने कहा, सीबीआई के वर्तमान निदेशक उस वक्त स्थापना बोर्ड के अध्यक्ष थे, जो स्थानांतरण के लिए जिम्मेदार थे। वह संभवत: एक आरोपी हो सकते हैं या निश्चित रूप से एक गवाह। मैं पक्षपात की आशंका में नहीं जा रहा हूं, एक व्यक्ति जो गवाह या एक आरोपी के तौर पर प्रासंगिक है, वह सीधे तौर पर शामिल था। सुंदरम ने कहा, मेरा एकमात्र निवेदन यह है कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है तो आप एक एसआईटी बना सकते हैं या किसी और को मामले की जांच के लिए नियुक्त कर सकते हैं। यह निश्चित रूप से नहीं हो सकता है कि एक व्यक्ति जिसके खिलाफ एफआईआर में कार्वाई के बारे में शिकायत की गई है, वही व्यक्ति उसकी जांच करे।

उच्चतम न्यायालय ने 24 मार्च को पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह के खिलाफ कदाचार और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी और कहा था कि इस मामले की जांच किसे करनी चाहिए, इस पर सत्ता के शीर्ष स्तर के बीच एक बहुत ही अस्पष्ट स्थिति जारी है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्य पुलिस में लोगों का विश्वास फिर से बहाल करने के लिए गहन जांच की जरूरत है। न्यायालय ने कहा था, न्याय के सिद्धांत को आगे बढ़ाने के मद्देनजर जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है। हम यह नहीं कह रहे हैं कि अपीलकर्ता (सिंह) व्हिसल-ब्लोअर हैं या इस मामले में शामिल कोई भी व्यक्ति दूध से धुला है।

# चीन ने युद्ध के लिए अमेरिका पर ठीकरा फोड़ा

## नाटो विस्तार को जिम्मेदार ठहराया

**भाषा।** बीजिंग

अमेरिका पर यूक्रेन में युद्ध भड़काने का आरोप लगाते हुए चीन ने कहा कि सोवियत संघ के विघटन के बाद नाटो को खत्म कर दिया जाना चाहिए था। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजान ने शुक्रवार को यहां दैनिक ब्रीफिंग के दौरान संवाददाताओं से कहा, यूक्रेन संकट के गुनाहगार एवं मुख्य साजिशकर्ता अमेरिका ने 1999 के बाद पिछले दो दशकों में पूरब की ओर विस्तार के पांच दौरों में नाटो की अगुवाई की। उन्होंने कहा, नाटो के सदस्यों (सदस्य देशों) की संख्या 16 से बढ़कर 30 हो गई और वे 1000 किलोमीटर से भी आगे बढ़ते हुए कहीं न कहीं रूस सीमा के समीप पहुंच गए एवं एक -एक कदम उठाते हुए रूस को धकिया दिया। झाओ का बयान ऐसे समय में आया है जब चीन और यूरोपीय संघ के नेता एक सम्मेलन के लिए डिजिटल तरीके से बैठक कर रहे हैं। इस सम्मेलन में यूक्रेन का मुद्दा छाए रहने की संभावना है। यूरोपीय संघ के अधिकारियों का कहना है कि वे चीन से इस वादे की उम्मीद कर रहे हैं कि वह प्रतिबंधों को कमजोर नहीं करेगा एवं लड़ाई को रोकने के प्रयासों में सहायता करेगा।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति ने दो जनरल के सैन्य रैंक छीने



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने अपने दो जनरल के सैन्य रैंक छीन लिए हैं। जेलेंस्की ने कहा, कुछ चीजों के कारण वे यह तय नहीं कर पा रहे थे कि उनकी मातृभूमि कहां हैं और उन्होंने यूक्रेनी लोगों के प्रति निष्ठा की अपनी सैन्य शपथ का उल्लंघन किया। जेलेंस्की के अनुसार, इनमें से एक जनरल मुख्य खुफिया एजेंसी एसबीयू में आंतरिक सुरक्षा मामलों के प्रमुख थे। उन्होंने बताया कि दूसरे जनरल ख़ेर्सोन क्षेत्र में एसबीयू के प्रमुख थे, जो रूसी सेना द्वारा कब्जे में लिया गया पहला सबसे बड़ा शहर था। जेलेंस्की ने यह नहीं बताया कि इन जनरल के साथ क्या किया जाएगा। केवल उनके सैन्य रैंक को छीनने की जानकारी दी।

## जेलेंस्की की अपील पर यूक्रेन में बख्तरबंद वाहन भेजेगा ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने शुक्रवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया युद्धग्रस्त यूक्रेन में बख्तरबंद बुशमास्टर वाहन भेजेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के खिलाफ युद्ध में और अधिक मदद करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई सांसदों से खासतौर से इन वाहनों को भेजने की अपील की थी। जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलियाई संसद को संबोधित किया और ऑस्ट्रेलिया निर्मित चार पहिया वाहनों को भेजने की अपील की। मॉरिसन ने पत्रकारों को बताया कि बोइंग सी-17 ग्लोबमास्टर विमानों से इन वाहनों को भेजा जाएगा। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि कितने वाहन भेजे जाएंगे और कब भेजे जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा, हम न केवल अपनी दुआएं भेज रहे हैं बल्कि हम अपनी बंदूकें, अपनी युद्ध सामग्री, मानवीय सहायता, ए सभी चीजें भेज रहे हैं और हम अपने बख्तरबंद वाहन, अपने बुशमास्टर भी भेज रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई सांसदों ने जेलेंस्की का 16 मिनट का भाषण शुरू होने और खत्म होने पर खड़े होकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। जेलेंस्की ने भी रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने तथा अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों से रूसी पोतों को प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया हमें रूस के खिलाफ और प्रतिबंधों की आवश्यकता है, शक्तिशाली प्रतिबंध लगाए जाने की आवश्यकता है जब तक कि वे अपनी परमाणु मिसाइलों से अन्य देशों को ब्लैकमेल करना बंद न कर दें। जेलेंस्की ने खासतौर से बुशमास्टर वाहन भेजने का अनुरोध किया।



रूसी आपातकालीन मंत्रालय प्रेस सेवा जारी फोटो म रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में एक तेल डिपो में आग लगने वाले स्थान पर अग्निशामक काम करते हैं। बेलगोरोड के रूसी सीमा क्षेत्र के गवर्नर ने यूक्रेन पर रूसी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर गनशिप उड़ाने और शुक्रवार सुबह एक तेल डिपो पर हमला करने का आरोप लगाया।

## अहम खनिजों के लिए चीन पर निर्भरता कम करने को लेकर अमेरिकी सीनेट में विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में सांसदो के द्विदलीय समूह ने अमेरिका के क्वाड साझेदारों ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के साथ व्यापार साझेदारी का लाभ उठाने और अहम खनिजों के लिए चीन पर अमेरिका की निर्भरता कम करने के वास्ते बृहस्पतिवार को एक विधेयक पेश किया। एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, क्वाड अहम खनिज साझेदारी कानून नाम के इस विधेयक का उद्देश्य चीन पर अमेरिका की निर्भरता कम करना और अमेरिका तथा उसके सहयोगियों के दीर्घकालीन राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा करना है।

**PUBLIC NOTICE**

I Harvinder Singh S/o Late Sh. Kartar Singh R/o B-33 Ist Floor, Moti Nagar, New Delhi-110015 hereby inform to all that I am being Regd. Nominee in the "The Panchsheel Co-op. House Building Society Ltd.", H. No. 110, Exchange Colony near Telephone Exchange, Zirakpur-140603 Distt. Mohali (Punjab), Membership no. 229, Plot no. 16, Sector-B have lost original membership receipts of Rs. 5110/- and Rs. 3000/- issued in 1985 in the name of my father Late Sh. Kartar Singh. I have applied for duplicate receipts. If any one have any objections please contact within 15 days to the secretary of aforesaid society.

**सार्वजनिक सूचना**

आप सभी को ज्ञात हो कि समीर मेहता पुत्र कस्तूरी लाल मेहता निवासी 24ए,पॉकेट-बी,सिद्धार्थ एक्सटेंशन, दिल्ली 110014, सम्पर्क 011-41023496, ईमेल To_sameer@yahoo.com, फ्लैट नं0 216-ए, पॉकेट-सी, सिद्धार्थ एक्सटेंशन, नई दिल्ली 110014 के आवंटी/खरीददार ने उपरोक्त संपत्ति मांग सह आवंटन पत्र और अन्य संबंधित कागजात और दस्तावेजों आदि के रुपांतरण के लिए आवेदन किया है। आवंटन पत्र और अन्य संबंधित कागजात और दस्तावेजों खो दी है। इस संबंध में थाना में 29/03/2022 को प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है, कोई भी व्यक्ति (एस) किसी अधिकार का दावा करता है, कोई आपत्ति है या मूल दस्तावेज के कब्जे में पाया जाता है, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर उपरोक्त पते पर उपरोक्त नामित व्यक्ति से संपर्क कर सकता है और व्यक्तिगत रुप से उप निदेशक (एलएबी) से संपर्क कर सकता है। आवास या निदेशक (एच) डी ब्लॉक,तीसरी मंजिल, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली

**DEBTS RECOERY TRIBUNAL-I, DELHI 4TH FLOOR, JEEVAN TARA BUILDING, PARLIAMENT STREET, NEW DELHI-110001.**

SA /06/2018
NDN/703/2017 (SA)
Shiv Prakash Pandey — Applicant
VERSUS
Ramgarhia Co Operative Bank Ltd. & Anr. — Respondents

To,
1. Sh. Lalit Kumar S/o Sh. Gopi Ram R/o 4043, Kaseruwalan Paharganj Delhi-110055. Respondents 2.
2. Sh. Chander Bhan Gola S/o Sh. Gopi Ram R/o 4043, Kaseruwalan Paharganj Delhi-110055. Respondents 3.

Whereas the above named applicant has instituted a case under Section 17 of SARFAESI Act, 2003 against you and whereas it has been shown to the satisfaction of the Tribunal that it is not possible to serve you in ordinary way. Therefore, this notice is given by advertisement directing you to make appearance before Ld. Registrar on **21.04.2022** at 10.30A.M.

Take notice that in case of your failure to appear on the above mentioned day before this Tribunal, the case will be heard and decided in your absence.

**Due to ongoing Pandemic Situation, all the matters will be taken up through Video Conferencing and for that purpose:-**
(iv) All the Advocates/Litigants shall download the **Cisco Webex** application/Software;
(V) **Meeting ID** and **Password** for the next date of hearing qua cases to be taken by Registrar/Recovery Officer-1/ and Recovery Officer-II shall be available one day prior to the next date at DRT Official Portal i.e. **drt.gov.in** under the Public Notice Head.
(vi) In any exigency qua that, the Advocates/Litigants can contact the concerned official at **Ph. No. 011-23748473.**

Given under my hand and seal of the Tribunal on this **2nd March of 2020.**

By order of this Tribunal
For Registrar

## इज़राइली हमले में दो फ्लीस्तीनियों की मौत

**यरुशलम।** इज़राइली बलो ने बृहस्पतिवार को वेस्ट बैंक मे एक शरणार्थी शिविर पर हमला किया, जिसमे दो फ्लीस्तीनी मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। इज़राइल का कहना है कि वह आतंकवादी नेटवर्क को निशाना बना रहा है। सेना ने बताया कि एक अन्य घटना मे वेस्ट बैंक मे एक फ्लीस्तीनी नागरिक ने 28 वर्षीय एक इज़राइली नागरिक को बस में चाकू मार दिया, जिसके बाद वहां खड़े एक व्यक्ति ने फ्लीस्तीनी नागरिक की हत्या कर दी थी। मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा के अनुसार, घायल इज़राइली नागरिक को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है और उसका इलाज चल रहा है।

## मध्य सर्बिया में खदान दुर्घटना में कम से कम आठ लोगों की मौत, 20 घायल

**बेलग्रेड।** मध्य सर्बिया की एक खदान मे शुक्रवार को दुर्घटना मे कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। सर्बिया के सरकारी टेलीविजन आरटीएस ने यह जानकारी दी है। सोको कोयला खदान में यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब पांच बजे हुई। आरटीएस की खबर में कहा गया है कि खदान का एक हिस्सा ढह गया, जिससे श्रमिक अंदर ही फंस गए। नजदीकी अलेक्सिनाक मे चिकित्सा केंद्र के प्रमुख रेदोलजुब जिवादिनोविक ने बताया कि 18 लोगों को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है और ज्यादातर को हल्की चोटें आई है।

# इस्तीफा देकर ही इमरान का सम्मानजनक विदाई मिल सकती हैः पाक के विपक्षी दल

**भाषा।** लाहौर (पाकिस्तान)

**पाकिस्तान के** विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अपना विरोध तेज करते हुए कहा कि केवल इस्तीफा देकर ही उन्हें सम्मानजनक विदाई मिल सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने नेशनल असेंबली में बहुमत खोने के बावजूद बृहस्पतिवार को कहा था कि वह इस्तीफा नहीं देंगे और अंतिम गेंद तक खेलेंगे। साथ ही, उन्होंने कहा था कि वह रविवार को होने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान का सामना करेंगे, जिसमें फैसला होगा कि देश किस दिशा में जाएगा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि इमरान खान के लिए अब कोई सुरक्षित रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा, केवल इस्तीफा देकर ही उन्हें सम्मानजनक विदाई मिल सकती है। मैं उन्हें ऐसा करने की सलाह दूंगा। उन्होंने कहा कि इमरान का राष्ट्रीय सुरक्षा मंचों तथा संस्थानों का ध्रुवीकरण करने और बदनाम करने का प्रयास अपमानजनक है। विपक्षी दल पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने बृहस्पतिवार को इमरान खान के राष्ट्र के नाम, सीधे प्रसारित किए गए संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, यह आदमी लगातार साबित कर रहा है कि वह इस सर्वोच्च पद के लायक नहीं है। सबके सामने रोने के बजाय उन्हें कुछ साहस जुटाना चाहिए और अगर उनमें कुछ सम्मान बचा है तो इस्तीफा दे देना चाहिए। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ में फूट के बाद संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली में उन्होंने बहुमत खो दिया है। उनके दो सहयोगी दलों ने भी अपना समर्थन वापस ले लिया और विपक्षी खेमे के साथ जा मिले। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ ने 28 मार्च को पाकिस्तानी संविधान के अनुच्छेद ए-95 के तहत अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था और इस पर 161 सदस्यों ने दस्तखत कर रखे हैं। इमरान को उनकी सरकार गिराने की विपक्ष की कोशिशों को नाकाम करने के लिए 342 सदस्ईय निचले सदन में 172 वोट की जरूरत है।

## पाक ने अमेरिकी राजनयिक को तलब कर अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप के प्रति कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक को यहां तलब कर देश के अंदरूनी मामलो मे अमेरिका के कथित हस्तक्षेप के प्रति कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराई। शुक्रवार को मीडिया में प्रकाशित खबरों में यह जानकारी सामने आई। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री इमरान खान के उस बयान को सिरे से खारिज कर दिया था जिसमे उन्होंने कहा था कि उन्हें सत्ता से बेदखल करने के लिए एक विदेशी साजिश वाशिंगटन की भूमिका है। सीधे प्रसारण में देश को संबोधित करने के दौरान 69 वर्षीय खान ने धमकी भरे एक पत्र का उल्लेख किया और कहा कि स्वतंत्र विदेश नीति पर चलने के लिए उन्हे सत्ता से अपदस्थ करने की विदेशी साजिश रची गई है।

## सुरक्षा एजेंसियों ने इमरान खान की हत्या की साजिश की सूचना दी है : मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ रविवार को अविश्वास प्रस्ताव से पहले देश की सुरक्षा एजेंसियों ने खान की हत्या की साजिश की सूचना दी है। डॉन अखबार ने चौधरी के हवाले से बताया कि इन खबरों के बाद सरकार के फैसले के अनुसार खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनका यह बयान तब आया है जब एक हफ्ते पहले पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता फैसल वावड़ा ने ऐसे ही दावे किए थे। उन्होंने कहा था कि खान के देश को बेचने से इनकार करने पर उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है।

## श्रीलंका पुलिस ने सरकार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 45 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग करते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारी उनके आवास के बाहर एकत्र हुए जिसके बाद 45 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया और कोलंबो शहर के ज्यादातर इलाकों में कुछ देर के लिए कर्फ्यू लागू कर दिया गया। देश में आर्थिक संकट है और लोग राष्ट्रपति को इसका जिम्मेदार मानते हैं।

LANDMARK THE HOMES 81
Sector 81, Gurgaon

# LANDMARK THE HOMES 81
## SECTOR-81, GURUGRAM (HARYANA)

### PROJECT APPROVED UNDER HARYANA GOVT. AFFORDABLE HOUSING POLICY 2013

Online applications are invited from general public for booking and allotment of 165 residential apartments in Affordable Housing Project in the name of "LANDMARK THE HOMES 81" proposed to be developed by M/s SRV Automotives Pvt. Ltd., as per terms and conditions of the policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Govt. of Haryana vide notification no. PF-27/48921 dated 19.08.2013 and amendment thereof (details available at the department website i.e. www.tcpharyana.gov.in).

**PROJECT DETAILS:**

| | |
|---|---|
| **1.** Project ID: | 84 |
| **2.** Colonizers/Developers: | M/s SRV Automotives Pvt. Ltd. |
| **3.** Project Approvals: | License No. 4 of 2021 Dated: 02.03.2021<br>Building Plans Sanctioned Vide Memo No. ZP-1466/SD (DK)/2021/12887 DATED 02.06.2021.<br>RERA Registration No: 36 of 2021, Dated: 16.07.2021 |
| **4.** Location: | Sector 81, Gurugram, Haryana |
| **5.** Project Area: | 5.0 Acres comprising a total 694 nos. of apartments out of which remaining/surrender 165 nos. of apartments are available. 8 nos. of apartments are reserved for management quota. Community Facilities: One Community Hall of 2046.83 sq. ft. & and One Aanganwadi cum creche of 2023.63 sq. ft. |
| **6.** Facilities: | Gated Entry, Security Post, Drop off Zone, Ample Parking, Kids play area, Water body, Badminton Court, Lawn tennis, Commercial Complex |

**7. Details of Apartments offer for Public:**

| Unit Type | Unit Carpet Area @ 4200 (Sq.ft) | Unit Balcony Area @ 1000 (Sq.ft) | Total price of Unit (Rs.) | At the time of Online Application (Rs.) | No. of Units |
|---|---|---|---|---|---|
| Unit-3 (2BHK) (4 units under MQ) | 559.82 | 179.33 | 2451264 | 117562.20 | 61 |
| Unit-4 (2BHK) (4 units under MQ) | 566.61 | 124.16 | 2479746 | 118988.10 | 57 |
| Unit-6 (1BHK) | 348.04 | 85.34 | 1547121 | 73088.40 | 38 |
| Unit-7 (1BHK) | 398.86 | 85.34 | 1760552 | 83760.60 | 9 |

8. Applicable GST and cesses, levies & fees etc. shall be charged over & above the said total price of the unit.
9. **Payment Terms:**
   I. With online application: Booking amount i.e.5% of Total Price of unit
   II. On Allotment: 20% and 12.5% of due installment of unit (installment shall be equivalent to the amount payable by other allottees)
   III. Balance: 62.5% of the Total amount payable in five equal half yearly instalments over a period of 2.5 years. Any default in payment will bear penal interest as provided in Rule 15 of the HRERA, rules, 2017.
10. **Parking:** Two wheeler parking with each apartment.
11. **Broad Specification of Apartment:**
    **Flooring:** Vitrified/Ceramic Tiles, Wall Finish: Oil Bound distemper, Kitchen Details: SS Single bowl Sink, Granite top platform, Balcony Flooring: Anti Skid Tiles, Railing: M.S Steel, Window/External Door: UPVC/MS/Aluminum or equivalent, Door: Flush Doors, Bathroom Fittings: Chinaware or equivalent, C. P. Fittings: Modern & elegant, Electrical: ISI marked products for wirings, switches & circuits.
12. **Application Timelines:** Application will be filled online by registration on **https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home** starting from **02nd April 2022** and last date of submission of online application form is **02nd May 2022.**
13. **ELIGIBILITY:**
    **1.** Any person can apply but an applicant in a specify colony shall make only one application. 2. Any Person can apply, however, the PMAY beneficiaries, which include their spouse or dependent children, identified by the Urban Local Bodies Department, Haryana under "Pradhan Mantri Aawas Yojna - Housing for all programme shall be granted preference in allotment. First Priority shall be given to the identified beneficiaries of the said town followed by other PMAY beneficiaries of the state of Haryana. Thereafter, for the remaining flats, Persons which include their spouse or dependent children who do not own any flat/plot in any HUDA developed colony/sector or any licensed colony in any of the urban areas in Haryana, UT of Chandigarh and NCT Delhi shall be given next Preference in allotment of flats. Any successful applicant under this policy shall not be eligible for allotment of any other flat under this policy in any other colony. In case he/she is successful in more than one colony, he/she will have choice to retain only one flat. All such applicants shall submit an affidavit to this effect. 3. PAN Card & Aadhaar Card is mandatory.
14. **ALLOTMENT CRITERIA:**
    **1.** . The allotment of apartments shall be done through online draw in the presence of Committee consisting Deputy Commissioner or his representative (at least of the cadre of Haryana Civil Services), Senior Town Planner (Circle office), DTP of the concerned District and the representative of concerned colonizer. 2. After fixation of date for online draw, an advertisement shall be issued by the Developer informing the applicant about the details regarding date/time and venue of the online draw in the same newspaper in which the original advertisement was issued. For detailed criteria and time frame to be adopted for scrutiny and allotment, the applicant may also refer to the details in the affordable housing policy 2013 notified by No. PF-27/48921 dated 19.08.2013 (available at the department website i.e., **www.tcpharyana.gov.in**)
    **2.** In the event the purchaser(s) wants to avail a loan facility from any bank, financial Institution or his/her employer to facilitate the purchase of the flat, the developer shall facilitate the process but shall not be held liable for any delay in payment or refusal to grant the loan to purchaser(s).

**M/s SRV Automotives Private Limited, CIN: U70100DL2005PTC134174**
**Corp. Office: Landmark House, Plot No. 65, Sector 44, Gurugram, Haryana – 122003**
**Please Contact – 8929887878**

# नए वित्त वर्ष के पहले दिन बाजार की शानदार शुरुआत

**भाषा।** मुंबई



## सेंसेक्स 708 अंक उछला

**नए वित्त वर्ष** के पहले दिन शेयर बाजार की शुरूआत शानदार रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली के बीच एचडीएफसी लि., रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में तेजी के साथ बीएसई सेंसेक्स 708 अंक से अधिक उछलकर 59,000 के स्तर को फिर से प्राप्त कर लिया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 708.18 अंक यानी 1.21 प्रतिशत उछलकर 59,276.69 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 828.11 अंक यानी 1.41 प्रतिशत बढ़कर 59,396.62 तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 205.70 अंक यानी 1.18 प्रतिशत चढ़कर 17,670.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से एनटीपीसी, पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, टाइटन और इन्फोसिस नुकसान में रहे। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, घरेलू शेयर बाजार ने इस सप्ताह सकारात्मक रिटर्न दिए। रूस-यूक्रेन बाचीत में प्रगति के बीच वैश्विक स्तर पर भी इक्विटी बाजार मोटे तौर पर मजबूत रहे। दूसरी तरफ, जिंसों के दाम में कुछ सुधार हुआ। भारत में, बाजार व्यापक स्तर पर लाभ में रहा। ज्यादातर खंडवार सूचकांक सकारात्मक दायरे में रहे। उन्होंने कहा, इस सप्ताह कच्चे तेल के दाम में सुधार आया और यह आयात पर निर्भर भारत जैसे देशों के लिए सकारात्मक है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत बढ़कर 104.94 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 3,088.73 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## नॉर्दर्न आर्क ग्रुप ने आशीष मेहरोत्रा को एमडी और सीईओ नियुक्त किया

**मुंबई।** नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड जो एक विविधीकृत एनबीएफसी और अग्रणी डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म है, ने आशीष मेहरोत्रा को कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। यह नियुक्ति 1 अप्रैल 2022 से प्रभावी होगी। आशीषए नॉर्दर्न आर्क ग्रुप की माइक्रोफाइनेंस सब्सिडियरी, प्रगति फिनसर्व के नॉन . एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन के रूप में भी काम करेंगे। वह नॉर्दर्न आर्क इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के बोर्ड के सदस्य हैं, जिसमें हमारा अल्टरनेट इन्वेस्टमेंट फंड और पोर्ट फोलियो मैनेजमेंट सर्विस है। आशीष के पास खुदरा और वाणिज्यिक बैंकिंग, धन प्रबंधन और बीमा में 25 वर्षों से अधिक समय का अनुभव है। डॉ. क्षमा फर्नांडिस गैर, कार्यकारी निदेशक के रूप में संगठन का हिस्सा बनी रहेंगी और 1 अप्रैल 2022 से गैर . कार्यकारी वाइस चेयरपर्सन के रूप में नामित की जाएंगी।

## जनवरी से मार्च के बीच सात प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 71 फीसदी बढ़ी : रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**संपत्ति के बारे परामर्श** देने वाली कंपनी एनारॉक ने कहा है कि जनवरी से मार्च के बीच देश के सात प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 71 प्रतिशत बढ़कर 99,550 इकाई पहुंच गई जो 2015 के बाद से किसी तिमाही में हुई सर्वाधिक बिक्री है। एनारॉक ने कहा कि आवास ऋण पर कम ब्याज दरें और अपना घर पाने को लेकर बढ़ती रूचि के कारण घरों की मांग में वृद्धि देखी गई है। कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार एक साल पहले दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई में इस अवधि में 58,290 आवासीय संपत्तियों की बिक्री हुई थी। पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 90,860 इकाई था। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, वर्ष 2022 के पहले तीन महीने में आवासीय बाजार में तेजी का रूख बना रहा। बिक्री में तिमाही के आधार पर वृद्धि करीब 10 फीसदी और सालाना आधार पर 71 फीसदी रही।

## केफिन टेक्नोलॉजीज ने डीआरएचपी फाइल किया

**मुंबई।** केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेडए जो पूंजी बाजार पारिस्थितिकी तंत्र को व्यापक सेवाएं प्रदान करने वाला प्रमुख प्रौद्योगिकी संचालित वित्तीय सेवा मंच हैए ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 2400 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस फाइल किया है। यह आईपीओ पूरी तरह से जनरल अटलांटिक सिंगापुर फंड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 2,400 करोड़ रुपये तक मूल्य के इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल है। केफिन भारत के परिसंपत्ति वर्गों में परिसंपत्ति प्रबंधकों और कॉर्पोरेट इश्यूअर्स को सेवाएं प्रदान करता है और मलेशिया, फिलीपींस एवं हांगकांग में भी म्यूचुअल फंड और निजी सेवानिवृत्ति योजनाओं के लिए ट्रांजेक्शन और प्रोसेसिंग सहित समाधान प्रदान करता है। केफिन टेक्नोलॉजीज 31 जनवरी 2022 तक सेवित एएमसी ग्राहकों की संख्या के आधार पर भारतीय म्यूचुअल फंडों के लिए भारत का सबसे बड़ा निवेशक समाधान प्रदाता है।

## .भारत एक अहम व्यापारिक और रणनीतिक साझेदारः अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की एक शीर्ष अधिकारी ने अमेरिकी सांसदों से कहा कि अमेरिका के लिए भारत एक महत्वपूर्ण व्यापारिक और रणनीतिक साझेदार है और कुछ तीखे मतभेदों के बावजूद दोनों देश बाजार पहुंच प्रतिबद्धताओं समेत विभिन्न मुद्दों पर मिलकर काम करने को तैयार हुए हैं। अमेरिका के व्यापार नीति एजेंडा पर सुनवाई के दौरान अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने सीनेट वित्त समिति के समक्ष बृहस्पतिवार को कहा कि दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दों पर तीखे मतभेद हैं। मिसाल के तौर पर उन्होंने बताया कि नवंबर में भारत दौरे के वक्त झींगों की कथित डंपिंग को लेकर भारत में काफी विरोध रहा। ताई ने कहा कि हालांकि पिछले वर्ष अमेरिका को भारत में पोर्क निर्यात के लिए पहुंच मिल गई। ताई ने कहा, हम इस संबंध को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे, यह हमारे लिए रणनीतिक रूप से अहम होने के साथ-साथ परंपरागत तौर पर चुनौतीपूर्ण रहा है। सीनेटर माइकल बेनेट ने कहा कि भारत अमेरिका का अहम सहयोगी है।

# उमेश ने पंजाब किंग्स को सस्ते पर समेटा

● केकेआर ने 137 रन पर रोका

भाषा। मुंबई

**उमेश यादव** की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां पंजाब किंग्स को 137 रन पर समेट दिया। उमेश ने 23 रन देकर चार जबकि टिम साउथी ने 36 रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे पंजाब किंग्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम 18.2 ओवर में सिमट गई।

टीम की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी उसके शीर्ष स्कोरर भानुका राजपक्षे (31) और शिखर धवन (16) के बीच दूसरे विकेट के लिए 41 रन की रही। राजपक्षे के अलावा कागिसो रबादा (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। पंजाब किंग्स ने पावर प्ले में 62 रन जोड़े लेकिन बाकी बचे ओवरों में टीम 75 रन ही जोड़ सकी। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसे उमेश ने सही साबित करते हुए पहले ही ओवर में विरोधी टीम के कप्तान मंयक अग्रवाल (01) को



उमेश को बधाई देते साथी खिलाड़ी

पगबाधा कर दिया। राजपक्षे ने साउथी पर चौके से खाता खोला और फिर उमेश पर भी चौका जड़ा। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने उमेश पर पारी का पहला छक्का जड़ा। राजपक्षे ने शिवम मावी (39 रन पर एक विकेट) का स्वागत पहली चार गेंद पर चौके और तीन छक्कों के साथ किया लेकिन अगली गेंद पर मिड आफ पर साउथी को कैच थमा बैठे। राजपक्षे ने नौ गेंद में तीन चौकों और तीन छक्कों से 31 रन बनाए। साउथी ने धवन को विकेटकीपर सैम बिलिंग्स के हाथों कैच कराया जिससे पंजाब की टीम ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 62 रन बनाए। लगातार विकेट गिरने से रन गति पर अंकुश लगा जिससे लियाम लिविंगस्टोन (19) दबाव में आ गए और उमेश की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग आफ बाउंड्री पर साउथी को कैच दे बैठे। सुनील नारायण (23 रन पर एक विकेट) ने अगले ओवर में भारत की अंडर-19 विश्व कप खिताबी जीत के हीरो राज बावा (11) को बोल्ड किया। शाहरूख खान भी खाता खोले बिना साउथी की गेंद को हवा में लहराकर नितीश राणा को कैच दे बैठे जिससे टीम का स्कोर छह विकेट पर 92 रन हो गया। पंजाब का रनों का शतक 14वें ओवर में पूरा हो गया। उमेश ने हरप्रीत बरार (14) को बोल्ड करके पंजाब की टीम की बड़े स्कोर तक पहुंचने की उम्मीदों को तोड़ा। उन्होंने 14 रन बनाए। उमेश ने अगली गेंद पर राहुल चाहर (00) को भी स्लिप में राणा के हाथों कैच करा दिया। रबादा ने साउथी की लगातार गेंदों पर दो चौके और छक्के जड़ने के बाद मावी पर भी लगातार दो चौकों के साथ रन गति में इजाफा किया। आंद्रे रसेल की गेंद पर साउथी ने उनका शानदार कैच लपका। अगली गेंद पर अर्शदीप सिंह के रन आउट होने से पंजाब की पारी का अंत हुआ।

### स्कोरबोर्ड

**पंजाब किंग्स:** मयंक पगबाधा बो उमेश 01, धवन क बिलिंग्स बो साउथी 16, राजपक्षे क साउथी बो मावी 31, लिविंगस्टोन क साउथी बो उमेश 19, बावा बो नारायण 11, खान क राणा बो साउथी 00, बरार बो उमेश 14, स्मिथ नाबाद नाबाद 09, चाहर क राणा बो उमेश 00, रबादा क साउथी बो रसेल 25, अर्शदीप सिंह रन आउट 00, **अतिरिक्त:** 11, **कुल:** 18.2 ओवर मे सभी विकेट खोकर: 137, विकेट पतन: 1-2, 2-43, 3-62, 4-78, 5-84, 6-92, 7-102, 8-102, 9-137,
**गेंदबाजी:** उमेश 4-1-23-4, साउथी 4-0-36-2, मावी 2-0-39-1, चक्रवर्ती 4-0-14-0, नारायण 4-0-23-1, रसेल 0.2-0-0-1

# लंबे टूर्नामेंट में टीम का माहौल उत्साहपूर्ण बनाए रखना महत्वपूर्ण



● इंडियंस धीमी शुरूआत करती है, लेकिन अभी जल्दबाजी होगी : जहीर

भाषा। नवी मुंबई

**मुंबई इंडियंस** के क्रिकेट निदेशक जहीर खान ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि पांच बार की चैम्पियन टीम धीमी शुरूआत करती है लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे लंबे टूर्नामेंट में टीम का माहौल उत्साहपूर्ण बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

बीते समय की तरह इस बार भी ऐसा ही रहा और मुंबई इंडियंस की सत्र की शुरूआत निराशाजनक रही, उसे 27 मार्च को अपने शुरूआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। जहीर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में होने वाले मैच से पहले कहा, हम किन खिलाड़ियों को ले सकते हैं, इन विकल्पों के बारे में काफी रचनात्मक बातें होती रही। पहला मैच हमेशा ही पेचीदा होता है और हम टूर्नामेंट के पहले मैच में कैसा करते रहे हैं, इससे आप वाकिफ ही हो। इसलिए आमतौर पर हम धीमी शुरूआत ही करते हैं। यह लंबा टूर्नामेंट है इसलिए आपको टीम के माहौल उत्साहपूर्ण बनाए रखना होगा। अभी तो यह जल्दबाजी होगी, मैं कहूंगा कि बहुत जल्दबाजी है इसलिए पूरा दल इसे ऐसे ही देख रहा होगा। टीम में हर खिलाड़ी का उत्साह और तैयारी बहुत ही शानदार है। हम पहली जीत की तलाश में हैं। जहीर ने यह भी पुष्टि की कि उनका शीर्ष बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव उंगली में चोट से उबरने के बाद राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के लिए टीम में चयन के लिए उपलब्ध होगा।

## मैं खुद को स्पिन-फास्ट गेंदबाज बोलता हूंः राशिद खान

**नई दिल्ली।** राशिद खान स्पिनर के शरीर में तेज गेंदबाज की मानसिकता के साथ उतरते हैं और गुगली तथा लेग ब्रेक को लगभग 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से फेंकने के दौरान कोई समझौता नहीं करते। अफगानिस्तान का यह स्पिनर टी20 क्रिकेट के सबसे लोकप्रिय खिलाड़ियों में शामिल है जिनकी वैश्विक लीग में काफी मांग है। वह 312 मैच में 436 विकेट चटका चुके हैं। राशिद ने गुजरात टाइटंस की ओर से इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले मैच में 27 रन देकर एक विकेट चटकाया और उन्हें उम्मीद है कि वह सनराइजर्स हैदराबाद की फॉर्म को हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली फ्रेंचाइजी की ओर से दोहराने में सफल रहेंगे। राशिद से जब यह पूछा गया कि वह दिल से एक आक्रामक तेज गेंदबाज हैं या कुछ नया इजाद करने का प्रयास करने वाले वैज्ञानिक तो उन्होंने कहा, मैं जिस गति से गेंदबाजी करता हूं उसके कारण मैं स्पिन फास्ट गेंदबाज हूं। इतनी गति पर गेंद को स्पिनर कराना बेहद मुश्किल होता है और मुझे लगता है कि इसके लिए अलग तरह के कौशल की जरूरत होती है। मैं 96 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार के साथ गेंदबाजी करता हूं। इतनी गति के साथ गेंद को टर्न कराना मुश्किल होता है लेकिन मैं गति को कम करके 70 से 75 किमी प्रति घंटा करने की जगह उतनी की गति के साथ गेंदबाजी करूंगा।

## राष्ट्रीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम उपविजेता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सब जूनियर वूशु टीम ने कन्याकुमारी तमिलनाडु में संपन्न 21वीं राष्ट्रीय सब जूनियर वुशू चैंपियनशिप में 14 पदक जीतकर उपविजेता ट्राफी को अपने नाम कर लिया। गत 25 से 31 मार्च तक आयोजित इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, चार रजत व आठ कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। इस चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने ओवरआल पहला और आसाम की टीम ने ओवरआल तीसरा स्थान हासिल किया।

## पंजाब किंग्स से जुड़ा हिंदवेयर इटैलियन कलेक्शन

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम पंजाब किंग्स ने आगामी सीजन के लिए लीडिंग बाथवेयर ब्रांड हिंदवेयर इटैलियन कलेक्शन के साथ एसोसिएट स्पोंसर के रूप में अनुबंध किया है। इस पार्टनरशिप के अंतर्गत, हिंदवेयर इटैलियन कलेक्शन का लोगो अब टीम के हेलमेट और कैप पर देखा जाएगा। इस पार्टनरशिप पर टिप्पणी करते हुए सुधांशु पोखरियाल चीफएक्सिक्यूटिव ऑफिसर बाथ एंड टाइल्सए ब्रिलोका ने कहा कि क्रिकेट भारत की सभी सीमाओं को पार कर सबको एक साथ लाता है। इस पार्टनरशिप को लेकर ब्रिलोका लिमिटेड की वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग चारु मल्होत्रा भाटिया ने कहा कि आईपीएल का आगामी सीज़न प्रशंसकों और ग्राहकों के साथ जुड़ने का एक शानदार अवसर प्रस्तुत करता है।

## अपस्टॉक्स ने आईपीएल में शुरू किया अभियान

**मुंबई।** अपस्टॉक्स जो भारत के सबसे बड़े निवेश प्लेटफार्मों में से एक है, ने अपना इंडियन प्रीमियर लीग 2022 अभियान ओन योर फ्युचरश् लॉन्च किया। इस अभियान का लक्ष्य युवा भारतीयों को इक्विटी बाजार में भाग लेने, समझदारी से निवेश करने, समय के साथ बढ़ने वाली परिसंपत्तियां लेने और उनके भविष्य पर उनका नियंत्रण बनाये रखने हेतु प्रोत्साहित करके देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। किसी भी कंपनी और उसके प्रबंधन का लक्ष्य शेयरधारक मूल्य में वृद्धि करना है। इस अभियान में मजेदार वीडियोज की श्रृंखला के जरिए बताया गया है कि कोई कैसे अपनी पसंदीदा कंपनी के स्टॉक खरीदकर उनमें शेयरधारक बनकर अपनी मनपसंद कंपनियों से अपने लिए काम करा सकता है।और इस प्रकार कंपनी व इसके प्रबंधन के माध्यम से अपने रिटर्न को बेहतर बना सकता है! श्रृंखला के पहले दो वीडियो टाटा आईपीएल 2022 के लॉन्च के साथ जारी किए गए।

## फिडे अध्यक्ष ड्वोर्कोविच के पुनः चयन की दावेदारी का समर्थन करेंगे आनंद

**नई दिल्ली।** पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह फिडे के मौजूदा अध्यक्ष आर्कडी ड्वोर्कोविच के दोबारा चयन की दावेदारी का सक्रिय रूप से समर्थन करेंगे। इससे संकेत मिलते है कि निकट भविष्य में खेल प्रशासन का हिस्सा बनने में आनंद की रुचि बढ़ रही है। चेन्नई में 28 जुलाई से 10 अगस्त तक चलने वाले शतरंज ओलंपियाड के इतर फिडे कांग्रेस का आयोजन किया जाएगा।

# सूर्यकुमार की वापसी से रॉयल्स के खिलाफ मुंबई की उम्मीदें बढ़ी

भाषा। नवी मुंबई

**मध्यक्रम के** धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की वापसी से मुंबई इंडियन्स शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वापसी करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगा। पांच बार की चैम्पियन मुंबई की टीम को अपने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 177 रन बनाने के बावजूद चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जबकि रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 61 रन से हराकर शानदार शुरुआत की थी। इस बार आईपीएल में टीम ने लक्ष्य का पीछा करने को प्राथमिकता दी है। अभी तक टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का चलन देखने को मिला है और इसके जारी रहने की संभावना है। मुंबई के पास कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन के रूप में दो सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाज हैं। ईशान ने दिल्ली के खिलाफ नाबाद 81 रन बनाकर अपनी मोटी कीमत को सही ठहराया था। ए दोनों फिर से टीम को मजबूत शुरुआत दे सकते हैं। सूर्यकुमार राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में चोट से उबरने के बाद टीम से जुड़े हैं। वह किसी भी नंबर पर मैच विजेता पारी खेलने की क्षमता रखते हैं और संभवत: वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। दिल्ली के खिलाफ मुंबई का मध्यक्रम नहीं चल पाया था, ऐसे में सूर्यकुमार के लिए अनमोलप्रीत सिंह, तिलक वर्मा और टिम डेविड में से किसी एक को बाहर बैठना होगा। लंबे छक्के जड़ने में माहिर अनुभवी ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड भी दिल्ली के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए थे। वह रॉयल्स के खिलाफ इसकी भरपाई करना चाहेंगे। मुंबई के बल्लेबाजों से अधिक उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है क्योंकि पिछले मैच में वे 177 रन का बचाव नहीं कर पाए थे। रॉयल्स की मजबूत बल्लेबाजी को देखते हुए उन्हें सही लेंथ पर गेंदबाजी करनी होगी। टीम को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर भरोसा होगा, लेकिन उन्हें बासिल थंपी और डेनियल सैम्स जैसे अन्य गेंदबाजों से भी सहयोग की जरूरत पड़ेगी। स्पिनर मुरुगन अश्विन की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। रॉयल्स ने सनराइजर्स के खिलाफ गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन क्षेत्ररक्षण उसके लिए चिंता का कारण बना हुआ है। उसे पिछले मैच की तरह कैच टपकाने से बचना होगा। कप्तान संजू सैमसन पर फिर से बड़ी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने पिछले मैच में 55 रन की जोरदार पारी खेली थी। रॉयल्स के सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर को अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा। देवदत्त पडिक्कल और शिमरोन हेटमायर सहित अन्य बल्लेबाजों ने भी अच्छी बल्लेबाजी की और वे उसे दोहराना चाहेंगे। प्रसिद्ध कृष्णा की अगुवाई में रॉयल्स के गेंदबाजों ने पिछले मैच शानदार प्रदर्शन किया। उसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट तथा स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के रूप में दमदार गेंदबाजी आक्रमण है।

# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गुजरात टाइटन्स की होगी कड़ी परीक्षा

भाषा। पुणे

**गुजरात टाइटन्स** ने पिछले मैच में दूसरी नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स को हराया था लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उसकी असली परीक्षा शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में होगी। गुजरात और दिल्ली ने 15वें आईपीएल में जीत के साथ शुरुआत की थी और महाराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में उनकी निगाह जीत के अपने अभियान को जारी रखने पर होगी। दिल्ली को लुंगी एनगिड़ी, मुस्ताफिजुर रहमान और सरफराज खान के आने से बल्लेबाजी और गेंदबाजी विभाग में मजबूती मिलेगी। इन तीनों ने तीन दिन का पृथकवास पूरा कर लिया है। दिल्ली का सामना अब उस गुजरात से है जिसने पहले मैच में केएल राहुल की अगुवाई वाले लखनऊ को पांच विकेट से हराकर अपनी क्षमता साबित की थी। इसलिए पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ चार विकेट की जीत के बावजूद दिल्ली जानता है कि वह गुजरात को हल्के से लेने की गलती नहीं कर सकता है। जहां तक गुजरात की बात है तो लखनऊ के खिलाफ जीत से भले ही उसका मनोबल बढ़ा होगा लेकिन उसका सामना अब उस टीम से होगा जो अधिक पेशेवर है। दिल्ली की बल्लेबाजी मजबूत है और गेंदबाजी इकाई भी संतुलित है। उसके पास किसी भी टीम को हराने के लिए सभी जरूरी साधन हैं। इसलिए वह टाइटन्स के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। इसके अलावा दिल्ली ने आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और मिशेल मार्श तथा दक्षिण अफ्रीका के एनगिडी और एनरिक नोर्किया के बिना मुंबई पर जीत दर्ज की थी। इससे टीम की मजबूती का पता चलता है। दिल्ली जहां अपनी टीम को अधिक मजबूत करना चाहेगा, वहीं गुजरात अपने विजई संयोजन को बनाए रखना चाहेगा। आस्ट्रेलिया के मैथ्यू वेड पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए थे, वह उसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे। वेड और शुभमन गिल पारी का आगाज करेंगे और दिल्ली के गेंदबाजों को उनके सामने सधी हुई गेंदबाजी करनी होगी।

## सुशीला चानू को जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में स्वर्ण पदक की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत ने सुशीला चानू की अगुवाई में 2013 में महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक जीता था और इस अनुभवी खिलाड़ी का मानना है कि इस बार सलीमा टेटे के नेतृत्व वाली टीम पहली बार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच सकती है। भारतीय टीम पूल डी में अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को वेल्स के खिलाफ करेगी। दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत का अगला मुकाबला रविवार को जर्मनी से होगा। भारत अपने पूल के अंतिम मैच में मलेशिया का सामना करेगा जबकि आठ अप्रैल से क्वार्टर फाइनल दौर शुरू होगा।

# छोटे ग्रुप भी आईपीएल मीडिया अधिकारों की बोली प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे : धूमल

भाषा। नई दिल्ली

**इंडियन प्रीमियर लीग** (आईपीएल) मीडिया अधिकारों के लिए बड़े ग्रुप के ही बोली लगाने की उम्मीद है लेकिन कोषाध्यक्ष अरूण धूमल ने शुक्रवार को कहा कि नॉन-एक्सक्लूसिव पैकेज के शुरू करने से छोटे ग्रुप को भी बोली प्रक्रिया में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने 2023-2027 के मीडिया अधिकारों के लिए करीब 33,000 करोड़ रूपए का संयुक्त बेस प्राइस निर्धारित किया है जो मौजूदा अधिकारों के लिए स्टार इंडिया द्वारा दी जा रही राशि से दोगुना है। पैकेज ए (भारतीय उपमहाद्वीप टीवी अधिकार) का बेस प्राइस प्रत्एक मैच के लिए 49 करोड़ रूपए है और पैकेज बी (भारतीय उपमहाद्वीप डिजिटल अधिकार) का बेस प्राइस प्रत्एक मैच के लिए 33 करोड़ रूपए है। पैकेज सी (नॉन-एक्सलूसिव डिजिटल अधिकार) का बेस प्राइस प्रत्एक मैच 16 करोड़ रूपए है। पैकेज सी में केवल 18 मैच होंगे जिसमें प्लेऑफ और फाइनल शामिल हैं। पैकेज डी (शेष दुनिया के लिए टीवी और डिजिटिल अधिकार) के लिए बेस प्राइस प्रत्एक मैच तीन करोड़ रूपए निर्धारित किया गया है। धूमल से जब उनकी उम्मीदों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम कीमत के बारे में कोई अटकलें नहीं लगाते और न ही कोई लक्ष्य निर्धारित करते हैं। कीमत तो बाजार तय करता है। हमारा काम और उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी निविदा निमंत्रण हो। बोली दस्तावेज - निविदा का आमंत्रण (आईटीटी) - खरीदने की कीमत 25 लाख रूपए है।

# ओसाका मियामी ओपन के फाइनल में



● मेदवेदेव हारकर नंबर एक बनने से चूके

भाषा। मियामी गार्डन्स

**नाओमी ओसाका** तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मैच में जीत दर्ज करके मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में पहुंच गई लेकिन पुरुष एकल में दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में हारने के कारण फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल करने से चूक गए। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और यहां गैरवरीयता प्राप्त ओसाका ने सेमीफाइनल में 22वीं वरीय बेलिंडा बेनसिच को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। वह आस्ट्रेलियाई ओपन 2021 के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हैं। ओसाका फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक से भिड़ेंगी जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में 16वीं वरीय जेसिका पेगुला को 6-2, 7-5 से पराजित किया। स्वियातेक अगले सप्ताह जारी होने वाली रैंकिंग में संन्यास ले चुकी ऐश बार्टी की जगह शीर्ष पर काबिज हो जाएगी। इस बीच मेदवेदेव दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी के तौर पर टूर्नामेंट में उतरे थे और ह्यूबर्ट हरकाज ने सुनिश्चित किया कि वह इसी नंबर पर बने रहेंगे। हरकाज ने पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में मेदवेदेव को 7-6 (7), 6-3 से हराया। मेदवेदेव इस बीच मांसपेशियों में ऐंठन से परेशान रहे। मेदवेदेव अगर इस मैच में जीत दर्ज कर लेते तो फिर नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़कर विश्व रैंकिंग में फिर से नंबर एक पर पहुंच जाते। यह रूसी खिलाड़ी हालांकि अब नंबर दो पर ही बना र ह े ग ा । पोलैंड के हरकाज सेमीफाइनल में स्पेन के 14वें वरीय कार्लोस अल्काराज से भिड़ेंगे। अल्काराज ने गुरुवार रात को पुरुष क्वार्टर फ़ाइनल के आखिरी मैच में सर्बिया के गैरवरीय मिओमिर केकमानोविच को 6-7 (5) 6-3 7-6 (5) से हराया।

## थॉमस एंड उबेर कप का ड्रा निकाला गया

**बैंकाक।** बैडमिंटन के थॉमस और उबेर कप के ड्रा शुक्रवार को थाईलैंड के मेजबान शहर बैंकाक में निकाले गए। मौजूदा थॉमस कप पुरूष चैम्पियन इंडोनेशिया को ग्रुप ए में दक्षिण कोरिया, मेजबान थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया। ग्रुप बी में डेनमार्क शीर्ष पर है जिसमें चीन, फ्रांस और अल्जीरिया शामिल हैं।

## फीफा विश्व कप 2022 की आधिकारिक मैच गेंद जारी की गई

**नई दिल्ली।** कतर में होने वाले फीफा विश्व कप 2022 में इस्तेमाल होने वाली आधिकारिक मैच गेंद शुक्रवार को जारी की गई जिसका नाम अल रिहला रखा गया है। अल रिहला का मतलब अरबी भाषा में यात्रा होता है जिसे कतर के ध्वज, वास्तुकला और नौकाओं से प्रेरित होकर बनाया गया है। यह पहली विश्व कप गेंद है जिसे बनाने में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा गया है जिसमें केवल वाटर बेस्ड स्याही और ग्लू का इस्तेमाल किया गया है।

## एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश करेगा भारत

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरूष हाकी टीम एफआईएच प्रो लीग में आठ मैचों के बाद अच्छी स्थिति में है और इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू हो रहे दो मैचों में जीत दर्ज करके वह तालिका में शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश करेगी। इस मुकाबले का दूसरा मैच रविवार को खेला जाएगा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने अब तक इस सत्र में आठ मैच खेले हैं और वह 16 अंकों के साथ जर्मनी (17 अंक) के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर है।

## आजम और इमाम के शतक से पाक ने आस्ट्रेलिया को हराया

**लाहौर।** कप्तान बाबर आजम और इमाम उल हक के शतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से पाकिस्तान ने आस्ट्रेलिया को गुरुवार को यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में छह विकेट से हराकर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया के 349 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने आजम (114) और इमाम (106) की पारियों से 49 ओवर में चार विकेट पर 352 रन बनाकर जीत दर्ज की। इमाम ने आजम के साथ दूसरे विकेट के लिए 111 रन की साझेदारी के अलावा फखर जमां (67) के साथ भी पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की।

## गार्डनर ने सोफी को लेकर कहा, वह निश्चित तौर पर ऐसी गेंदबाज है जिसे हम खतरे के रूप में देखते हैं

**क्राइस्टचर्च।** आस्ट्रेलिया की आलराउंडर एशलेग गार्डनर ने कहा है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप फाइनल में बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकलेस्टोन के खतरे से अच्छी तरह वाकिफ हैं। हेगले ओवर में इन दो शीर्ष टीम के बीच खिताबी मुकाबला होगा और सोफी अब तक टूर्नामेंट में 12.5 की औसत से 20 विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज हैं। इस दौरान उनका इकोनोमी रेट भी चार रन प्रति ओवर से कम रहा। गार्डनर ने एसईएन 1170 ब्रेकफास्ट शो पर शुक्रवार को कहा, वह किसी कारण से ही नंबर एक गेंदबाज हैं।

## हम निश्चित रूप से आस्ट्रेलिया को हरा सकते हैं : एक्लेस्टोन

**क्राइस्टचर्च।** इंग्लैंड की बाईं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन का कहना है कि उनकी टीम अगर अपना सर्वश्रेष्ठ करे तो वह किसी भी दिन मजबूत आस्ट्रेलिया को हरा सकती है जिससे रविवार को हेगले ओवल में उन्हें महिला विश्व कप फाइनल खेलना है। टूर्नामेंट की सर्वाधिक विकेट चटकाने वाली इस गेंदबाज ने साथ ही कहा कि उनकी टीम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेलने के बावजूद फाइनल तक पहुंचने में सफल रही। उन्होंने कहा, आस्ट्रेलिया को फाइनल में हराना, एशेज में हमारा जैसा प्रदर्शन रहा है, उसके बाद अगर हम ऐसा करते हैं तो मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह टीम किसी भी दिन निश्चित रूप से आस्ट्रेलिया को हरा सकती है, हमारे पास एक ब ढ़िया मौका है।

## विश्व कप फाइनल में मैच रैफरी होंगी जीएस लक्ष्मी

**क्राइस्टचर्च।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रैफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल में जगह बनाने वाली पहली महिला भारत की जीएस लक्ष्मी रविवार को यहां आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले महिला विश्व कप फाइनल में मैच रैफरी होंगी। पुरुष एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में मैच रैफरी की भूमिका निभाने वाली लक्ष्मी पहली महिला मैच रैफरी हैं। उन्होंने दिसंबर 2020 में यूएई में विश्व कप लीग दो के दौरान यह भूमिका निभाई थी। हेगले ओवल में होने वाले महिला विश्व कप फाइनल के दौरान क्रिकेट इतिहास में पहली बार चार महिला मैच अधिकारी भूमिका निभाएंगी।